ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 01 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 16 सितम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 224 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

हुमा कुरेशी बनीं राइटर, लिखी नोवेल ... पेज 12 पर

19 सितम्बर को सूरज की ओर रवाना होगा आदित्य-एल1

एजेंसी। चेन्नई

देश की अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 को 19 सितंबर को सूर्य की ओर रवाना किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, शुक्रवार तड़के 2.15 बजे आदित्य एल-1 की कक्षा का चौथा सफल उन्नयन किया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा, मॉरीशस, बेंगलुरु, श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र और पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया, जबकि वर्तमान में आदित्य-एल 1 के लिए फिजी द्वीप समूह में एक परिवहनीय टर्मिनल पोस्ट-बर्न ऑपरेशन का समर्थन करेगा। इसरो के अनुसार, आदित्य एल-1 अब 256 किमी गुना 1,21,973 किमी की अपनी नई कक्षा में है। इसरो ने कहा कि अगले मैनोवर में 19 सितंबर को लगभग दो बजे तड़के पृथ्वी की कक्षा से विदा होकर वेधशाला लैंगरेंजियन प्वाइंट-1 (एल-1) की ओर बढ़ेगी। आदित्य-एल1 भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला है जिसे 2 सितंबर को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-एक्सएल (पीएसएलवी-एक्सएल) रॉकेट द्वारा पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया गया था। तब से इसरो द्वारा अंतरिक्ष यान की कक्षा को चार बार बढ़ाया गया है। एल-1 की ओर यात्रा के दौरान पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के बाद क्रूज चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल-1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में इंजेक्ट किया जाएगा - वह बिंदु जहां दो बड़े पिंडों - सूर्य और पृथ्वी - का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव बराबर होगा और इसलिए अंतरिक्ष यान अपनी कक्षा में बना रहेगा। लॉन्च से एल-1 तक की कुल यात्रा में अंतरिक्ष यान को लगभग चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 15 लाख किलोमीटर होगी।



साहिबगंज : स्कॉर्पियो पर बदमाशों ने बम से किया हमला, पांच घायल

नवीन मेल संवाददाता। साहिबगंज

साहिबगंज राजमहल मुख्य पथ पर तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकलैया में शुक्रवार को बाइक सवार अपराधियों ने स्कॉर्पियो पर दिनदहाड़े बम से हमला कर दिया। घटना में डेढ़गामा निवासी सुबेश मंडल सहित पांच लोग घायल हो गए। ड्राइवर घायल अवस्था में ही स्कॉर्पियो चलाते हुए राजमहल थाने पहुंचा। पुलिस ने सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने सुबेश मंडल, ड्राइवर

सुभाष पासवान और घीसू मंडल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके अलावा दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं। घायल सुबेश मंडल ने पुलिस को बताया कि वह साहिबगंज से स्कॉर्पियो से घर के लिए निकला था। रास्ते में मसकलैया के समीप तीन बाइक पर सवार चार-पांच की संख्या में युवकों ने उनकी गाड़ी पर अंधाधुंध बमबाजी शुरू कर दी। घटना के बाद जब ड्राइवर गाड़ी लेकर भागने का प्रयास किया, तो अपराधियों ने कुछ दूर तक पीछा भी किया। एसपी नौशाद आलम ने बताया कि पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही हैं। जांच के दौरान पत्थर कारोबार से जुड़े अशोक यादव का नाम सामने आया हैं। पुलिस की टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

NEWS इन ब्रीफ

जमीन घोटाला : भरत प्रसाद की बेल याचिका पर सुनवाई 18 को

रांची। जमीन घोटाले के आरोपित भरत प्रसाद की जमानत याचिका पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालत में भरत प्रसाद के अधिवक्ता ने बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया। इसके बाद अदालत ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए 18 सितम्बर की तिथि निर्धारित की है। ईडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र और भरत प्रसाद के अधिवक्ता पीडी सिंह ने कोर्ट में बहस की।

अवैध खनन मामला : ईडी के गवाह से बचाव पक्ष का क्रॉस एग्जामिनेशन

रांची। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को अवैध खनन मामले की सुनवाई हुई। ईडी के गवाह का बयान आज खत्म हो गया। ईडी के गवाह विजय हांसदा ने कोर्ट में कहा कि उसने सादे कागज पर हस्ताक्षर किया है। क्योंकि, मुंगेरी यादव और अशोक यादव ने उसे धमकी दी थी और दबाव बनाया था। विजय हांसदा ने आज बचाव पक्ष के द्वारा क्रॉस एग्जामिनेशन के दौरान यह बयान दिया है।

पलामू : लूटपाट के दौरान चालक को मारी गोली

मेदिनीनगर। पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र अन्तर्गत कारी माटी गांव के समीप लूटपाट के दौरान अपराधियों ने एक वाहन चालक को गोली मार दी। अपराधियों की गोली से जख्मी वाहन चालक मुर्तजा अंसारी रांची के पंडरा का रहने वाला है। उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार डालटनगंज-बालूमाथ रोड पर पलामू के पांकी और लातेहार के हेरहंज थाना क्षेत्र के बीच कारीमाटी घाटी में शुक्रवार की अहले सुबह अपराधी लूटपाट कर रहे थे। इस बीच मुर्तजा अंसारी नामक चालक 407 वाहन लेकर मौके से गुजर रहा था। अपराधियों में 407 वाहन को रोकने का प्रयास किया और फायरिंग की। इस घटना में मुर्तजा अंसारी के पैर में गोली लगी है। उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की बेल पर फैसला 18 को

रांची। निलंबित इंजीनियर वीरेंन्द्र राम के सहयोगी नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया की जमानत पर ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान दोनों आरोपितों के जमानत पर ईडी और बचाव पक्ष की बहस पूरी हो गई है। अदालत ने दोनों आरोपितों की याचिका पर 18 सितम्बर को फैसला की तिथि निर्धारित की है। नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया पर जेल में बंद निलंबित अभियंता प्रमुख बीरेन्द्र राम के पैसों के निवेश में सहायता करने का आरोप है। इन्हें ईडी ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ ईडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है।

जमीन घोटाला मामला

सीएम की याचिका पर सुनवाई 18 को

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अब 18 सितंबर को सुनवाई होगी। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी के कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी, लेकिन हेमंत सोरेन की ओर से बहस करने वाले वरीय अधिवक्ता मुकुल रोहतगी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्होंने मामले की सुनवाई एक सप्ताह के लिए टालने का आग्रह किया। कोर्ट ने यह आग्रह स्वीकार कर लिया। बता दें कि सोरेन ने ईडी की ओर से उन्हें पूछताछ के लिए भेजे गए समन को चुनौती दी है। उन्होंने अपनी याचिका में पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) 2002 की धारा 50 और 63 की वैधता पर सवाल उठाया है। जांच एजेंसी को धारा 50 के अंतर्गत बयान दर्ज कराने या पूछताछ के दौरान ही किसी को गिरफ्तार कर लेने का अधिकार है। इसलिए समन जारी करने के बाद गिरफ्तारी का डर बना रहता है।

सीएम हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि समन को स्थगित किया जाए और पीड़क कार्रवाई नहीं करने का आदेश ईडी को दिया जाए।

जानिए क्या है मामला

बता दें कि रांची में चेशायर होम के पास की जमीन, बरियातू और सिरम टोली स्थित सेना जमीन घोटाला मामले में ईडी लगातार कार्रवाई कर रही है। ईडी ने मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का हवाला दिया है। व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन समेत कई लोग फिलहाल इस मामले में जेल में हैं। 14 अगस्त को पूछताछ के लिए सीएम हेमंत सोरेन को पहली बार ईडी ने समन जारी किया था। सीएम ने इस पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने पत्र भेजकर ईडी को कहा था कि बार-बार समन करना सही नहीं है। पहले ही उन्होंने अपनी संपत्ति की जानकारी दे दी है। पत्र में उन्होंने समन को लेकर कानून का सहारा लेने की बात कही थी. ईडी ने दोबारा 24 अगस्त को समन जारी किया। जिसके खिलाफ सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर की। बाद में ईडी ने तीसरे समन में 9 सितंबर को सीएम को पेश होने को कहा। जिस पर सीएम ने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, नतीजा आने के बाद ही वो पूछताछ के लिए आने पर विचार करेंगे।

5 राज्य एक साथ मिलकर करेंगे नक्सलवाद पर वार, अगली बैठक कोलकाता में होगी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

शुक्रवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में राज्य के डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक हुई। बैठक में बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों के साथ साथ केंद्रीय एजेंसियों के अफसरों ने भी भाग लिया। बैठक में एक साथ मिलकर और आपसी समन्वय बनाकर नक्सल, ड्रग्स ,साइबर, मानव तस्करी और संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करने की रणनीति पर मुहर लगाई गई है। ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की अगली बैठक कोलकाता में होगी।

कैम्प के निर्माण और जॉइंट ऑपरेशन के प्लान तय : झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि पांचों राज्यों में नक्सलियों का मूवमेंट कुछ विशेष जगहों पर ही बच गया है। ऐसे में अब उनके खात्मे के लिए बिहार, उड़ीसा, छतीसगढ़ पुलिस के साथ जॉइंट ऑपरेशन चलाने की प्लानिंग की गई है, साथ ही बॉर्डर के इलाकों में पुलिस कैम्प स्थापित करने के लिए एक दूसरे के सहयोग को लेकर भी सहमति बनी है।

नक्सल को लेकर महत्वपूर्ण रही बैठक

ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक में नक्सल और ड्रग्स कारोबार पर नकेल कसने को लेकर रणनीति बनाई गई है। पिछले दो सालों के दौरान झारखंड पुलिस ने नक्सली फ्रंट पर बेहतरीन काम किया है। झारखंड में बिहार, छत्तीसगढ़, बंगाल और उड़ीसा के दुर्दांत नक्सली नेता अभी भी सक्रिय हैं। झारखंड का बूढ़ा पहाड़ छत्तीसगढ़ से सटा हुआ है जबकि वर्तमान समय में पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बने सारंडा के बॉर्डर उड़ीसा से सटे हुए हैं। नक्सल मुद्दे पर पांचों राज्यों के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर अभियान चलाने पर भी सहमति बनी है। ड्रग्स और दूसरे मादक पदार्थ के तस्करी को रोकने के लिए भी पांचों राज्यों के बीच खुफिया सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर रणनीति बनाई गई है इसके लिए बाकायदा नोडल ऑफिसर भी तय किए गए हैं। डीजीपी ने बताया कि बैठक में नक्सलियों से मुकाबले के लिए राज्यों के बीच खुफिया सूचना का आदान प्रदान करना, मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने, कुख्यात नक्सलियों और अपराधियों के मूवमेंट की जानकारी साझा करना जैसे विषयों पर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया।

बैठक में तय किया गया एजेंडा

झारखंड पुलिस के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर एम एल मीना ने बताया कि मीटिंग के एजेंडे में सबसे प्रमुख खुफिया सूचनाओं का आदान प्रदान करना था। बैठक के दौरान सबसे पहले खुफिया सूचनाओं का ही आदान प्रदान किया गया। साथ ही इसके निमित आगे भी कार्य करने की योजना बनी है। इसके अलावा आतंकी गतिविधि में शामिल वांछित, साइबर, संगठित आपराधिक गिरोहों के साथ-साथ ड्रग्स और पशु तस्करों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भी रणनीति बनी है। एडीजी एम एल मीना ने बताया कि राज्य पुलिस की सीमाएं तय होती हैं लेकिन अपराधियों और नक्सलियों की कोई सीमा नहीं होती है ऐसे में ईस्टर्न रीजनल पुलिस कॉर्डिनेशन कमेटी की यह बैठक बेहद अहम है ताकि पांचों राज्यों की पुलिस एक दूसरे की मदद कर सके।

1984 सिख दंगा प्रभावितों के मुआवजे का मामला

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

नवीन मेल संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के चार जिलों में वर्ष 1984 के सिख दंगा प्रभावितों को मुआवजे के भुगतान पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने इस मामले में सरकार से अप-टू-डेट स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। इस मामले में अदालत ने अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को मुकर्रर की है। शुक्रवार को सतनाम सिंह गंभीर नामक शख्स की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने सरकार से जानना चाहा कि दंगा पीड़ितों के मुआवजा भुगतान से संबंधित मामलों की जांच के लिए बनाए गए वन मैन कमीशन की रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई हुई? इस पर राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बताया कि तीन जिलों रांची, पलामू और रामगढ़ में पीड़ितों को मुआवजा भुगतान की शुरूआत कर दी गई है, वहीं बोकारो में मुआवजा वितरण के लिए अतिरिक्त फंड की आवश्यकता है। फंड मिलते ही बोकारो में भी मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। इसके पहले सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

मनरेगा मजदूरों का दो माह से भुगतान लंबित, पलायन को हो गए हैं विवश

11058 मजदूरों का एक करोड़ 47 लाख 83 हजार 53 रुपये मजदूरी है बकाया

मजदूरों के बीच हो गई है आर्थिक संकट मजदूरी भुगतान के लिए लगा रहे गुहार

बिट्टू सिंह। केतार

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना में काम कर रहे केतार प्रखंड के मनरेगा मजदूरों को समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं हो रहा है। पिछले दो माह से मजदूरी भुगतान को लेकर मजदूर पंचायत सचिवालय से प्रखंड कार्यालय का चक्कर

काट रहे हैं। मजदूरी बकाया होने के कारण मजदूरों के बीच आर्थिक संकट उत्पन्न हो गई है। मजदूरों की स्थिति अब यह हो गई है कि वह अब परिवार का भरण पोषण करने के लिए दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं। इसकी जानकारी होने के वावजूद जवाबदेह अधिकारी मौन हैं। जानकारी के अनुसार राज्य के सभी मजदूरों का लेबर कार्ड में आधार लिंक नहीं है जिस कारण केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को राशि देना बंद कर दिया है। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

क्या कहते हैं बीपीओ मनोज कुमार

प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार ने इस बाबत बताया कि प्रखंड से मजदूरों की मजदूरी भुगतान के लिए एफटीओ स्टेट को भेजा गया है, यहां से कोई समस्या नहीं है, मजदूरी भुगतान स्टेट से ही मजदूरों के खाते में होता है।

सरकारी कार्य में बाधा डालने पर तीन को दो साल की सजा

दुमका। न्यायिक दंडाधिकारी परिधि शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को वर्ष 2015 में पंचायत चुनाव के दौरान सरकारी बाधा पहुंचाने के आरोप में सरैयाहाट के मुख्तार शेख, जियाददीन शेख व सलालुददीन शेख को दोषी करार देते हुए दो साल और दस हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर तीनों को तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। एपीपी खुशबूददीन अली ने पांच गवाह पेश किए। पांच दिसंबर, 2015 को सरैयाहाट थाना में सहायक अवर निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने मामला दर्ज कराया था। आरोप लगाते हुए कहा कि पंचायत चुनाव के दिन गश्ती पर थे। बूथ नंबर 173 पर सभी आरोपित कुछ लोगों के साथ आए और मतदाताओं को कतार में रहने के लिए कहा।

80 फीसदी भारतीय पेशेवरों को लगता है, एआई काम को बना सकता है आसान

नौकरियों में आएंगे 'महत्वपूर्ण' बदलाव

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में लगभग हर पांच में से चार पेशेवरों का मानना है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उनके काम करने के तरीके में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा, जबकि 10 में से 8 पेशेवरों का मानना है कि एआई के परिणामस्वरूप अगले साल उनकी नौकरियों में 'महत्वपूर्ण' बदलाव आएगा। पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म लिंक्डइन की गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, एआई ने पेशेवरों के बीच कुछ अनिश्चितता पैदा कर दी है। जहां 60 प्रतिशत पेशेवर अभिभूत महसूस कर रहे हैं, वहीं 39 प्रतिशत चिंतित हैं कि वे कार्यस्थल में एआई के विकास के साथ तालमेल नहीं बिठा पाएंगे। अधिकांश भारतीय पेशेवर इस बदलाव को अपनाने को तैयार हैं। 10 में से सात पेशेवरों ने कहा कि वे एआई के बारे में और अधिक सीखना चाहते हैं, भले ही वे नहीं जानते कि कहां से शुरू करें। वास्तव



में, 68 प्रतिशत कार्यबल स्वीकार करता है कि वह पहले से ही अपनी नौकरी में जेनरेटिव एआई का उपयोग कर रहा है, जिनमें से 50 प्रतिशत चैटजीपीटी जैसे एआई उपकरण आजमा रहे हैं। रिपोर्ट में पाया गया कि चैटजीपीटी के उपयोग में मिलेनियल्स (54 प्रतिशत) सबसे आगे हैं, इसके बाद जेनजेड (46 प्रतिशत) पेशेवर हैं। लिंक्डइन की इंडिया एडिटोरियल लीड और करियर एक्सपर्ट निर्जिता बनर्जी ने कहा, हालांकि गति प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है, लेकिन लोगों को उन सकारात्मकताओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए देखना उत्साहजनक है जो एआई उनके कामकाजी जीवन में ला सकता है।

उन्होंने कहा, भारत में 10 में से नौ (90 प्रतिशत) पेशेवरों का मानना है कि एआई अगले पांच वर्षों में टीम का एक अदृश्य साथी होगा और अपने खाली समय के साथ, कई लोग नए कौशल सीखकर, अधिक रचनात्मक और रणनीतिक काम करने पर ध्यान केंद्रित करके खुद में निवेश करना चाह रहे हैं, और अपने पेशेवर नेटवर्क को बढ़ाना चाहते हैं, जो मजबूत करियर बूस्टर हैं। जब यह बात आती है कि एआई उनके करियर को आगे बढ़ाने में कैसे मदद करेगा, तो लगभग 57 प्रतिशत पेशेवरों ने कहा कि यह उन्हें ज्ञान तक तेजी से पहुंच प्रदान करके काम पर अधिक आत्मविश्वास देगा, जबकि 43 प्रतिशत ने कहा कि वे उस काम पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं जो अधिक मूल्यवर्द्धन करता है जिससेउन्हें जल्दी पदोन्नति मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पेशेवर सोचते हैं कि एआई उपकरण के काम में अधिक व्यापक उपयोग शुरू होने के बाद समस्या-समाधान (77 प्रतिशत), संचार (76 प्रतिशत), और रचनात्मकता (76 प्रतिशत) जैसे कौशल अधिक महत्वपूर्ण हो जाएंगे। देश के आधे से अधिक कार्यबल का मानना है कि एआई उनके काम को आसान बना सकता है और इसलिए नौकरी की संतुष्टि (55 प्रतिशत) बढ़ा सकता है और उन्हें अधिक कार्य-जीवन संतुलन (74 प्रतिशत) हासिल करने में मदद कर सकता है।

चतरा के इटखोरी में पति ने पत्नी को जिंदा जलाया

पोता-पोती को बचाने में दादी की भी गई जान

नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी

जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पितीज में दिलदहलाने वाली एक घटना सामने आई है। पितीज (सुरहीबागी) गांव निवासी स्व. आदित्य दांगी के पुत्र कुलदीप दांगी ने अपनी पत्नी सबिता देवी पर केरोसिन तेल छिड़ककर जिंदा जलाकर फरार हो गया है। घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। घटना में मृतिका की सास भी पोता-पोती को बचाने में गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसकी इलाज के क्रम में रांची रिम्स में मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही इटखोरी थाना प्रभारी विनोद कुमार व एसआई गौतम दास दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल से केरोसिन तेल का गेलन बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार रात को पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर केरोसिन तेल छिड़क कर जिंदा जला दिया। इस घटना में मृतका की सास डिलिया देवी बहू व दो बच्चों को बचाने के क्रम में झुलस कर गंभीर रूप से जख्मी हो गयी थी। सबिता देवी हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत सूजी गांव निवासी परमेश्वर दांगी की पुत्री है। उसकी शादी 9 मई ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

सिविल सेवा की तैयारी के मार्गदर्शन के लिए संस्थान का हुआ उद्घाटन

रांची। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीद्र नाथ महतो शुक्रवार को पूर्वाहन 11:00 अमरावती कंपलेक्स लालपुर चौक में आईएएस सिविल सेवा के तैयारी के लिए मार्गदर्शन देने वाली संस्थान का उद्घाटन किया। अध्यक्ष ने संस्थान के डायरेक्टर एहतेशामुल हक को रांची में नए संस्थान खोले जाने के लिए शुभकामनाएं दीं। श्री हक ने अध्यक्ष से झारखंड से जुड़कर यहां के सिविल सेवा परीक्षा की तैयारियों में जुड़े छात्र-छात्राओं को दिल्ली के विभिन्न संस्थाओं से जुड़े शिक्षकों के माध्यम से सेवा प्रदान कराने तथा परीक्षा से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पड़ाव के संबंध में जानकारियां साझा की। श्री हक सेंट्रल यूनिवर्सिटी में गेस्ट फैकल्टी तथा दिल्ली में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी से जुड़े विभिन्न कोचिंग संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि झारखंड के सिविल सेवा की तैयारी से जुड़े छात्र एवं छात्राओं के लिए यह संस्थान एक अच्छा अवसर उपलब्ध कराएगी।

इस्पात उद्योग में जैव ईंधन के प्रभावी उपयोग पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

अवसर मिलते नहीं, उन्हें बनाना पड़ता है : एनएन सिन्हा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

वैश्विक जैव ईंधन अलायन्स (जीबीए) - इस जी20 की द्वितीय घोषणा ने जैव ईंधन के वैज्ञानिकों एवं अनुसन्धान कर्ताओं को उत्साह से लबरेज कर दिया है, इस सेमिनार में सभी हितधारकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस्पात और कृषि के शोधकर्ताओं, जैव ईंधन उत्पादकों, प्रौद्योगिकीविदों, शिक्षाविदों ने एक ही छत के नीचे तकनीकी विचार-विमर्श शुरू किया जो आने वाले दिनों में एक विपुल पर्यावरणीय यात्रा का आधार बन सकता है।

सेमिनार के आयोजन इस्पात मंत्रालय ने किया था। इसका उद्घाटन भारत सरकार के सचिव (इस्पात)एनएन सिन्हा ने किया। उद्घाटन सत्र में सिन्हा के साथ मंच साझा करते हुए सेल के ए. भौमिक, निदेशक प्रभारी (बीएसएल और आरएसपी), बी.पी. सिंह निदेशक प्रभारी (डीएसपी एवं आईएसपी), ए.के. सिंह, निदेशक (टीपीआरएम), एन. बनर्जी, ईडी प्रभारी (आरडीसीआईएस और आईसीएआर-आईआईएबी के निदेशक डॉ. एस. रक्षित ने व्यक्तव्य दिए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान से हुई। उद्घाटन सत्र में अपने मुख्य भाषण में सिन्हा ने शुरूआत में इंजीनियरिंग बिरादरी को बधाई दी और प्रतिभागियों को यह कहकर प्रेरित किया कि इस पर्यावरणीय चुनौती को शुरू करने के लिए देश के सर्वोत्तम इंजीनियर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस की पूर्व संध्या से अधिक शुभ कोई अन्य दिन नहीं हो सकता था। उन्होंने बीआईओएस-2023 के आयोजकों की सराहना की क्योंकि यह कार्बन फुटप्रिंट की कठिन चुनौती से निपटने का अवसर पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सही प्रौद्योगिकियों को अपनाया जाए तो वे हमें अपनी जड़ों की ओर वापस ले जाएंगी और झारखंड राज्य में हमारी जड़ें कई सहस्त्राब्दियों तक लौह निर्माण की अग्रदूत रही हैं, जैसे टांगीनाथ आदि में असुर और अन्य समुदाय बहुत पहले से ही ऐसी कठिन धातुकर्म प्रक्रियाओं में अग्रणी थे। उन्होंने टिप्पणी की कि ग्लासग्लो, स्कॉटलैंड में सीओपी-26 ने 2070 तक शुद्ध कार्बन तटस्थता में भारत की प्रतिबद्धता हमें और जिम्मेवार बनाती है। उन्होंने भारत में बायोमास उत्पादन की पर्याप्तता के बारे में बतलाया कि 770 मीट्रिक टन कृषि-बायोमास के कुल उत्पादन में से केवल 220 मीट्रिक टन जैव ईंधन के रूप में उद्योग में उपयोग के लिए उपलब्ध था। ब्लास्ट फर्नेस में पूरे 20% उपयोग के लिए, हमें आज 10एमटी जैव ईंधन की आवश्यकता है, जिसके लिए 0.1 मिलियन हेक्टेयर जमीन बांस की खेती की आवश्यकता है, जो कोई बड़ी मांग नहीं है। हालाँकि, परिवहन और संग्रहण के संदर्भ में कई चुनौतियां हैं। परिवहन के दौरान जैव ईंधन की अग्नि सुरक्षा तथा ब्लास्ट भट्टियों पर इसके प्रभाव पर भी ध्यान देने की जरुरत है।

महिलाएं योजनाओं से जुड़कर स्वावलंबी बनें : विधायक

बेड़ो। महिलाओं को जेएसएलपीएस व योजनाओं से जुड़कर स्वावलंबी बनाना चाहिए। उक्त बातें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहीं।वे बेड़ो प्रखंड अंतर्गत मुरतो पंचायत के पंचायत भवन में शुक्रवार को आयोजित जेएसएलपीएस एफपीसी की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। विधायक ने कहा कि जेएसएलपीएस से जुड़कर महिलाएं स्वावलंबी, सशक्त व दक्ष बन रही हैं। उन्होंने कहा कि आज बहुत सारी महिला समूह आजीविका से जुड़कर प्रति माह हजारों व लाखों रुपये तक कमा लेती हैं। विधायक ने अपने ही विधानसभा क्षेत्र की ही कुछ महिला समूह के बारे में भी एक दो उदाहरण देते हुए समझाया। उन्होंने महिलाओं को अपने गांव में एक नया महिला समूह बनाकर जेएसएलपीएस से जुड़ने और सरकार की योजनाओं के अलावा अन्य चीजों को लेकर लाभ उठाने की अपील किया। विधायक ने जेएसएलपीएस में उत्कृष्ट कार्य करनेवाली महिलाओं को सम्मानित किया।वहीं मौके पर जिला परिषद पश्चिमी बेरोनिका उरांव,करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह,सिल्वेस्टर कच्छप समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी के साथ की गई बैठक

मांडर। मांडर थाना परिसर में सर्किल इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी ने प्रखंड क्षेत्र के सभी बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक की इस दौरान बैंकों के अंदर सायरन स्विच सहित सिक्योरिटी को लेकर की गई। चर्चा इस दौरान सर्किल इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर ने बैंक अधिकारियों से कहा कि बैंक में रोजाना होने वाले लेनदेन को सुरक्षित कैसे बनाया जाए, इसको लेकर आज बैठक की गई। इस बैठक के बाद सभी बैंकों के अधिकारियों को बैंक के अंदर जगह जगह पर अलार्म स्विच और ज्यादा नगद निकासी को लेकर सतर्कता बढ़ाने को कहा गया है साथ ही बैंकों के द्वारा संचालित सीएसपी केंद्रों को भी कई दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि ज्यादा कैश के लेन-देन करने वाले लोगों को सुरक्षित उनके स्थान पर तक पुलिस कैसे भेजें इसके भी उपाय किए जा रहे हैं। बैंक के अधिकारियों से कहा गया कि सभी बैंकों के उच्च अधिकारियों से बात कर एक प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड भी बैंक को मुहैया कराई जाए साथ ही क्षेत्र में लगे एटीएम पर भी आवश्यक सुरक्षा के उपाय किए जाएं।इस बैठक में क्षेत्र के सभी बैंक अधिकारी व प्रखंड क्षेत्र में संचालित सभी सीएसपी केंद्रों के संचालक मुख्य रूप से उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत चलो करें आवास पूरा अभियान की हुई शुरूआत

'लाभुकों से संपर्क करने का निर्देश'

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची जिला में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अभियान चलाकर अपूर्ण आवासों को पूर्ण किया जायेगा। इसे लेकर शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में बैठक आयोजित की गयी। जिसमें जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, निदेशक डीआरडीए रामवृक्ष महतो, कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, रांची धनबीर लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर, सभी जिला परिषद सदस्य, सभी प्रखंडों के प्रमुख, उपप्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रखंड समन्वयक एवं अन्य

संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उपविकास आयुक्त एवं निदेशक डीआरडीए द्वारा अभियान को सफल बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। रांची में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने के लिए 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक ह्यचलो करें आवास पूराह्य अभियान चलाया जायेगा। उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने बैठक में अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य सभी अपूर्ण आवासों को पूर्ण करना है। अभियान को सफल बनाने के लिए अपूर्ण आवास के लाभुक को आवास पूर्ण करने हेतु प्रेरित करें, पंचायत, गांव, टोला स्तर पर लाभुकों को आवास पूर्ण करने के निमित्त हर सहायता मुहैया करायें। अभियान का क्रियान्वयन पंचायत/गांव/टोला स्तर पर योजना के प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत सचिव/पंचायत सेवक तथा रोजगार सेवक करेंगे, जबकि प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी नेतृत्व करेंगे। अभियान का अनुश्रवण प्रतिदिन जिला स्तर से उपविकास आयुक्त के माध्यम से किया जायेगा। बैठक के दौरान उपविकास आयुक्त श्री दिनेश यादव ने बताया कि जिला में 71813 में से 69831 आवास पूर्ण हो चुके हैं, शेष 1982 आवास अभियान के दौरान पूर्ण करने का लक्ष्य है। बैठक के दौरान उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में अपूर्ण आवासों की जानकारी ली। उन्होंने अपूर्ण आवासों के लाभुकों से डोर-टू-डोर संपर्क करने का निर्देश दिया। उपविकास आयुक्त ने कहा कि लाभुकों का आवास पूर्ण कराने के लिए उन्हें प्रेरित करें।

विस अध्यक्ष ने 'बड्र्स ऑफ जामताड़ा' पुस्तिका का किया अनावरण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

'बड्र्स ऑफ जामताड़ा' पुस्तिका का अनावरण रबीन्द्र नाथ महतो अध्यक्ष झारखंड विधानसभा रांची के करकमलों द्वारा शुक्रवार उनके कार्यालय कक्ष में हुआ। पुस्तिका,जामताड़ा के वन प्रमंडल पदाधिकारी अजिंक्य बनकर द्वारा लिखी गई है। जामताड़ा जिला के पक्षी प्रेमियों में उत्साह जगाने के साथ-साथ उनके मार्गदर्शन के उद्देश्य से तैयार किया गया यह पुस्तिका, जिसमें जामताड़ा जिले में पाई गई 160 पक्षी प्रजातियों की चर्चा है। इस पुस्तक में प्रयास रहा है कि पक्षियों एवं उनकी पहचान में उपयुक्त शरीर के अंगों के नाम अंग्रेजी में दिए जाएं, ताकि पाठक देश-विदेश से जुड़ सकें,चर्चा में भाग ले सकें एवं पक्षी जगत के अपने अनुभवों एवं अभिलेखों को समृद्ध कर सकें। विशेष है कि प्रस्तुत पुस्तिका में पक्षियों के नाम हिंदी एवं संथाली में भी दिये गए हैं। अध्यक्ष महोदय ने इस अवसर पर कहा कि यह पुस्तिका पक्षी प्रेमियों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी और न केवल उनके प्रकृति दर्शन के आनंद को बढ़ाएगी अपितु पर्यावरण संरक्षण के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी कर सकेगी।

रातू में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

रातू। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रातू में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन प्रमुख संगीता देवी, सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, उप प्रमुख रेयाजूल अंसारी, सीएचसी प्रभारी आइएस होरो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में सिविल सर्जन ने स्वास्थय विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम की जानकारी देकर कहा कि रातू में स्वास्थ्य सुविधा के लिए अस्पताल में व्यवस्था बढ़ायी जायेगी. गांव-गांव में शिविर लगाकर स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान किया जायेगा. इस दौरान शिविर में 175 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी और निःशुल्क दवा का वितरण किया गया. शुगर, बीपी, मलेरिया और डेंगू जैसी बीमारी के जांच के लिए 167 लोगो ब्लड सैंपल लिये गये. साथ हीं आयुष्मान भव कार्यक्रम के तहत 20 लोगों का कार्ड बनाया गया।मौके पर डॉ आईएस होरो, डॉ. प्रीति, डॉ. मधुरिमा, डॉ. ट्विंकल, डॉ. स्नेहा, डॉ. जयचंद्रा निराला, वैशाली कृष्णा, अभिषेक कुमार सिंह, सुनीता कुमारी, प्रकाश गोप, जाबिर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

रिम्स की भूमि पर कब्जा करने के मामले में 3 पर केस दर्ज

रांची। राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान की जमीन पर जबरन कब्जा करने वाले तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बरियातू थाने में संस्थान के संपदा पदाधिकारी की ओर से दिए गए आवेदन में एदलहातू के कुंदन कुमार शर्मा, हेहल शहदेव नगर के अमृतेश कुमार और नामकुम के सोनू कुमार शरण का आरोपी बनाया गया है। थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि कुछ आसामाजिक तत्वों के द्वारा रिम्स के लिए अधिग्रहित भूमि खाता नंबर 246, प्लाट नंबर एक व तीन और खाना नंबर 247 प्लॉट नंबर दो, खाता नंबर 130, प्लॉट नंबर 1587 में नींव खोदकर अवैध रूप से निर्माण कर रहे हैं। इसकी जानकारी मिलने के बाद दो व्यक्ति को सुरक्षा प्रहरियों ने पकड़ा। आवेदन में जबरन भूमि पर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई की जाए।

खूंटी में भाजपा की संकल्प यात्रा 23 को काशीनाथ बने प्रभारी

खूंटी। भाजपा के जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बैठक में 23 सितंबर को खूंटी में होने वाली संकल्प यात्रा और जनसभा को सफल बनाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो को संकल्प यात्रा का प्रभारी बनाया गया। काशीनाथ महतो ने कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद बाबूलाल मरांडी का पहली बार खूंटी आगमन हो रहा है। इसे हर हाल में सफल बनाना है। संकल्प यात्रा को सफल बनाना हर कार्यकर्ता की जिम्मेवारी है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर 17 समितियों का गठन कर जिम्मेदारियां दी गई। बैठक में किसान मोर्चा उपाध्यक्ष कांशी नाथ महतो, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, कैलाश राम, जिला कोषाध्यक्ष लव चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी अनूप कुमार साहू, जनार्दन मिश्रा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जयसवाल, महावीर राम, प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य प्रियांक भगत, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष योगेन्द्र नायक, श्याम सोनी आदि उपस्थित थे।

इंडियन टैलेंट इंटरनेशनल स्कूल बेड़ो में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया

शिक्षक बिना ज्ञान अधूरा : सन्नी टोप्पो

नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो

बेड़ो बस्ती स्थित इंडियन टैलेंट इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो व स्कूल के डारेक्टर प्रीतम कुमार ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित एवं डॉ.राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मोबाइल से जीवन को खतरा, दहेज प्रथा, स्लो डांस सहित एक से बडकर एक नृत्य प्रस्तुत कर अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सन्नी टोप्पो ने कहा कि शिक्षक बिन ज्ञान अधूरा है। शिक्षकों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। गुरु शिष्य का रिश्ता प्राचीनकाल से चलते आ रहा है और

आज भी यह कायम है। उन्होंने शिक्षक दिवस की महत्ता एवं गुरु शिष्य के रिश्तों का व्याख्यान किया। शिक्षक न केवल ज्ञान के स्रोत होते हैं, बल्कि वे छात्रों के व्यक्तिगत और आधारभूत विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनका संघर्ष, मेहनत, और समर्पण हमें प्रेरित करते हैं कि हम भी अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कठिनाइयों का सामना करें और सफलता प्राप्त करें। इधर डारेक्टर प्रीतम कुमार ने कहा कि छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने व आगे चल के अपने लक्ष्य को प्राप्त करना ही इंडियन टेलेंट इंटरनेशनल स्कूल का उद्देश्य है। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार देकर पुरस्कृत किया गया।मौके पर डारेक्टर प्रीतम कुमार, रंजन गुप्ता, महादेव कुजुर, रमेश भगत, नारायण महली, प्रदीप महली, बिमल, शुरेश्वर महतो, ज्योति कुमारी, बसंती कुमारी, बजरंग गोप, हंस राज,कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षकाएं व छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नरकोपी में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

बेड़ो। सीएचसी बेड़ो के तत्वावधान में शुक्रवार को नरकोपी थाना परिसर में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने फीता काट कर उद्घाटन किया। मेला में 315 लोगों का स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही दवा का वितरण किया गया। मौके पर प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुमित्रा कुमारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दिया। वहीं मेला को सफल बनाने में स्वास्थ्य चिकित्सक डॉ कुसुम लता ,डॉ प्रियंका, डॉ अर्चना, डॉ सुमन एक्का, डॉ राजीव रंजन व बी पी एम अमिता लाल,प्रेम कुमार गुप्ता, बी टी टी रविन्द्र कुमार वर्मा, पुष्पलता तिग्गा, अमित मिंज, आशीष कुमार, पंकज कुमार,रंजीत कुमार, एएनएम,सहिया, सेविका व स्वास्थ्यकर्मियों ने सराहनीय योगदान दिया।

कार्यपालक अभियंता सह राजमार्ग पदाधिकारी का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, कोडरमा
झारखण्ड सरकार

पत्रांक ...../ दिनांक ...../

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पथ प्रमण्डल,कोडरमा द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04 वर्ष 2023–24,PR No-305707 Road (23-24)*D के NIT के कम संख्या–11 कार्य का नाम–पथ प्रमण्डल,कोडरमा अन्तर्गत कोडरमा–जमुआ पथ के कि0मी0 1 में अपना हमते ट्रेलर एवं फैशन फर्निचर के पास Black Spot में सुधार का कार्य वर्ष 2023–24 ,प्राक्कलित राशि रू0 20,00,000.00 को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

शेष निविदा यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR 307045 (Road) 23-24 (D)

बारहवां मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

468 लोगों को कृत्रिम गर्भाधान से स्वरोजगार का मिला प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता। रांची

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीनस्थ रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय में केंद्र प्रायोजित गोकुल मिशन योजना के अधीन राज्य के बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए आयोजित बारहवां मैत्री प्रशिक्षण का समापन विगत मंगलवार को हुआ। समापन समारोह में डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। डॉ. प्रसाद ने प्रशिक्षाणार्थियों से एक महीने के दौरान मिली जानकारियों से सबंधित सवाल पूछे और उनके अनुभवों से काफी संतुष्ट दिखे। मौके पर उन्होंने झारखण्ड राज्य में पशुधन की स्थिति एवं पशुधन से लाभ के अलावा कृत्रिम गभार्धान से पशुधन विकास पर

प्रकाश डाला। कहा कि अब सभी प्रशिक्षाणार्थियों को दो महीने तक अपने जिला के अस्पताल में पशुओं के कृत्रिम गभार्धान (एआई) के कार्यों में व्यावहारिक अनुभव से महारत हासिल करनी होगी। बाद सभी पशुओं के कृत्रिम गभार्धान कार्य को ग्रामीण स्तर पर स्वरोजगार के रूप में आसानी से अपना सकेंगे। मौके पर उन्होंने बारहवां मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल सभी 22 प्रशिक्षाणार्थियों को प्रमाण झ पत्र प्रदान किया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. आलोक कुमार पाण्डे ने बताया कि अबतक गोकुल मिशन योजना के अधीन आयोजित 12 कार्यक्रमों से 468 युवक-युवतियां लाभान्वित हुए है। एक महीने के प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षाणार्थियों को कृत्रिम गभार्धान, नस्ल सुधार, टीकाकरण, पशु आहार, राशन बैलेंसिंग, पशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण की विस्तृत व्यावहारिक जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागी काफी जागरूक और लगनशील हैं, जिन्हें डॉ. पंकज कुमार ने महाविद्यालय के गोवंश फार्म में काफी अच्छी तरह से प्रशिक्षण विषय पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। इस बारहवें बैच में रांची के 4, बोकारो के 1, दुमका के 9, पूर्वी सिंहभूम के 4 एवं गुमला के 4 सहित कुल 22 युवक झ युवतियों ने एक महीने का व्यावहारिक प्रशिक्षण हासिल किया।

घायल युवती के पॉकेट से निकाल लिया मोबाइल, दो आरोपी गिरफ्तार

रांची। सदर थाने की पुलिस ने एक युवती का मोबाइल चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में लेक रोड के सत्यम साहनी और हरमू निवासी विक्की कुमार शामिल है। पुलिस के अनुसार स्कूटी सवार अवंतिका प्रकाश नामक युवती बीते बुधवार को गाड़ी समेत गिर गई थी। जिससे अबंतिका को काफी चोटें भी आयी थी। इसी दौरान आरोपी सत्यम ने उसे सड़क के उठाने के दौरान उसके पॉकेट से मोबाइल चोरी कर ली। इसके बाद वह मौके से फरार हो गया। कुछ देर बाद अबंतिका ने बात करने के लिए पॉकेट में हाथ डाला तो गायब था। दुर्घटना स्थल पर एक प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीवी कैमरा देखा। देखा कि एक युवक उसके पॉकेट से मोबाइल निकाल रहा है। इसके बाद अबंतिका ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया।

झारखण्ड सरकार, निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण
श्रम, नियोजन,प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,झारखण्ड,राँची

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग।
पत्रांक–5/प्रशि0(प्रशि0)–01/2023–1435 राँची, दिनांक–14.09.2023
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI) में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में नामांकन से संबंधित सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची द्वारा NCVT से मान्यता प्राप्त राज्य के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विष्णुगढ़, हजारीबाग(LWE) में शैक्षणिक सत्र 2023–24–25 में विभिन्न व्यवसायों में नामांकन के लिए तृतीय कॉउन्सीलिंग हेतु विभाग द्वारा प्रकाशित अंतिम मेधा सूची के आधार पर कॉउन्सीलिंग एवं नामांकन का कार्यक्रम निम्नवत् है:–

Time Schedule for 3rd Round of online Counselling

Sl. No.	Activity	Date	
		Date	To
1	Choice filling of Trade (s) and/or ITI (s)	16.09.2023	17.09.2023
2	Seat Allotment and Downloading provisional seat Allotment Letter	18.09.2023	21.09.2023
3	Admission in the concerned ITI	18.09.2023	21.09.2023
4	Spot Round online Admission	22.09.2023	23.09.2023

2. दिनांक–22.09.2023 एवं 23.09.2023 को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विष्णुगढ़, हजारीबाग(LWE) में Spot Round online Admission (पहले आओ, पहले पाओ) लिया जाएगा। Spot Round online Admission के दौरान संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग, महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, विष्णुगढ़, हजारीबाग(LWE) के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर First Come First Serve basis (पहले आओ, पहले पाओ) पर व्यवसाय/सीट का आवंटन कर नामांकन लिया जाएगा। Spot Round में Admission Module में निबंधित अभ्यर्थियों का ही औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा नामांकन लिया जाएगा।
3. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि रिक्त सीटों की विवरणी Admission Tab → Vacant Seat Details में जाकर Category Wise Vacant Seat Details देखने के पश्चात् ही ITI एवं Trade का चयन करें।
4. Call for Counselling होने के बाद Candidate के Login पर Yes आने के एक दिन के अन्दर अभ्यर्थियों को अपने Allotted Seats में से एक Trade चयन कर उसी दिन नामांकन लेना अनिवार्य है अन्यथा उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यह वर्तमान में चल रहे 2nd round online counselling के दिनांक 14.09.2023 से प्रभावी होगा।
5. Spot Round online Admission में First Come First Serve (पहले आओ, पहले पाओ) के आधार पर ऑनलाईन नामांकन लिया जाएगा।

ह0/–
प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हजारीबाग

PR 307058 Labour Employment and Traning(23-24).D

भाद्रपद कुशोत्पाटनी पिठौरी अमावस्या के मौके पर खाटू नरेश के दरबार में रहा धूम

बाबा के भजनों से श्याम मंदिर गुंजायमान रहा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
शुक्रवार को भाद्रपद कुशोत्पाटनी पिठौरी अमावस्या के मौके पर जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम शरणागत हम आए आपके दर्शन हमको दे दो बाबा श्याम..... के करण प्रिय भजनों के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। प्रातः 5 बजे मंगला आरती व बाल भोग अर्पित करके गर्भ गृह के पट बंद करके महास्नान अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा व मंदिर के सभी आचार्यों ने खाटू नरेश को गंगाजल, दूध, दही, शहद, गुलाब फूल, केसर, गुड़, इत्र के महामिश्रण से महास्नान करवाया। खाटू नरेश सहित सभी देवी देवताओं को नवीन पोशाक पहनाकर कोलकाता से मंगाए गए सुगंधित लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसीदल पीला गेंदा मुरगन आदि फूलों की

मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। इत्रों का राजा गुलाब रूह से खाटू नरेश का मसाज किया गया। पंचमेवा प्रसाद विभिन्न फलों का भोग अर्पित कर प्राप्त 8:30 बजे विशेष श्रृंगार आरती की गई। खाटू नरेश के श्याम रूप के दर्शन कर भक्त भाव विभोर हो रहे थे। खाटू नरेश की जय जयकारों से मंदिर परिसर गूंज रहा था। शारदा लोहिया उत्कर्ष लोहिया ने विशेष श्रृंगार सेवा जयपुर निवासी लक्ष्मी नारायण शर्मा मधु शर्मा ने सभी पोशाक तथा सर्वेश कुमार ने पंचमेवा प्रसाद की सेवा निवेदित की। बड़ी संख्या में भक्तजनो ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई। इस अवसर पर मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया श्रवण ढांढनिया श्याम सुंदर शर्मा अनिल नारनौली श्याम सुंदर जोशी सहित सैकड़ो भक्तजनों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई।

शनिवार को 79 वा श्री श्याम भंडारा : 16 सितंबर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 79 वा श्री श्याम भंडारा सायं 5:00 बजे से होगा । राजेश चौधरी बबीता चौधरी अपने परिवार के साथ भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तों को आमंत्रित किया है। उपरूक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।

अर्चित आनंद बने एफएआई के जन सूचना पदाधिकारी

रांची। अर्चित आनंद (अध्यक्ष) झारखंड फेंसिंग एसोसिएशन को फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई), नई दिल्ली का जन सूचना पदाधिकारी बनाया गया है। एफएआई में पूरे देश आने वाले सभी तरह की आरटीआई यानि सूचना के अधिकार के तहत मांगे जाने वाली जानकारियों को अर्चित, फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की तरफ से उपलब्ध कराएंगे। अर्चित की नियुक्ति पर एफएआई के महासचिव राजीव मेहता ने अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया है। झारखंड फेंसिंग के जय कुमार सिन्हा,संजेश मोहन, करमवीर एवं अन्य ने भी अर्चित को बधाई दी।

भादो की अमावस्या पर श्री वेंकटेश्वर का हुआ विधि से तिरुवाराधन सेवा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
भाद्रपद कृष्ण पक्ष स्नान दान की अमावस्या तिथि के उपलक्ष्य पर शुक्रवार को ब्रह्ममुहूर्त में अखिल लोकेश्वर परमात्मा श्री वेंकटेश्वर का विश्व रूप दर्शन, सुप्रभातम, मंगलाशासनम, वेंकटेशस्तोत्रम के बाद षोडषोपचार विधि से तिरुवाराधन सेवा हुआ। तदन्तर श्री भगवान दंपति का दूध, दही, हल्दी,चंदन, गंगाजल, मधु, नारियल युक्त जल आदि द्रव्यों से सहस्त्रधारा, कलश धारा, शंखधारा एवं चक्रधरा आदि अनेकानेक उपचार पूर्वक भगवान का अभिषेक हुआ। श्रीसूक्त, पुरुषसूक्त, नारायणनुवाक वेद की ऋचाएं आदि विशिष्ट विशिष्ट मंत्रों के उच्चारण पूर्वक महाभिषेक हुआ। फिर वस्त्राभूषणों से सुसज्जित करके सुवासित रजनीगंधा, गुलाब के फूल एवं तुलसी की मालाओं से भक्तिभव्य श्रृंगार निवेदन किया। फिर नक्षत्र,

कुंभ और कर्पूर से महा आरती हुई। इसके बाद सुवाश्रय वेद ध्वनियों के उच्चारण पूर्वक कणानंददायक स्तोत्रों से स्तवन किया गया। फिर खीर, पोंगल, फल और मेवा का भोग लगाया गया। आज के महाभिषेक के यजमान आशीष-अश्विका अग्रवाल रांची निवासी थे। अर्चक : सत्यनारायण गौतम गोपेश आचार्य और नारायण दास ने मिलकर पूजनादि अनुष्ठान संपन्न कराया। इस मौके पर सर्वश्री रामअवतार नारसरिया, रमेश धरनीधरका, गौरीशंकर साबू, अनीष अग्रवाल, रंजन सिंह, सुशील लोहिया, शम्भू नाथ पोद्दार, प्रभाष मित्तल, सुनील बजाज, ललित पोद्दार के अतिरिक्त बहुतों संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था के सागर में गोता लगाया।

रेस परियोजना के तहत आवासीय प्रशिक्षण शुरू

रांची। जिले में कार्यरत स्वयंसेवी संस्था लीड्स के तत्वावधान में मुरहू प्रखंड के लीड्स रिसोर्स सेंटर पेरका में शनिवार को रेस परियोजना के तहत युवाओं का तकनीकी प्रशिक्षण और उद्यमशीलता निर्माण को लेकर आवासीय प्रशिक्षण की शुरूआत हुई। प्रशिक्षण चार चरणों में होगा। इसका समापन छह अक्टूबर को होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन लीड्स के सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर महेंद्र कुमार, ट्रेनर करम टोप्पो, मनीष सिंह, परियोजना के खूंटी डीपीएम अनंत कुमार तांती और नंदलाल मांझी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण में खूंटी जिले मुरहू, सिमडेगा जिले के कोलेबिरा, रांची के नामकुम और गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड से एक सौ युवाओं को स्वच्छ ऊर्जा आधारित तकनीकी प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग के पश्चात प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार शुरू करने के लिए सर्टिफिकेट और टूल कीट दिये जाएंगे। प्रशिक्षण के पहले चरण में चारों प्रखंड के 34 युवाओं ने भाग लिया।

पुलिसवाले सावधान : अब कटेगा उनका भी चालान, नहीं सुनी जाएगी कोई पैरवी

नवीन मेल संवाददाता। रांची
ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वाले कानून के रखवाले भी अब रडार पर आ गए। रांची एसएसपी ने सभी पुलिस वालों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वह ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए ही वाहन चलाएं अन्यथा उन पर भी कार्रवाई होगी।

क्या है मामला : सड़क हादसों में घायल होने वाले और हादसों में अपनी जान गंवाने वालों में पुलिस वाले भी शामिल होते हैं। ऐसा नहीं है कि सड़क हादसों में केवल आम लोग ही हताहत होते हैं। फर्क सिर्फ यही होता है कि पुलिस वाले जब वाहन चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए पकड़े जाते हैं तो वह अपने आप को पुलिस होने का हवाला देकर बच निकलते हैं। लेकिन अब ऐसा शायद नहीं हो , शुक्रवार को रांची

एएसपी चंदन सिन्हा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिस कर्मियों के लिए अलग से आदेश जारी किया है। आदेश में यह लिखा गया है कि प्राय ऐसा देखा जाता है कि रांची जिला में पदास्थापित पुलिस कर्मियों के द्वारा वाहन का उपयोग करते समय यातायात नियमों का पालन नहीं किया जाता है जो बिल्कुल नियम संगत नहीं है। ट्रैफिक के नियम सभी के लिए एक समान है। आदेश में एसएसपी के द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि रांची जिला में पदस्थापित एवं प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को यह आदेश दिया जाता है कि वह वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन

यातायात नियम सभी के लिए एक समान है, पुलिस कर्मी नियमों का उल्लंघन करते पकड़े गये तो जुर्माना के अलावा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी

करते हुए हेलमेट, सीट बेल्ट इत्यादि का उपयोग आवश्यक रूप से करना सुनिश्चित करें। यदि दिए गए निदेर्शों का अनुपालन नहीं किया जाता है तो यातायात नियमों के अनुसार जुर्माना के अलावा दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

नजर रखने का निर्देश : रांची के सीनियर एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि पुलिस कर्मियों के द्वारा अक्सर वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट ,सीट बेल्ट इत्यादि का उपयोग नहीं किया जाता है ।जिसकी वजह से दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं और ऐसे में आमजन में पुलिस की छवि भी खराब हो रही है। यही वजह है कि उनके द्वारा एक लिखित आदेश सभी पुलिसकर्मियों के लिए निकल गया है जिसमें यह स्पष्ट निर्देश है कि वह ट्रैफिक नियमों का आम लोगों की तरह ही पालन करें। ट्रैफिक के पुलिसकर्मियों को भी निर्देश दिया गया है कि वह आम जन और पुलिस कर्मियों में कोई फर्क ना करें। अगर पुलिसकर्मी भी ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए जाते हैं तो उन पर भी नियम संगत कार्रवाई करें और उनका चालान काटे।

अग्रसेन भवन में 17 को चित्रकला कविता पाठ व शतरंज प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता। रांची
श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत अग्रवाल सभा रांची के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन भवन मे 17 सितंबर दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से चित्रकला प्रतियोगिता, कविता पाठ प्रतियोगिता एवं शतरंज खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया मंत्री मनोज चौधरी एवं जयंती संयोजक सज्जन पाड़िया ने बताया कि इन तीनों प्रतियोगिताओं को चार वर्गों में बांटा गया है। इन प्रतियोगिताओं को विभिन्न विद्यालयों के कक्षाओं के बाल वर्ग, सब जूनियर वर्ग, जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग के समाज के बच्चे भाग लेंगे। अग्रवाल सभा के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 17 सितंबर को ही कार्यक्रम के दौरान 'अग्रेसर' पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा।

इंडिया गठबंधन के नेताओं का सनातन पर हमला बोलना दुर्भाग्यपूर्ण : संजय सेठ

नवीन मेल संवाददाता। रांची
इंडिया गठबंधन के नेताओं के द्वारा लगातार सनातन पर हमला बोला जा रहा है। सनातनी भावनाओं पर कुठाराघात किया जा रहा है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। इन नेताओं के द्वारा सनातन को मिटाने की बात कही जा रही है। सनातन उनके बोलने भर से मिट नहीं जाएगा। वोट बैंक की भूख में ये लोग की हद तक गिर सकते हैं, इसका जीता जागता उदाहरण यह प्रकरण है। ऐसे नेता जो कभी सनातन से जुड़े हुए थे। उन्होंने खुद लालच में आकर अपना धर्मांतरण कर लिया। और अब ऐसे लोग आज सनातन को मिटाने की बात करते हैं। तो यह हास्यास्पद स्थिति लगती है। इतिहास गवाह रहा है कि सनातन को मिटाने वाले लोग खुद मिट गए हैं। उनका समूल नाश हो गया है।

ऐसे नेताओं को कम से कम इस तरह की अनरगल बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। इंडिया गठबंधन से जुड़े उन तमाम दलों को अपने-अपने राज्य की जनता के समक्ष पर सफाई देना चाहिए। मैं झामुमो और कांग्रेस के झारखंड के नेताओं से मांग करता हूं कि यह जनता के सामने बताएं कि सनातन को मिटाने का जो बयान दिया गया है। उस पर इनका क्या स्टैंड है? इन्हें अपना स्टैंड क्लियर करना चाहिए वरना आने वाले चुनाव में जनता इन्हें बिना स्टैंड का बना कर रखेगी। झारखंड की इंडिया गठबंधन वाली सरकार के द्वारा कुछ दिन पहले राजनीतिक पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर धार्मिक न्यास बोर्ड का गठन किया गया। विभिन्न पदों पर उनकी नियुक्तियां की गई। निश्चित रूप से लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए यह अच्छा है परंतु इसके बाद धार्मिक न्यास बोर्ड ने जिस तरह के कदम उठाने शुरू किए गए, वह सनातनी भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने वाला है। सनातनी धार्मिक स्थान के साथ खिलवाड़ करने वाला है। इसके साथ ही लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान को भी चुनौती देने वाला है। जिस तरह से पहाड़ी मंदिर में समिति का गठन किया गया, मेन रोड में संकट मोचन मंदिर में समिति का गठन किया गया, यह असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक है। पहाड़ी मंदिर में पूर्व से ही एक समिति कम कर रही है, जिसके अध्यक्ष डीसी हैं। सचिव एसडीओ हैं। जबकि मेन रोड का संकट मोचन मंदिर महंत परंपरा से संचालित होता है।

यूसीसी को लेकर 6 अक्टूबर को दिल्ली में विरोध करेंगे आदिवासी संगठन

रांची। केंद्रीय धुमकुड़िया करम टोली में आदिवासी समन्वय समिति के तत्वावधान में देव कुमार धान, पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव, नारायण उरांव समेत दुर्गा उरांव ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार का शुरू से ही देश में यूसीसी लाने का एजेंडा रहा है। राज्य में एक देश एक राज्य कानून लाने का प्रयास किया जा रहा है। केद्र सरकार आदिवासियों के मूल अधिकारों को समाप्त करना चाहती है। राज्य में सीएनटी-एसपीटी एक्ट, पांचवी छठवीं अनुसूची लागू है। लेकिन सरकार देश में जबरदस्ती समान सिविल कोड लागू करना चाहती है। आने वाले 2024 के चुनाव में भाजपा को गद्दी से उतारने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व विधायक देवकुमार धान ने कहा अगर देश में यूसीसी कानून लागू हुआ तो भाजपा को गांव में घुसने नहीं देंगे। गांव-गांव में बहिष्कार और विरोध होगा।

वैश्विक चुनौतियों के समाधान में इंजीनियरों का रहा है अग्रणी योगदान : आरपी सिंह

नवीन मेल संवाददाता। रांची
वैश्विक विकास के हर चरण में एक इंजीनियर का प्रयास अग्रणी रहा है। इंजीनियरिंग व्यवसाय पुरे विश्व में तेजी से विकसित हो रहा है। लोगों द्वारा उपयोग की जाने वाली सभी आधुनिकतम वस्तुओं की तकनीकी एक इंजीनियर के कठिन श्रम का फल है। अगले 25 वर्षो में देश की बड़ी आबादी की खाद्यान सुरक्षा के लिए कृषि कार्यों में यांत्रिकीकरण की विशेष जोर दिया जा रहा है। इससे कृषि कार्य में बोवाई से कटाई की लागत में कमी के साथ उत्पादन को बढ़ावा और कृषि को लाभकारी बनाने पर बल दिया जा रहा है। इसे देखते हुए कृषि अभियांत्रिकी से जुड़े छात्रों के लिए यंत्रीकरण में गहरी रूचि एवं अद्यतन ज्ञान के साथ कृषि एवं बागवानी के मौलिक विषयों से सबंधित अद्यतन जानकारी का होना जरुरी है। उक्त बातें बतौर मुख्य

अतिथि आरपी सिंह, कार्यपालक निदेशक, झारखंड कृषि मशीनरी ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग संस्थान, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने कही। वे बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में शुक्रवार को आयोजित इंजिनियरर्स दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मौके पर एसोसिएट डीन ई डीके रूसिया ने 15 सितम्बर को इंजिनियर दिवस की महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत के महान इंजीनियर एम विश्वेश्वरैया को सम्मानित करने के लिए हरेक वर्ष इंजीनियर व्यवसाय से जुड़े लोग टिकाऊ बुनियादी ढांचे का निर्माण, टेक्नोलॉजी को आगे बढ़ाने या उर्जा के नये श्रोत विकसित करने, जलवायु परिवर्त्तन एवं प्राकृतिक आपदा जैसी वैश्विक चुनौतियों के समाधान में योगदान देते है। वास्तव में एक इंजीनियर हमारे समाज की समस्यायों का बेहद महत्वपूर्ण समाधानकर्त्ता है। मौके पर यूनिवर्सिटी एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. बीके झा ने भी अपने विचारों को रखा।

समारोह प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की तीसरी वर्षगांठ इंदौर में आयोजित

आत्मनिर्भर भारत की योजनाओं का लाभ उठाएं : पुरुषोत्तम

नवीन मेल संवाददाता। रांची/इन्दौर
मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय (मत्स्य पालन विभाग), भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की तीसरी वर्षगांठ का आयोजन इंदौर (मध्य प्रदेश) में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व विभागीय संयुक्त सचिव राजकुमार गुप्ता, निदेशक मत्स्य, डॉ.एच एन द्विवेदी, मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने किया। साथ ही इस समारोह में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना से लाभान्वित मत्स्य कृषक रूपम गंझ जिला-हजारीबाग, गुडडू बैठा, रोधी एवं कलेश नायक, रांची प्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

समारोह में केन्द्रीय मंत्री पुरूषोतम रूपाला द्वारा कहा गया कि आत्मनिर्भर बनने हेतु आत्मनिर्भर भारत की योजनाओं का लाभ लिया जाय। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंर्तगत मत्स्य पालन में वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर अधिकतम मत्स्य उत्पादन के रिकार्ड स्तर तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। आरएएस बायोफ्लोक, केज कल्चर आदि नई तकनीक से मछली उत्पादन अधिक से अधिक प्राप्त करने की योजना मूर्त रूप ले रही है। विगत तीन वर्षों में तकरीबन अतिरिक्त तीन लाख टन मत्स्य उत्पादन में वृद्धि पूरे देश में हुई है।

झारखंड के सभी जिलों के मत्स्य पदाधिकारी कार्यक्रम से आनलाइन जुड़े

मत्स्य प्रभाग, झारखंड के सभी जिलों के जिला मत्स्य कार्यालय इस कार्यक्रम में वर्चुअल मोड से जुड़कर कार्यक्रम में भाग लिए। मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र रांची में विशेष आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 150 मत्स्य कृषक एवं विभागीय पदाधिकारी वर्चुवल मोड़ से जुड़कर कार्यक्रम में भाग लिए । कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तीन वर्षों की उपलब्धियों तथा आगे के लक्ष्य पर परिचर्चा की गयी। पीएमएमएसवाई के लाभुकों के सफलता की कहानियां दिखाई गयी तथा कई राज्यों के लाभुकों से केन्द्रीय मंत्री के द्वारा सीधे वार्ता की गयी। इस योजना को सफल बनाने में झारखंड सरकार का भी योगदान महत्वपूर्ण रहा है। यह योजना झारखंड के हर जिले मत्स्य कृषकों को मिला है। इस योजना को सफल बनाने के लिये सरकार सरकार आपके द्वार की तरह कार्य किया गया है। इस अवसर पर मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, धुर्वा में संयुक्त मत्स्य निदेशक, मनोज कुमार, रवि रंजन, उप मत्स्य निदेशक, संजय गुप्ता, उप मत्स्य निदेशक, मरियम मुर्मू, उप मत्स्य निदेशक, शंभु प्रसाद यादव, उप मत्स्य निदेशक तथा जिला मत्स्य पदाधिकारी रांची अरूप चौधरी एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

आयोग झारखंड के अल्पसंख्यकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : खान

रांची। झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इनमें झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, उपाध्यक्ष शमशेर आलम और ज्योति सिंह मथारू, सदस्य मोस्लेउद्दीन तौसीफ, सुशील मरांडी, वारिस कुरैशी, गफ्फार अंसारी, बरकत अली, इकराम उल हक, सविता टुडू और सोगरा बेबी शामिल हैं। लंबे समय से खाली पड़े अल्पसंख्यक आयोग में गठबंधन की सरकार ने कार्यकताओं को मौका दिया है। पदभार ग्रहण के बाद आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि अब जिम्मेदारी बढ़ गई है। हमसे ना सिर्फ झारखंड के अल्पसंख्यक मुस्लिम बल्कि जैन, सिख और इसाई समेत तमाम लोग जो पिछड़े हुए हैं, सबके आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक विकास के लिए मैं प्रतिबद्ध रहूंगा। वहीं उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि पद तो आज मिला है, लेकिन काम तो मैं पहले से इन सब के बीच करता रहा हूं। आगे भी काम करता रहूंगा।

आजसू पार्टी की बैठक 16 को, तैयारियों की होगी समीक्षा

आजसू का महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा और इस महाधिवेशन के जरिए हम 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों पर बात करेंगे।

नवीन मेल संवाददाता। रांची
आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय जिला, विधानसभा एवं प्रखंड पदाधिकारियों की बैठक 16 सितम्बर को रांची कटहल मोड़, इटकी रोड स्थित लाल गुटवा बैंक्वेट हॉल में आयोजित होगी। इस बैठक में 29, 30 सितम्बर और एक अक्टूबर को प्रस्तावित पार्टी के महाधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही प्रस्तावित तिथियों पर मुहर लगेगी। तीन दिवसीय महाधिवेशन का आयोजन रांची स्थित मोराबादी मैदान में होना तय है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने शुक्रवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि यह महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा और इस महाधिवेशन के जरिए हम 2024 में होने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनावों पर बात करेंगे। इस महाधिवेशन के माध्यम से हम राज्य के विभिन्न विषयों पर चिंतन मंथन करेंगे और पार्टी के कार्यकताओं में नए ऊर्जा, उत्साह के साथ आने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करेंगे।

NEWS इन ब्रीफ

सर्पदंश से दस वर्षीय बच्चे की मौत

चाईबासा। पश्चिमी सिंहभूम जिला के सोनुवा प्रखंड की बेड़ासाई गांव में सर्पदंश से एक बच्चे की मौत हो गई. बताया जाता है कि जोंको बोयपाई का दस वर्षीय पुत्र नन्दलाल बोयपाई अपने घर में जमीन पर सो रहा था. इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उसे काट लिया. इससे उसकी तबीयत अत्यधिक बिगड़ने लगी. नन्दलाल बोयपाई की तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे शुक्रवार सुबह इलाज के लिए सोनुवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे. जहां डॉक्टरों ने बालक को मृत घोषित कर दिया. डॉक्टर ने कहा कि अगर बच्चों को पहले अस्पताल लाया जाता तो शायद उसकी जान बचाई जा सकती थी.

गिरिडीह में सर्पदंश से बालक की मौत

गिरिडीह। डुमरी थाना इलाके के नगरी पंचायत के फुचोनगरी निवासी रामी मांझी का 11 वर्षीय पुत्र नारायण टुडू की सर्पदंश से मौत हो गई। बताया जाता है कि गुरुवार रात में नारायण टुडू परिजनों के साथ जमीन पर सोया हुआ। इसी बीच सांप ने उसके कान में डंस लिया। रात होने के कारण परिजनों ने घरेलू उपचार किया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है।

कबड्डी प्रतियोगिता में छात्रा का हाथ टूटा

गिरिडीह। गिरिडीह स्टेडियम में चल रहे खेलो झारखंड प्रतियोगिता के दौरान 15 सितंबर को एक छात्रा का हाथ टूट गया. जानकारी के अनुसार बेंगाबाद प्रखंड की मोतीलेदा उच्च विद्यालय की छात्रा रानी कुमारी का कबड्डी मैच के दौरान हाथ टूटा है. बताया जाता है कि खेलो झारखंड प्रतियोगिता के तहर बेंगाबाद और धनबार प्रखंड की स्कूली छात्राओं बीच कबड्डी मैच कराया जा रहा था. इसी दौरान सुनील राणा की 16 वर्षीय बेटी रानी गिर गई और यह हादसा हुआ. स्टेडियम में तैनात स्वास्थ्य कर्मी व विद्यालय के शिक्षक के सहयोग से घायल छात्रा रानी को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसके बाएं हाथ की प्लास्टर किया गया. जानकारी के अनुसार मैच समाप्ति से 2 मिनट पूर्व यह हादसा हुआ.

युवक ने फांसी लगा कर ली आत्महत्या

जमशेदपुर। जमशेदपुर में इन दिनों आत्महत्या का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है. आए दिन लोग फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहे हैं. गुरुवार को भी एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मामला बागबेड़ा का है. वहां पिता से विवाद के बाद पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बागबेड़ा के हरहरगुट्टू निवासी 24 वर्षीय दीपक साहू उर्फ गोलू ने बड़ौदा घाट प्रधान टोला स्थित अपने गोदाम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. परिजनों को शुक्रवार को इसकी जानकारी तब मिली जब वे गोदाम में पहुंचे. उन्होंने देखा कि दीपक ने फांसी लगा ली है. इसकी सूचना पुलिस को दी गई. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

एनटीटीएफ आरडी टाटा टेक्निकल इंस्टीट्यूट में मना इंजीनियर्स डे

नवीन मेल संवाददाता

जमशेदपुर। भारत रत्न सर एम विश्वेश्वरैया के इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए 15 सितंबर को उनकी जयंती ह्वइंजीनियर्स डेह्व के रूप में मनाई जाती है. इस अवसर पर गोलमुरी स्थित एनटीटीएफ आरडीटाटा टेक्निकल इंस्टिट्यूट में शुक्रवार को इंजीनियर्स डे मनाया गया. प्राचार्य प्रीता जॉन एवं उप प्राचार्य रमेश राय ने संयुक्त रूप से सर एम विश्वेश्वरैया की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. छात्रों को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रीता जॉन ने बताया कि भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्म 15 सितंबर 1860 को कर्नाटक के मैसूर राज्य के मुदेनाहल्ली गांव में हुआ था. स्नातक परीक्षा में सर्वोच्च अंक हासिल होने पर मैसूर के महाराजा ने उन्हें पुणे स्थित कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पढ़ने के लिए भेजा. आगे प्राचार्य ने टाटा स्टील के प्रति सर एम विश्वेश्वरैया के योगदान को भी बताया. कार्यक्रम में सभी डिपार्टमेंट के विद्यार्थी मौजूद थे. इस अवसर पर श्रुति चौधरी और यश प्रसाद ने अपने विचार रखे. इस अवसर पर फर्स्ट प्राइज अदिती चौहान, सेकंड प्राइज हिमांशु शेखर गोपी एवं पूजा भालोटिया को थर्ड प्राइज प्रदान किया गया. कार्यक्रम में संयोजक एन शिवप्रसाद के साथ अनिल कु जावली, पंकज के गुप्ता, हरीश कुमार, दीपक सरकार, अजीत कुमार, मनीष कुमार, नकुल, प्रीति, मनीषा, ज्योति, बीरेंद्र आचार्य समेत अन्य उपस्थित थे.

धनबाद : पेमिया ऋषिकेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज में मनाया गया इंजीनियर्स डे

धनबाद। तोपचांची प्रखंड के साहोबहियार स्थित पेमिया ऋषिकेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज में शुक्रवार 15 सितंबर को इंजीनियर्स डे मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित व एम विश्वेश्वरैया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई. इस मौके पर विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में मौजूद विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि दिन वर्तमान समय में कचरा का उपयोग कर ईंधन व अन्य चीजों के लिए उपयोग में लाया जा सकता है. साथ ही कचरों से उत्पन्न कार्बन डाइऑक्साइड व अन्य गैसों को कम करने की जरूरत है.

डीएवी स्कूल ललपनिया में विख्यात अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को किया गया याद

बोकारो। डीएवी पब्लिक स्कूल टीटीपीएस ललपनिया में 15 सितंबर को अभियंता दिवस मनाया गया. इस अवसर पर विख्यात भारतीय अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की तस्वीर पर फूल-माला चढ़ाकर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया. प्राचार्या उषा राय ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अभियंता विश्वेश्वरैया के योगदान को महत्व पूर्ण बताया. शिक्षक कैलाश प्रजापति ने महान अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को भारत के लिए वरदान बताया. विज्ञान शिक्षक और विद्यार्थियों को उनसे समाज कल्याण की सीख लेने की सलाह दी. मौके पर शिक्षक राम निवास राय, अमित कुमार, विकास कुमार आदि मौजूद थे।

12 अक्तूबर को रांची में वैश्य मोर्चा का 5वां स्थापना दिवस

नवीन मेल संवाददाता

राची। गुरुवार को रांची के रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों एवं प्रकोष्ठ संगठन के पदाधिकारियों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार ने किया. यह बैठक आगामी 12 अक्टूबर होने वाले 5वां स्थापना दिवस की तैयारी के मुद्दे पर रखी गई थी. काफी चर्चा के बाद तय किया गया कि स्थापना दिवस समारोह रांची के मोरहाबादी स्थित संगम गार्डन सभागार में आयोजित किया जायेगा. तय किया गया कि कोर कमेटी की बैठक में गठित तैयारी समिति ही रांची महानगर सहित पूरे जिले में प्रचार-प्रसार, दौरा, बैठक और जनसंपर्क करने का दायित्व निभाएंगे. जबकि अन्य केंद्रीय पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष अपने अपने प्रखंडों एवं जिलों में बैठक करके स्थापना दिवस की तैयारी करेंगे. साथ ही यह भी तय किया गया कि समारोह में आने वाले अतिथियों के नामों की घोषणा 25 सितंबर के बाद होने वाली बैठक में किया जायेगा. बैठक में यह भी तय किया गया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम के साथ ही वर्तमान केंद्रीय समिति का कार्यकाल समाप्त हो जायेगा, इसलिए केंद्रीय समिति के पुनर्गठन का अधिकार केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू को दिया जाता है. इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहू, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहू, संजीव चौधरी, उप प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, उपेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहू, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, संगठन सचिव लखन अग्रवाल, अनिल वैश्य, मीडिया प्रभारी राहुल कुमार साहू, केंद्रीय सदस्य सत्यनारायण प्रसाद, कृष्णा साहु, नरेश साहू, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणू देवी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू उपस्थित थे.

हजारीबाग : नम आंखों से पंचायत समिति सदस्य को दी अंतिम विदाई

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। बड़कागांव प्रखंड के गांदलपुरा पंचायत स्थित पैतृक गांव जोराकाठ में 32 वर्षीय पंचायत समिति सदस्य मोहन महतो का शव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया. आलम यह था कि किसी के घर में चूल्हे नहीं जले. मोहन के बुजुर्ग माता-पिता की आंखों से गिरते अश्रुधार थमने का नाम नहीं ले रहा था. पत्नी और बच्चों का भी बुरा हाल था. रोते-बिलखते पूरे परिवार को कोई ढांढ़स बंधा रहा था, तो कोई अपनी पंचायत के प्रिय जनप्रतिनिधि की अंतिम संस्कार की तैयारी में लगा था. गम और गुस्से के बीच मोहन महतो के शव का अंतिम संस्कार किया गया. ग्रामीणों का कहना था कि मामले पर अब तक किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं की गई है. प्रशासन को चाहिए कि जल्द-से-जल्द दोषियों को पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम करे. इधर बड़कागांव थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस कार्रवाई कर रही है. कई बिंदुओं पर जांच चल रही है. जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा. दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. शुक्रवार की देर शाम नम आंखों से मोहन का अंतिम संस्कार जोराकाठ स्थित मरघट्टी नाला में विधि-विधान के साथ किया गया. मोहन के पार्थिव शरीर को पिता टीकू महतो ने मुखाग्नि दी.

एक शिक्षित महिला से पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के बेलकपी पंचायत में महिला सशक्तिकरण को लेकर जेएसएलपीएस के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित की गई।इस निमित मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक अमित कुमार यादव,जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, मुखिया ललिता देवी, पूर्व प्रमुख प्रीती गुप्ता मौजूद थे। अपने संबोधन में जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी महिलाएं काम करती है। सबसे बड़ी जिम्मेदारी महिलाओं को अपने परिवार का ख्याल रखना होता है। परिवार को देखते हुए वे अपना काम करती हैं । कहा कि मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने जेएसएलपीएस द्वारा जेंडर जस्टिस सेंटर पर चर्चा की और साथ ही बाल विवाह और खेल में महिलाओं की भागीदारी पर बात की। अपने संबोधन के द्वारा सभी का इस कार्यक्रम में भागीदारी के लिए आभार प्रकट किया। वही विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि महिलाएं शिक्षित हो तो पूरा परिवार शिक्षित हो जाता है। महिलाओं को सिर्फ आर्थिक ही नहीं बल्कि सामाजिक तौर पर भी सशक्त होने की जरूरत है। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, बेलकपी मुखिया प्रतिनिधि धीरेन्द्र पाण्डेय, टुकलाल नायक, जयराज पासवान, जॉन पीटर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

डीपीएस में दो दिवसीय ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

रांची। डॉ. एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, राँची एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् (जे.ई.पी.सी.) के तत्वाधान में झारखण्ड राज्य के 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रति विद्यालय एक शिक्षक के लिए दो दिवसीय ओरिएंटेशन एवं ट्रेनिंग कार्यशाला का आयोजन डीपीएस रांची में किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता डॉ. राम सिंह, डीपीएस के प्राचार्य और सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स, रांची के अध्यक्ष एवं इसका संचालन पी.एस.कालरा, प्राचार्य, विकास विद्यालय एवं सचिव, डॉ. एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, राँची के द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की राज्य परियोजना निदेशक, किरण कुमारी पासी मुख्य अतिथि रही एवं झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् के प्रशासी पदाधिकारी जयंत कुमार मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में डॉ. एस राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, रांची में शामिल विद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा सीबीएसई विद्यालयों के संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं को साझा किया गया एवं इसी विषय से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के प्राचार्यों को सीबीएसई के अंतर्गत संचालन की मानक प्रक्रिया पर विशेष प्रशिक्षण एवं उन्मुखीकरण देना होगा ताकि 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों के संचालन की व्यवस्था को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा निर्धारित तय मानकों के अनुरूप किया जा सके। इस कार्यक्रम में सीबीएसई विद्यालयों के प्राचार्यों ने वक्ताओं के रूप में शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अपने दृष्टिकोण और विशेषज्ञता को साझा किया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जो ज्ञान के प्रकाशन को साझा करने का प्रतीक था। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा दी गई स्वागत गान एवं नृत्य के प्रस्तुति ने सभा में उपस्थित सभी लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. राम सिंह, डीपीएस के प्राचार्य और सहोदय स्कूल कम्प्लेक्स, राँची के अध्यक्ष ने उपस्थित प्रधानाध्यापको एवं शिक्षकों को हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया ।उन्होंने श्रीमती किरण कुमारी पासी का विशेष धन्यवाद दिया, जिन्होंने राज्य स्कूल बोर्ड स्कूलों को सीबीएसई स्कूल में परिवर्तित करने के पहल की है।

तीन दिवसीय द्वितीय झारखंड स्टेट क्लोज्ड चैंपियनशिप शुरू

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड स्क्वैश रैकेट संघ एवं एसआरएफआई के तत्वावधान में तीन दिवसीय द्वितीय झारखंड स्टेट क्लोज्ड चैंपियनशिप का उद्घाटन शुक्रवार को अलबर्ट एक्का चौक स्थित क्रास कोर्ट में हुआ। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखण्ड ओलिंपिक एसोसिएशन महासचिव मधुकांत पाठक एवं कोषाध्यक्ष शिवेन्द्र नाथ दुबे ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पाठक ने कहा कि रांची जैसे शहर में इस तरह के आयोजन होना सुखद संकेत है। इस चैंपियनशिप के बाद खिलाड़ी देश विदेश में झारखंड का नाम करें, इसके लिए सभी को शुभकामनाएं देते हैं। दूबे ने भी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर झारखंड स्क्वैश रैकेट संघ के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर वरुण कुमार, उपाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, कोच आशिष कुमार बनर्जी एवं ओनर क्रास कोर्ट के आर्यन, पुनीत, सुभाष सिंह मुंडा, सुभाष गांगुली तथा चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ी एवं उनके अभिभावक भी मौजूद थे। चैंपियनशिप में ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल, टोरियन वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह जानकारी विपुल अग्रवाल ने दी।

सिमडेगा नगर भवन से 'चलो करें आवास पूरा अभियान' की शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण ₹चलो करें आवास पूरा अभियान₹ का शुभारंभ नगर भवन, सिमडेगा में दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह अभियान दिनांक 15 सितंबर 2023 से 10 अक्टूबर 2023 तक आयोजन किया जाएगा।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका लाभ पूरे देश के प्रत्येक प्रखंड, प्रत्येक पंचायत, प्रत्येक गांव में परिलक्षित हो रहा है। परंतु जिला में कई सारे लंबित आवास हैं जिसको विभिन्न कारणों से पूरा नहीं किया जा सका है। जैसे जो लाभार्थी हैं उनकी मृत्यु हो गई है, या स्थानांतरण हो गया हैं, या मापदंड के अनुरूप नहीं है एवं अन्य कारणों से पूरा नहीं हो पाया है। जिसके मद्देनजर सरकार द्वारा शेष अपूर्ण आवासों को तय समय में पूरा करने का निर्णय लिया गया है। जितने भी जिले में अपूर्ण आवास हैं वैसे लाभुकों को आवास पूर्ण करने के लिए हर सहायता मुहैया कराई जाएगी। उप विकास आयुक्त ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को मिलकर एक साथ काम करने की जरूर बताइए ताकि लक्ष्य के अनुरूप अभियान को सफल बनाया जा सके। इसके अलावा इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं प्रमुख, मुखिया के द्वारा संबोधन कर अपने विचार व्यक्त किया गया।इस अभियान का संचालन प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किया जाएगा। जिसका अनुश्रवण जिला स्तर पर उप विकास आयुक्त के माध्यम से किया जाएगा।मौके पर उप विकास आयुक्त अरूण वाल्टर सांगा, जिला परिषद सदस्य, डी.आर.डी.ए. डायरेक्टर श्री रवि किशोर राम, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रमुख, मुखिय पंचायत सचिव, ए.पी.ओ. डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर आदि उपस्थित थे।

सुखद संकेत

सीआइआइ झारखंड का ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट 2023 का आयोजन, उद्योग विभाग के सचिव बोले

ट्राइबल समुदाय के उद्यमियों को प्रोत्साहित कर रही सरकार

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार के उद्योग विभाग के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार ट्राइबल समुदाय के युवा उद्यमियों को आगे बढ़ाने के लिए कई कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्राइबल उद्यमियों के लिए अलग से से इंडस्ट्रीयल पार्क बनाने का निर्देश दिया है। इस पर कार्य चल रहा है। जल्द ही इस इंडस्ट्रीयल पार्क का लाभ ट्राइबल उद्यमियों को मिलेगा। वहीं सरकार ने ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें सही प्लेटफॉर्म देने की जरूरत की है। इस कार्य में ट्राइबल चैंबर, फेडरेशन ऑफ झारखंड जैसे कई संस्थाओं को सहयोग देना होगा। उद्योग सचिव शुक्रवार को स्थानीय होटल में सीआइआइ झारखंड की तत्वावधान में आयोजित ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप समिट 2023 में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय मंत्रालय और झारखंड सरकार ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप को हर संभव मदद कर रही है। इसके लिए कई नीतियां बनायी गयी है। ट्राइबल उद्यमियों का इसका लाभ उठाना चाहिए। इन्हें प्रोत्साहित करने के लिए सरकार कई प्रकार के फायदा दे रही है। समिट में सीआइआइ झारखंड राज्य काउंसिल के चेयरमैन उज्जवल चक्रवर्ती ने कहा कि झारखंड में आदिवासी समुदाय का विकसित होना जरूरी है। राज्य में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप की संख्या बढ़ी है। इन्हें सही मंच देना जरूरी है। झारखंड के उद्योग भविष्य की ओर देख रहे हैं और आदिवासियों के उत्थान के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा दोनों में समर्थन की आवश्यकता है। प्रभावी नीतियां किसी भी समाज में महत्वपूर्ण विकास ला सकती हैं। सीआइआइ झारखंड सीएसइआर के संयोजक सौरव रॉय ने कहा कि झारखंड में ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप पर और मजबूती से काम करने की जरूरत है। राज्य में कई वैल्यू चेंज आ रहे हैं। इसका कारण युवाओं का एंटरप्रेन्योरशिप में आना मुख्य कारण है। कई सेक्टर में एंटरप्रेन्योरशिप आ रहे हैं। यह झारखंड के सुखद संकेत है। कई लोग बड़े शहरों को छोड़ कर झारखंड में काम कर रहे है। इन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत है। ट्राइबल चेंबर के राष्ट्रीय महासचिव बसंत तिर्की ने कहा कि सरकार हमें सहयोग करें ताकि आदिवासी समाज भी व्यापार और कारोबार कर सके। राज्य सरकार के आग्रह है कि ट्राइबल उद्यमियों की भावना को समझे और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए नीतियों को अनुकुल करें। उन्हें अनुदान आदि का भी लाभ सरकार की ओर से मिले। समिट के उद्घाटन सत्र में धन्यवाद ज्ञापन सीआइआइ झारखंड के वाइस चेयरमैन रंजोत सिंह ने दिया। वहीं, तकनीकी सत्र में सीसीएल के निदेशक हर्ष नाथ मिश्रा, अडानी पावर झारखंड लिमिटेड के हेड कॉरपोरेट अफेयर्स संजीव शेखर, रीमा दास, असीम कंडुलना, स्मिता वर्मा, आरती विग, रणदीप भूषण सिंह मुंडा, कुमार अभिषेक उरांच, अमरनाथ लकड़ा, इक्फाई विश्वविद्यालय के वीसी प्रो रमन कुमार झा, प्रो रोहित कुमार, तरूण शुक्ला ने अपने विचार रखे।

NEWS इन ब्रीफ

धनबाद बम विस्फोट की आरोपी महिला रामगढ़ से गिरफ्तार

रामगढ़। धनबाद जिले के तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए बम विस्फोट कांड की मुख्य आरोपी गुड़िया देवी रामगढ़ से गिरफ्तार कर ली गई है। धनबाद पुलिस और रामगढ़ पुलिस ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से छापेमारी कर शहर से गुड़िया देवी को गिरफ्तार किया। इसकी पुष्टि करते हुए धनबाद के तोपचांची थाना के सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि आठ जनवरी को बाजार में एक बाइक में डेटोनेटर लगाकर धमाका किया गया था, जिसमें 6 लोग घायल हो गए थे। वारदात में विस्फोट करने वाला पिंटू वर्णवाल भी घायल हो गया था। पिंटू वर्णवाल ने इस साजिश में पत्नी गुड़िया देवी को भी पहले से शामिल कर रखा था। नक्सल प्रभावित तोपचांची थाना क्षेत्र में बम धमाके की छानबीन के दौरान पुलिस जब पिंटू वर्णवाल के घर पहुंची तो वहां विस्फोटकों का जखीरा मिला था। घर से भारी मात्रा में विस्फोटक (जिलेटीन) बरामद किया गया। दो बोरों में 264 पीस जिलेटिन भरकर रखा गया था।

हजारीबाग : दारू प्रखंड में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

हजारीबाग। दारू प्रखंड के गांवों में स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उप स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया. मेले में कई काउंटर लगाए गए थे. स्थानीय कई लोगों ने यहां इलाज भी कराया. इससे पहले मेले का शुभारंभ बीडीओ सह सीओ और चिकित्सा प्रभारी डॉ अमरेश कुमार ने किया. साथ ही हर काउंटर का निरीक्षण भी किया. चिकित्सा प्रभारी ने लोगों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां भी दीं. उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली के प्रति लोगों को जागरूक भी किया. मौके पर मौजूद डॉ प्रियंका, डॉ मुकेश झा, डॉ सुरेंद्र कुमार, प्रधान लिपिक शुभम कुमार, बीपीएम जागेश्वर शर्मा, अनूप कुमार, आलोक कुमार, पायल कुमारी, बीइइओ अरुण महतो, सुमित कुमार, रामानुज कुमार, रामकुमार महतो, उमेश प्रसाद और सहिया मौजूद थीं.

बरकट्ठा की बच्चियों ने खेलो झारखंड में लहराया परचम

बरकट्ठा। खेलो झारखंड के तहत जिला स्तरीय खेलकूद में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय बरकट्ठा के बच्चियों ने कई खेलों में सफलता प्राप्त कर बरकट्ठा का नाम रौशन किया। वहीं अंडर 17 वर्ग में माजरा खातून 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, बबीता कुमारी 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान, सुमन कुमारी 3 हजार मीटर दौड़ में तीसरा स्थान, माजरा खातून लांग जंप में पहला स्थान, नुसरत खातून भाला फेंक में दुसरा स्थान एवं अंडर 19 में बबीता कुमारी 15 सौ मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं बरकट्ठा का नाम रौशन किया। विद्यालय की खेल शिक्षिका पुनम महतो ने बताया कि इस विद्यालय की बच्चियों को खेलों में काफी रूचि है। यहां बच्चियों ने अपनी खेलों का लोहा हर जगह मनवाया है।

हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में दिशा की बैठक संपन्न, कहा

शत-प्रतिशत लाभुकों को दें योजना का लाभ

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। जिला समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को सांसद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित हुए। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू ने पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निदेर्शों के आलोक में हुए कार्यों की सभी को विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान सर्वप्रथम सांसद ने मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। साथ ही जिले के सभी पंचायतों में खेल मैदान स्थापित करने के उद्देश्य से हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर बेहतर गुणवत्ता के साथ खेल मैदान जिसमें शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सुनिश्चित करने, अमृत सरोवरों, खेल मैदानों आदि की जिओटैगिंग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष व वर्तमान वर्ष में किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए। वहीं, बैठक के दौरान सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मतकमा चौक से चुट्टूपालू, नया मोड़ से गिद्दी एवं अरगड्डा गिद्दी क्षेत्र में दामोदर नदी पुल पर सड़क निर्माण पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सांसद ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल से जिले में लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटर कनेक्शन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मर की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उन्हें ठीक करने हेतु कार्य करने का निर्देश दिया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से जिले में संचालित जलापूर्ति योजनाओं एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मौके पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कई क्षेत्रों में जलापूर्ति योजना के कार्य न करने से संबंधित मामले को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर सांसद ने जनप्रतिनिधियों को कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय करते हुए संयुक्त रुप से स्थल निरीक्षण कर जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना अंतर्गत पीएम कुसुम योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को सोलर पंप का लाभ देने के उद्देश्य से माननीय सांसद ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर लाभुकों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही सांसद ने

प्रखंड स्तर पर पर्याप्त संख्या में होर्डिंग लगाकर पीएम कुसुम योजना का प्रचार प्रसार करने को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने बच्चों की शिक्षा व्यवस्था व सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न माध्यमों से किए गए कार्यों की जानकारी ली। मौके पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित कोचिंग परियोजना, रेल परियोजना आदि की विस्तृत जानकारी सभी को दी गई। मौके पर माननीय सांसद ने जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों के साथ उच्च विद्यालय के बच्चों के लिए शिक्षा संबंधित अन्य परियोजनाओं को संचालित करने को लेकर चर्चा की। बैठक के दौरान सांसद ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन रामगढ़ से स्वास्थ सुविधाओं को बेहतर करने के दिशा में किए जा रहे कार्यों के विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा डीएमएफटी के तहत चिकित्सकों व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति हेतु की जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। मौके पर सांसद के द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत ज्यादा से ज्यादा मरीजों को लाभान्वित करने, सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान के तहत ज्यादा से ज्यादा मरीजों का इलाज करने, जिले के विभिन्न क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधियों, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

तोपा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय

शिक्षक नशे में धूत होकर शिक्षकों और बच्चों के साथ किया दुर्व्यवहार

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़ । नशे में धूत होकर राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय तोपा में प्रतिनियोजित सहायक शिक्षक राजेश कुमार द्वारा शुक्रवार को विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों व छात्र-छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार का मामला प्रकाश में आया है । जिसकी जानकारी प्रधानाध्यापक देवनंदन ठाकुर द्वारा ग्राम शिक्षा समिति अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों को दी गई । वहीं, नशेड़ी शिक्षक द्वारा बच्चो सहित अन्य शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार की बात कही जा रही है । नशे में धुत शिक्षक को लोगों ने समझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन वह पूरी तरह से नशे में होने के कारण लोगों की बात को अनसुना करते रहे । इसके बाद अध्यक्ष व अन्य लोगों ने शिक्षक को पकड़कर कुजू पुलिस के हवाले कर दिया। साथ ही मामले

की लिखित सूचना ग्राशिस अध्यक्ष द्वारा कुजू पुलिस को देते हुए ऐसे शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा स्कूल के माहौल को बिगड़ने से बचाने का अनुरोध किया गया । इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवनंदन ठाकुर ने बताया कि अनुकंपा के आधार पर राजेश कुमार को नौकरी मिली है। 7 दिसंबर 2018 को राजकीय मध्य विद्यालय तोपा में इन्होंने योगदान दिया। योगदान देने के बाद से हीं प्रतिदिन शराब पीकर विद्यालय आना उनकी दिनचर्या है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों सहित विद्यालय के बच्चों ने भी संयुक्त हस्ताक्षर युक्त आवेदन के माध्यम से जिले के उपायुक्त को दी है।

सीएचसी बरकट्ठा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन

बरकट्ठा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में स्वास्थ्य मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। वहीं उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव, प्रमुख रेणु देवी, उपप्रमुख सुरजी देवी, बीस सुत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, अंचलाधिकारी श्रीकांत मांझी, जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया, मुखिया प्रमीला देवी, पंसस प्रिती गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष इन्द्रदेव प्रसाद, जिप प्रतिनिधि सी के पांडेय, पुर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, पंसस युसुफ अंसारी, रामचंद्र साव,बनीता कुमारी, चिकित्सा प्रभारी डॉ रत्नारानी ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रत्ना रानी व मंच संचालन बीटीटी प्रकाश पंडित ने किया। स्वास्थ्य मेला में आयुर्वेद चिकित्सा,योगा,बीपी, शुगर,टीवी,मलेरिया,नेत्र जांच के लिए अलग अलग काउंटर बनाये गये थे।वहीं वहीं विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित मरीजों के इलाज किया जा रहा था।

सलैया में पोषण माह कार्यक्रम के तहत गोद भराई कार्यक्रम आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

बरकट्ठा। प्रखंड के सलैया अडवार आंगनबाड़ी केंद्र में सीडीपीओ नीलू रानी, प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी,मुखिया संघ अध्यक्ष इंद्रदेव प्रसाद तथा लोगों की उपस्थिति में 5वां राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन पर्यवेक्षिका संयुक्ता कुमारी ने किया । ज्ञात हो कार्यक्रम 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पूर्व निर्धारित है जिसमें महिला स्वास्थ्य एवं बच्चो के शिक्षा की मजबूती के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं विभिन्न प्रकार के कुपोषण से बचाव को लेकर सीडीपीओ नीलू रानी ने लोगों को जागरूक किया। संजुक्ता कुमारी ने गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं को पोषण से संबंधित विशेष जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख रेणु देवी ने कहा हम सभी प्राकृतिक वस्तु को ही अपनाएं तो जीवन बेहतर

रहेगा और अपने स्वास्थ्य के साथ बच्चों के स्वास्थ्य पर भी विशेष रूप से ध्यान दें। कहा कि अपने-अपने बच्चों का टीका समय पर करवाएं तथा आंगनबाड़ी अवश्य भेजें। कार्यक्रम में गोद भराई का रस्म भी किया गया। जिसमें मुख्य रूप से संतोषी कुमारी पति सूरज कुमार, सविता कुमारी पति रोहित प्रसाद, सोनम रानी, मोती कुमारी का किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुमारी अनुश्री, सेविका प्रेमलता कुमारी, उर्मिला कुमारी, सुनीता कुमारी, मनोरमा देवी, जमुना देवी, उमा देवी, बीनू कुमारी, मतींडा टोप्पो,राजेंद्र कुमार समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

योजना निर्माण को लेकर जिप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

बरही । योजना निर्माण को लेकर धनवार पंचायत के कोरियाडीह शिव मंदिर प्रांगण में मुखिया राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में ग्रामीणों की महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष उमेश मेहता और जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव शामिल हुए. जिनका स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया. मुखिया ने ग्रामीणों की मांग पर जिप अध्यक्ष से पंचायत के कोरियाडीह, धनवार, बड़दाग, सिंहपुर खुर्द एवं लठिया गांव में सड़क निर्माण की मांग रखी. उन्होंने बताया कि उक्त मार्ग श्मशान घाट तक जाने के साथ किसानो के खेत तक जाने के लिए अत्यंत जरूरी है. उन्होंने यह भी बताया कि तीन वर्ष पूर्व शमशान घाट के निकट के चैक डैम का बांध टूट जाने से डैम का पूरा पानी बह गया है. इससे दो सौ एकड़ सिंचित किया जाता था. जिप अध्यक्ष से उक्त तीनों योजनाओ को पूर्ण करवाने का मांग किया गया. ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए जिप उपाध्यक्ष व अध्यक्ष ने उक्त कार्य को डीएमएफटी योजना से छः महीने के अंदर पूरा करवाने की बात कही. उन्होंने कहा कि जिले में होने वाले विकास कार्यों एवं कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए वे लोग पूरी तरह प्रतिबद्ध है.

अमृत वाटिका निर्माण को लेकर करियातपुर और बरही में अमृत कलश यात्रा आयोजित

नवीन मेल संवाददाता

बरही । मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बरही और करियातपुर में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया. इसी क्रम में हजारीबाग रोड बूथ संख्या 321 से राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित स्व पंडित सुखदेव राम की बहू जमुना देवी और करियातपुर बूथ संख्या 264 में तोखन प्रजापति के आवास पर सेवानिवृत शिक्षक मुरली मनोहर प्रसाद ने मिट्टी देकर अमृत कलश यात्रा को विदा किया. विदित हो कि अमृत कलश यात्रा के तहत देश के हर कोने से 7500 कलश में देश के विभिन्न हिस्सों से पवित्र मिट्टी और पौधे देश की

राजधानी दिल्ली पहुंचेगी. जिससे राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास अमृत वाटिका बनाई जाएगी. जो एक भारत श्रेष्ठ भारत का भाव प्रतिक बनेगा. साथ ही वीरों के श्रद्धांजलि के रूप में शीला फल कम स्थापित किया जाएगा . मिट्टी का नमन और वीरों का वंदन मेरी माटी मेरा देश अभियान के प्रमुख घटक है. इस दौरान बरही ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, केशव यादव, कमल शंकर पंडित, अनिल चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे.

आम रास्ता अतिक्रमण को लेकर रैयतों का धरना, सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

बरही । सार्वजनिक रास्ता बंद किए जाने के विरोध में विकास साव की अगुवाई में तेली टोला वासियों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना दिया. धरना ने शामिल लोगो का आरोप था कि उनलोगो का सार्वजनिक रास्ता युवराज साव के मकान निर्माण से बाधित हो रहा है. इस संबंध में अंचलाधिकारी ने भी अतिक्रमण स्थल खाली करने हेतु दो बार नोटिस देकर थाना को सूचित करने की औपचारिकता पूरी की है. जिसे पुलिस के द्वारा भी खानापूर्ति कर दिया गया है. इस संबंध ने एसडीओ, उपायुक्त, एसपी सहीत अभी स्थानीय वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधियों को सूचना दिया जा चुका है. परंतु कही से उचित कोई न्याय नहीं मिल रहा है. मजबूर होकर वे सभी अपने मांगो के समर्थन में आमरण धरना पर बैठे है. इस संबंध ने धरनार्थियों ने प्रखंड प्रमुख मनोज रजक को आवेदन देकर उचित न्याय की मांग की है. प्रखंड प्रमुख ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है उचित न्याय के लिए हर संभव कदम उठाएंगे. सीओ की अनुपस्थिति में सीआई सतीश कुमार सिन्हा ने धरनार्थियों को बताया कि वर्तमान ने सीओ का स्थानांतरण हो चुका है. नए सीओ सोमवार को योगदान देंगे, उनके आदेशानुसार आगे की कारवाई की जायेगी.

लगाई गुहार

शिक्षक के साथ खराब आचरण और पढ़ाई में व्यवधान डालने के आरोप में की गई कार्रवाई

फाहिमा एकेडेमी के 13 छात्र एक माह के लिए सस्पेंड

नवीन मेल संवाददाता

हजारीबाग। फाहिमा एकेडेमी के 13 विद्यार्थियों को महीने के लिए स्कूल प्रबंधन की ओर से सस्पेंड कर दिया गया है. अब छात्र-छात्राओं के माता-पिता इस बात को लेकर परेशान हैं कि आखिर स्कूल प्रबंधन ने यह कड़ा कदम क्यों उठाया है. इसे लेकर उन्होंने शुक्रवार को उपायुक्त के जनता दरबार में आकर गुहार लगाई और मामले को लेकर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है. विद्यार्थियों के माता-पिता का कहना है कि क्लास 10वीं के 13 बच्चे एक निजी ट्यूशन करते हैं और उसी से खफा होकर स्कूल प्रबंधन ने यह कदम उठाया है. यह सरासर गलत कदम है. उन्होंने यह भी बताया कि सस्पेंड करने के पहले छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल प्रबंधन ने मारपीट भी की. जब इसकी शिकायत करने के लिए लोहसिंघना थाना गए, तो बच्चों को नोटिस भेज दिया गया. अब यह पूरा मामला अभिभावक और स्कूल प्रबंधन के बीच आरोप-प्रत्यारोप का हो गया है. स्कूल की एक छात्रा ने जानकारी दी कि यह मामला 13 सितंबर का है. स्कूल की प्राचार्या ने क्लास रूम में आकर ट्यूशन को लेकर पूछताछ की. जब उन्हें पता चला कि सभी बच्चे ट्यूशन पढ़ रहे हैं, तो उन्होंने यह कार्रवाई की है. उसका यह भी कहना है कि एक बार में 13 बच्चों को सस्पेंड करना समझ के परे है. स पूरे मामले में फाहिमा एकेडेमी प्रबंधन ने अपना पक्ष रखा है. प्रबंधन की ओर से बताया गया कि 13 छात्र पूरे क्लास को परेशान करते थे और शिक्षकों के साथ गलत आचरण भी करते थे. इसलिए सभी को एक माह के लिए सस्पेंड किया गया है. सभी छात्र दसवीं क्लास के है. यह मामला उस वक्त तूल पकड़ा जब एक यू-ट्यूबर ने अभिभावकों के विरोध की बात को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. अब स्कूल प्रबंधन से भी पुलिस ने पूछताछ की है. स्कूल प्रबंधन ने विज्ञप्ति जारी कर इस बात पर आपत्ति जताई है कि यू-ट्यूबर ने एकपक्षीय वीडियो क्यों वायरल किया.

डीलर की मनमानी पर जांच करने पहुंचे अधिकारी

बरकट्ठा । प्रखंड क्षेत्र के जतघघरा में डीलर सहदेव यादव द्वारा कार्डधारियों के बीच जुलाई और अगस्त माह का राशन नहीं वितरण करने पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय का घेराव गुरुवार को किया था। जिसको सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। वहीं ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार, एसडीओ पूनम कुजूर, सीओ श्रीकांत लाल मांझी,बीडीओ कृतिबाला लकड़ा, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मिन्टू रजक की उपस्थिति में ग्रामीणों व डीलर के बीच बैठक की गई। एमओ के मुताबिक अधिकारियों के समक्ष डीलर ने अपनी गलती को स्वीकार किया। साथ ही लाभुकों को दस दिनों के अंदर यानी 25 सितंबर तक राशन वितरण करने का लिखित समय लिया।

कोडरमा में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

लाभुकों को आवास पूरा करने के लिए करें प्रेरित : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लंबित आवासों को पूरा कराने की पर जोर दिया जा रहा है. समाहरणालय सभागार में लंबित आवासों पर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक हुई. चलो करें आवास पूरा अभियान का शुभारंभ उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने की. उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त द्वारा प्राप्त विभागीय निर्देश के आलोक में 16 सितंबर से 10 अक्टूबर तक सभी प्रखंड/ पंचायत स्तर पर यह अभियान चलाये जायेंगे. उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अपूर्ण आवास को पूरा करने के लिए प्रेरित करें. उपायुक्त ने योजना के प्रखंड समन्वयक, पंचायत सचिव, पंचायत सेवक तथा रोजगार सेवक को अभियान को पंचायत, गाँव, टोला स्तर पर क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया. डीसी ने कहा कि एक्शन प्लान बनाते हुए अपूर्ण आवास के लाभुकों का डोर टू डोर संपर्क करें तथा उसे आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें. अपूर्ण आवास को पूर्ण कराने में पंचायत प्रतिनिधि यथा मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्यों का योगदान महत्वपूर्ण होता है. उनको भी सहयोग दें.

कोडरमा: केटीपीएस में सोलर प्लांट का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

कोडरमा। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण व डीवीसी के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने शुक्रवार को कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन (केटीपीएस) में दो मेगावाट का ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन किया। यह झारखंड के पहला सोलर प्लांट है। डीवीसी अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद ने कहा कि अभी कोडरमा थर्मल पावर प्लांट के दो मेगावाट सोलर आधारित बिजली उत्पादन का उद्घाटन किया गया है। बाकी 8 मेगावाट के लिए चिन्हित स्थानों में सोलर पैनल स्थापित किया जा रहा है। पूरी तरह से जब 10 मेगावाट सोलर पावर प्लांट तैयार कर लिया जाएगा तब इसके जरिए उत्पादित बिजली को ग्रीड में सप्लाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाला समय ग्रीन एनर्जी और रिन्यूअल एनर्जी का है। इस दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। केटीपीएस के वरीय महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि सोलर एनर्जी सूर्य की रोशनी से प्राप्त एनर्जी है, जिसे सोलर पैनल की मदद से एकत्रित किया जाता है। इसके बाद इसका उपयोग बिजली के स्रोत के रूप में किया जाता है। पिछले कुछ समय में भारत में सोलर एनर्जी का प्रयोग तेजी से बढ़ा है। अब कोडरमा के लोग भी इससे लाभान्वित होंगे। कार्यक्रम का संचालन डीजीएम हरिश्चंद्र सिंह ने किया। इस दौरान वरीय प्रबंधक अर्णव मित्रा, सेफ्टी पदाधिकारी गोपाल हलधर, एचआर पदाधिकारी नरेश साह, प्रभु महतो, सुधीर व्यास, प्रवीर चांद, संतोष प्रसाद, सुनील कुमार सिन्हा, मानस मंडल, विनोद कुमार राय, रणजीत कुमार सिंह, रवि शंकर कुमार, कुलदीप कुमार, सुधीर कुमार, विजय राणा आदि मौजूद थे।

टोटो ने बाइक में मारी टक्कर, महिला गंभीर

कोडरमा। जयनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे टोटो की चपेट में आने से बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. जानकारी के मुताबिक, बगोदर थाना क्षेत्र के अटका निवासी सुशील कुमार दास की पत्नी लीलवा देवी (45) अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठ कर पिपचो आ रही थी. इसी क्रम में तेतरोन नावाडीह के समीप टोटो ने बाइक में टक्कर मार दी. जिसमें महिला गिर गई. स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस से घायल महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया. चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया.

कुरडेग स्वास्थ्य मेला में उमड़े लोग

नवीन मेल संवाददाता

कुरडेग। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरडेग में शुक्रवार को प्रखण्ड स्तरिय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उदधाटन जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा , प्रखण्ड प्रमुख सरस्वती देवी , जिला बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल , प्रखण्ड बीस सुत्री अध्यक्ष वाल्टर टोप्पो , अंचल अधिकारी कृष्ण मुरारी तिर्की , चिकित्सा प्रभारी डॉ० दीलीप कुमार बेहरा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । विभागीय निर्देश के आलोक में आयोजित मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए इसमें ब्लड प्रेशर , डायवीटीज , जाँच के साथ टी बी , एनीमिया जैसी बिमारियों के प्रति जागरूक भी किया गया मेला में पहुंचे लोगों को ब्लड प्रेशर , मधुमेह , गर्भावस्था के दौरान जरूरी देखभाल , एनिमिया , टी बी , बीमारी सहीत अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संवंधित मामलों के प्रति जागरूक करते हुए जाँच के बाद आवश्यक दवाओं का वितरण किया गया। वहीं स्वास्थ्य मेले में नेत्र जॉच , सुगर , मलेरिया तथा परिवार नियोजन के अलावे दर्जनों स्टॉल लगाए गए ।

इंजीनियर डे पर सेक्रेड हार्ट स्कूल में करियर काउंसलिंग का आयोजन

कोडरमा। इंजीनियर डे के अवसर पर सेक्रेड हार्ट स्कूल में छात्रों के बीच करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया. इस अवसर पर वक्ता के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर दीपक झा मौजूद थे. उन्होंने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में संभावनाओं पर अपने विचार रखे. उन्होंने छात्रों से कहा कि इंजीनियरिंग सेक्टर में छात्र अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं. इस क्षेत्र में छात्रों के लिए कई सारे विकल्प खुले हुए हैं. इससे पहले विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा और प्राचार्य नवीन कुमार ने मोटिवेशनल स्पीकर दीपक झा का स्वागत किया. प्राचार्य नवीन कुमार ने भी करियर से संबंधित छात्रों का मार्गदर्शन किया. इस मौके पर शिक्षकों में शंकर कुमार, दीपक सर्राफ, पायल सिंह, विक्की कुमार के अलावा क्लास टेंथ और एलेवन्थ के सैकड़ों बच्चे मौजूद थे.

कोडरमा : रोटरी क्लब ने मनाया हिंदी दिवस

कोडरमा। झुमरी तिलैया रोटरी क्लब ने कोडरमा सभागार में हिंदी दिवस मनाया. सर्वप्रथम राष्ट्रगान के साथ सभा की शुरूआत हुई. अध्यक्ष विकास सेठ ने स्वागत भाषण दिया. वहीं मौके पर सचिव नवीन जैन, रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर कुमार पुजारा, पूर्व अध्यक्ष सुरेश जैन, रितू सेठ, कैलाश चौधरी, रोटेरियन अमित कुमार, प्रवीण बरनवाल, सुरेश सेठी, धर्मेंद्र प्रसाद ने हिंदी दिवस पर अपनी बातों को रखा और कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति है. हिंदी में बात करने से आत्मीयता और सरलता नजर आती है. पूरे देश की आधी आबादी हिंदी राजभाषा को अपना मानती है. हिंदी में जो अपनापन है वह किसी दूसरी भाषा में नहीं है. हमें अपने बच्चों को अपनी राजभाषा में मजबूत बनाना चाहिए. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी औरस्वामी विवेकानंद ने राजभाषा हिंदी को आगे बढ़ाने में सबसे अधिक योगदान दिया. यही कारण है कि आज भारत अपनी संस्कृति और राजभाषा के कारण विश्व गुरु बनने की राह पर है. राजभाषा में देश के मिट्टी की महक आती है.

कोडरमा : डीसी ने जनता दरबार में सुनी समस्याएं, समाधान का दिया आश्वासन

कोडरमा। डीसी मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया. जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोग जनता दरबार में पहुंचे और अपनी समस्याओं को डीसी के समक्ष रखा. डीसी ने एक-एक कर सभी की समस्याएं सुनी और जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया. जनता दरबार में आपत्ति के बावजूद भी दाखिल खारिज करने, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनाने, कोडरमा प्रखंड परिसर में निर्माण हो रहे पुस्तकालय भवन की गुणवत्ता की जांच कराने, एनजीओ में महिलाओं को आर्थिक रूप से मदद करने, बिरहोर कॉलोनियों में स्वास्थ्य शिविर लगाने समेत कई मामलों से संबंधित आवेदन आये. ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद डीसी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों की जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया.

सर्पदंश से बच्चे की हालत बिगड़ी, रिम्स रेफर

कोडरमा। सतगावां थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले 7 वर्षीय गोलू कुमार, पिता विपिन कुमार को सांप ने कांटा. जिसके बाद बच्चा बेहोश हो गया. जानकारी के अनुसार, बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था. इसी दौरान में सांप ने काट लिया. तबियत बिगड़ने पर परिजन बच्चे को सदर अस्पताल ले गये. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया.

सिमडेगा उपायुक्त की अध्यक्षता में नीति आयोग से संबंधित समीक्षा बैठक, बोले

आंगनबाड़ी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं बहाल करें

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नीति आयोग से संबंधित समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उपायुक्त ने हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, एजुकेशन, एग्रीकल्चर एंड वॉटर रिसोर्सेस, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं फाइनेंसियल इन्क्लूजन से संबंधित सभी इंडिकेटरों की समीक्षा कर आवश्यक महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत निर्धारित इंडिकेटर्स को लक्ष्यों को ससमय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सबसे पहले स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी इंडिकेटर्स से जुड़े कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की तथा संस्थागत प्रसव, टीकाकरण के साथ-साथ टीबी जांच आदि की समीक्षा कर रैंकिंग में सुधार लाने का निर्देश दिया। गर्भवती महिलाओं के ए.एन.सी. जांच में सुधार लाने हेतु स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों में कुपोषण संबंधी मामलों की समुचित जांच करने हेतु जांच सामग्री देने का निर्देश दिया। जिससे कि पोषण और स्वास्थ्य के इंडिकेटर में सुधार किया जा सके।शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में उन्होंने विद्यालय में रसोई घर, शौचालय, बिजली, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं नहीं हैं वहां सभी सुविधाओं को ससमय बहाल सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सुक्ष्म सिंचाई समेत कृषि से संबंधित सभी इंडिकेटर्स के प्रगति को और बेहतर करें। उन्होंने पशुओं के टीकाकरण करने की दिशा में पशुपालन पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नीति आयोग के द्वारा जो निर्धारित मानक हैं, उसे पूरा करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के तहत ओवर ऑल रैंकिंग को बढ़ाने हेतु कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में सिविल सर्जन डॉ. अजीत खलखो, जिला योजना पदाधिकारी रमण कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी आत्म अभय टोप्पो, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल जयप्रकाश चौधरी, श्रम अधीक्षक पुनीत मिंज, जिला नियोजन पदाधिकारी सुश्री आशा मैक्सिमा लकड़ा, एडीएफ असीम आदि उपस्थित थे।

आरसी मवि. बांकी में मना क्रूस विजय पर्व

बानो। आरसीएम बांकी में क्रूस विजय पर्व मनाया गया फादर रोशन सोरेंग मिस्सा सम्पन्न किए। अपने संदेश में बोलते हुए कहा क्रूस हमारे लिए जीत का प्रतीक है, क्रूस के द्वारा हम सभी बचाये गये हैं। क्रूस हमें शिक्षा देती है कि जीवन में असफलता और सफलता दोनों है। हमें असफलता को भी स्वीकार कर सकना चाहिए। असफलताओं एवं कमजोरियों के बावजूद धीरज से आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि उन्होंने हमारे लिए कीमत चुकायी है।आज समय बहुत तेज गति से चल रही है। बच्चों को आज्ञाकारी बनना है। बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद आवश्यक है। स्कूलों में या अपने गाँव मे समय निकाल कर खेल कूद में अवश्य भाग ले ।खेल कूद से शरीर ऊजार्वान बनी रहती है ।इस अवसर पर बच्चों के बीच मनोरंजन के लिए खेल कूद हुआ। मौके पर सि.सुशीला ,सि. मालती, शिक्षिका मेरी जूलिया ,रश्मी ,इलिजाबेद, सरोज ,शिक्षक सिमोन एवं सामुएल उर्फ राजू कंडुलना आदि लोग उपस्थित थे।

बानो थाना में शांति समिति की बैठक

बानो। बानो थाना के प्रांगण में शुक्रवार को गणेश पूजा व विश्वकर्मा पूजा को लेकर शान्ति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में थाना प्रभारी फिलिप मिंज ने कहा सप्ताह में दो महत्वपूर्ण पर्व है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर तथा विश्वकर्मा पूजा शांति पूर्वक मनाए । किसी तरह की कोई घटना हो तो तुरंत प्रशासन को जानकारी दे । अफवाह को ध्यान न दे ।विसर्जन जुलूस में समिति के सदस्यों का भोलन्टियर रखे ।बैठक में हेलमेट चेकिंग का मुद्दा उठा ।जिसमें कहा गया कि चौक के आस पास आधा किलोमीटर में लोगो को छूट दी जाय।

याद किए गए मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। अभियंता दिवस के मौके पर सिमडेगा भवन निर्माण कार्यालय में शुक्रवार को सुबह 11:00 अभियंता दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता जेपी चौधरी , लघु सिंचाई विभाग के राकेश कुमार , आरसीडी सुनील कुमार एवं आरईओ के राम नरेश सिंह मौजूद रहे जहां पर सर्वप्रथम भारत रत्न अभियंता मोक्ष गुंडम विश्वेश्वरैया के तस्वीर पर दीप प्रज्वलित करते हुए सदा समझी मौके पर सिमडेगा जिले भर से आए हुए अभियंताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल के अभियंता जेपी चौधरी ने कहा 15 सितंबर को इंजीनियर्स डे इंजीनियरों द्वारा किए गए असाधारण काम और सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की स्थायी विरासत की याद दिलाता है। यह हमें उन इंजीनियरों की सराहना करने के लिए प्रोत्साहित करता है जो हमारी दुनिया को आकार देते हैं, अगली पीढ़ी के इनोवेटर्स को प्रेरित करते हैं, और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में इंजीनियरिंग की महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ते हैं। इस मौके पर विभिन्न विभागों के कनिय अभियंता सहायक अभियंता मौजूद रहे।

यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

सिमडेगा। सिमडेगा महिला थाना की पुलिस ने शादी की झांसा देकर एक युवती के साथ यौन शोषण करने के मामले में सोगड़ा मानकी टोली गांव निवासी प्रभात बड़ा नामक युवक को गिरफ्तार करते हुए सिमडेगा जजेल में भेज दिया मजानकारी देते हुए थाना प्रभारी मंजूश्री कुंतल ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ ठेठईटांगर थाना क्षेत्र की एक युवती के द्वारा शादी की झांसा देखकर अलग-अलग स्थान में उसके साथ यौन शोषण करने का मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज करने के बाद आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया और पूछताछ कि दौरान उसने अपना जुर्म स्वीकार किया इसके बाद थाना में इस संदर्भ में युवती के लिखित आवेदन के आधार पर सिमडेगा महिला थाना कांड संख्या 21/23 धारा 376 ,506 ,504 के तहत उसे न्याय किरासत में जेल भेज दिया।

युवक की इलाज के दौरान मौत

सिमडेगा। सिमडेगा की कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अघरमा पुलिया के पास बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में मोटरसाइकिल सवार लालदेव झोरा नामक 25 वर्षीय युवक की इलाज के क्रम में सदर अस्पताल सिमडेगा में मौत हो गई।मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद सब इंस्पेक्टर जयनाथ राम सदर अस्पताल पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के भाई विश्वनाथ झोरा ने बताया कि वह किसी काम को लेकर मोटरसाइकिल से घर से निकला था और अचानक सड़क हादसे की जानकारी मिली। जिसके बाद उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलेबिरा ले जाया गया। यहां से उसकी स्थिति को देखते हुए सिमडेगा रेफर किया। जहां पर देर रात उसकी इलाज के क्रम में मौत हो गई। इधर पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है।

ग्रामीण परेशान

कंस्ट्रक्शन कंपनियों के उदासीनता के कारण गंदा पानी पी रहे हैं ग्रामीण

जलडेगा में लूट-खसोट की भेंट चढ़ी जल-नल योजना

नवीन मेल संवाददाता

जलडेगा। झारखंड सरकार ने राज्य के सभी गांवों को सोलर जलमीनार के माध्यम से पानी मुहैया कराने का फैसला लिया है। निःसंदेह सरकार का ये फैसला सराहनीय है। लेकिन क्या इस फैसले का तय नियम और सही तरीके से धरातल पर इंप्लीमेंट किया जा रहा है क्या अधिकारी और मुखिया सरकार का साथ दे रहे हैं? इन सवालों का जवाब ढूंढना हो तो जलडेगा के किसी भी गांव में लगे जलमीनार के पास जरुर जायें और देखें। आप देखेंगे कि जारी किये गये फंड के अनुरुप काम बिल्कुल नहीं हो रहा है। आखिर ऐसा क्यों? क्या है माजरा? इसे समझने की जरुरत है। जलडेगा के अलग अलग पंचायतों में दिसंबर 2022 से लगभग 150 से भी अधिक जलमीनार अधिष्ठापन करने का काम शुरू तो हुआ परंतु 9 माह बाद भी सभी जगह काम अधूरे हैं। नौ माह बीत जाने के बाबजूद भी कंस्ट्रक्शन कंपनियां अभी तक एक भी जलमीनार को हैंडओवर नहीं कर पाई है। एक भी जलमिनार अभी तक पूर्ण रूप से कंप्लीट नहीं हुआ है। हर जलमीनार में कुछ न कुछ शिकायत देखने को मिल रहा है। ग्रामीण तो ग्रामीण यहां तक कि जल सहिया भी कंस्ट्रक्शन कंपनियों के कार्य से नाखुश हैं। ग्रामीणों को जब पता चला कि उनके गांव में जलमीनार लगने वाला है, तब लोग खुशी से झूम उठे थे, उन्हे लगा था की गर्मी के दिनों में उन्हें पानी के लिए दर दर नहीं भटकना पड़ेगा, लेकिन ग्रामीणों की यह खुशी महज कुछ दिनों के लिए ही था, ग्रामीणों को कल भी गर्मी के दिनों में दाड़ी का गंदा पानी पीना पड़ा और आज बरसात के समय में भी कंस्ट्रक्शन कंपनी के उदासीनता के कारण खेत का गंदा पानी पीना पड़ रहा है। ऐसा ही एक मामला टाटी पंचायत के बाड़ीबृंगा पाहन टोली से आया है जहां पर ग्रामीणों को पेयजल के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। यहां के ग्रामीण कपड़ा धोना, नहाना, बर्तन धोना आदि अन्य काम खेत का बरसाती पानी से कर रहे हैं। गांव में एक नल है जो विगत तीन - चार महीने से खराब है। ग्रामीणों के अनुसार जय मां कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी विगत पांच छः महीने से जल मीनार का काम अधुरा छोड़कर, सामान फेंक कर फरार है। जलमीनार निर्माण के रुप में सिर्फ फाउंडेशन बनाया गया है। लोगों का कहना है जलमीनार बनेगा अथवा नहीं इसका हमें भी पता नहीं है। गांव की बसन्ती कन्डुलना, फगुनी कन्डुलना, बीनी कन्डुलना, सालमी कन्डुलना, बिरसी कन्डूलना, मीना कन्डुलना, सिलबीना कन्डूलना सइलवन्तई कन्डुलना, मोनिका कन्डुलना बिरसा कन्डुलना कहती हैं गांव से करीबन तीन सौ मीटर दूर बुजुर्गों का बनाया एक कुआं है जिससे पीने का पानी मिलता है। गांव के 12-13 परिवारों को पीने के पानी के लिए काफी जद्दोजहद करन पड़ता है। लेकिन विगत कई महीने से नल खराब होने से गांव के लोग पेयजल पानी की समस्या से जुझ रहे हैं। जलमीनार की उम्मीदें भी टूट चुकी है।

जमशेदपुर ने चाईबासा को 2-1 से दी शिकस्त

नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़
झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित झारखण्ड राज्य अंतरजिला फुटबॉल प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच जमशेदपुर बनाम चाईबासा जिला की टीम के बीच खेला गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत स्थानीय परियोजना 10+2 उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित उक्त मैच में जमशेदपुर की टीम ने चाइबासा की टीम को 2-1 गोल से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार जमशेदपुर के खिलाड़ी रंजीत मार्डी को ट्रॉफी व 1000 रूपए नगद मुख्य अतिथियों द्वारा देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में दोनों टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मध्यांतर के पूर्व तक दोनों टीम एक- एक गोल की बराबरी पर रहीं। बाद में जमशेदपुर की टीम ने कड़े मुकाबले के बीच 2-1 गोल से जीत दर्ज कर ली। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में बड़गड़ बीडीओ विपिन कुमार भारती, जेएमएम के केंद्रीय सदस्य जय प्रकाश मिंज, सिप्रियन केरकेट्टा, शिक्षा विभाग के ओमप्रकाश, सुशिल सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे । इसके पूर्व खेल की शुरूआत मुख्य अथिति द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। वहीं मध्यांतर के बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर खिलाड़ियों व आगत अथितियों का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिला खेल असोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ ही सरूअत हिल स्पोर्ट्स एसोसिएशन समूह के संदीप गुप्ता, रविरंजन तिर्की, सूपिन केरकेट्टा आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

साथ ही विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्रोपदी मिंज सहित अन्य शिक्षकों ने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे ब्रह्मदेव सिंह, मुखिया जंगलपति लकड़ा, दिनेश लकड़ा, देवानंद कुमार, अर्जुन मिंज, अमानत अंसारी, नेपाल प्रसाद आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

अंतर जिला फुटबॉल : गिरिडीह बनाम धनबाद मुकाबले में बारिश बनी बाधा

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया
प्रखंड मुख्यालय के चिरका के आईटीआई के मैदान में झारखंड राज्य अंतर जिला फुटबॉल मैच का आयोजन दूसरे दिन किया गया जिसमें गिरिडीह जिला एवं धनबाद जिले के बीच मैच खेला गया। हालांकि पहले हाफ के बाद जोरदार बारिश होने के कारण मैच स्थगित कर दिया गया।

पहले हाफ में 45 मिनट के खेल में दोनों टीम 0-0 रही। इससे पहले मैच का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि गढ़वा जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने किया। बाद में पहुंचे मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि मेरे प्रयास से गढ़वा जिला अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। गढ़वा के सेवक होने के नाते हमने प्रयास किया जो गढ़वा के सभी प्रखंडों में यह मैच खेले जा रहे हैं। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, मोहम्मद फरीद, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा, सीओ निशात अंजुम, जिला परिषद उपाध्यक्ष सतनारायण यादव, मनोज ठाकुर सहित सैकड़ों दर्शक एवं खिलाड़ी मौजूद थे।

खरौंधी में भीषण मोटरसाइकिल दुर्घटना, एक की मौत; कई घायल

हादसे में महिला की मौत, शव रख किया रोड जाम

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी
खरौंधी थाना क्षेत्र में गुरुवार को शाम 7 बजे भारतीनगर में हुई भीषण मोटरसाइकिल दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक सहित पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। दुर्घटना में जख्मी भारती नगर निवासी 50 वर्षीय वृद्धा कलपाती देवी, 55 वर्षीय वृद्धा कुमारी देवी व युवक चंदु राम का नाम शामिल हैं, जबकि मोटरसाइकिल सवार जख्मी युवकों में बरडीहा निवासी पप्पू पासवान व खरौंधी के नावाडीह निवासी जसवंत पासवान का नाम शामिल है। सभी घायलों का इलाज खरौंधी के निजी क्लीनिक में किया जा गया जहां बुरी तरह से जख्मी 50 वर्षीय कलपाती देवी की गंभीर स्थिति को देखते हुए हाइ सेंटर रेफर किया गया है। कलपति देवी का दोनों पैर टूट गया है। घटना के विषय में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार युवक भवनाथपुर से खरौंधी आ रहे थे, खरौंधी में डोमनी नदी पुल पार होने के तुरंत बाद मोड़ के साथ हल्की चढ़ाई पर मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे बैठे दो महिलाएं व एक युवक को रौंद दिया। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक भी बुरी तरह जख्मी हो गए। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची खरौंधी थाना पुलिस ने निजी चिकित्सालय जहां घायल इलाजरत थे, पहुंचकर घटना के संबंध में आवश्यक पूछताछ की और प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए हाईएस्ट सेंटर भेजने में मदद की। इधर गढ़वा पहुंचने के बाद अस्पताल में भर्ती होने के उपरांत ही कलापति देवी को डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। मृत कलापति देवी का शव घर पहुचते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। उधर जनप्रतिनिधियों ने मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को सात्वना दिया एवं प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की।

वहीं थाना क्षेत्र के खरौंधी भारतीनगर में मोटरसाइकिल की चपेट में आने से मृतक महिला के पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचने पर बुधवार की दोपहर एक बजे अक्रोशित स्वजन, जनप्रतिनिधि तथा ग्रामीणों ने घटना स्थल पर खरौंधी भवनाथपुर मुख्य सड़क पर धरना पर बैठ गए, जिससे खरौंधी भवनाथपुर मुख्य पथ जाम हो गया। धरना पर बैठे लोगो ने मोटरसाइकिल चालक यशवंत पासवान पर कार्रवाई की मांग करने लगे। साथ ही तीखे मोड़ पर जल्द ब्रेकर बनाने की मांग किया। सड़क पर ब्रेकर नही रहने से तेज रफ्तार में वाहन लोग चलाते है, जिससे हमेशा दुर्घटना घटित होने का डर बना रहता है। इसलिए अविलंब यहां ब्रेकर बनवाया जाए। वहीं घटना स्थल पर पहुंचे बीडीओ गणेश महतो तथा थाना प्रभारी अभय कुमार के कार्रवाई के आश्वासन पर जाम हटाया गया। लगभग एक घंटा के बाद मुख्य सड़क को जाम मुक्त किया जा सका। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, मुखिया पति कृष्णा साह, पूर्व मुखिया उपेंद्र भारती, श्याम सुंदर राम, अनुज राम, राजेंद्र राम, संजय राम, शंकर राम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। बीडीओ गणेश महतो ने कहा घटना दुखद है। स्वजन को सड़क दुर्घटना वाली मुवावजा जल्द दिलवाया जायेगा। वहीं थाना प्रभारी अभय कुमार ने बताया दुर्घटना की सूचना पर घटना स्थल पहुंचकर पूछताछ करते हुए मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले गए। ग्रामीणों ने चालक पर कार्रवाई की मांग की है। जांच कर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

लकड़ी का बोटा लदे दो ट्रैक्टर, एक बोलेरो जब्त

प्रतापपुर (चतरा)। वन विभाग ने प्रतापपुर वन क्षेत्र के अनगड़ा बरुरा मार्ग पर अदौरिया मोड़ के पास से अवैध रुप से अवैध लकड़ी के बोटा लदे दो ट्रैक्टर सहित एक बोलेरो को छापेमारी अभियान चलाकर जब्त किया गया। उक्त कार्रवाई बाइट देर रात्री की गई। छापेमारी अभियान वन विभाग एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसका नेतृत्व वन क्षेत्र पदाधिकारी बी दास ने किया। इस संबंध में वन कर्मियों ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की अनगड़ा बरुरा रोड एवं अदौरिया मोड़ के पास अवैध लकड़ी बोटा से लदा दो ट्रैक्टर बिहार जाने के फिराक में है। त्वरित कार्रवाई करते हुए वन कर्मियों का एक छापेमारी दल का गठन किया गया। दल ने पुलिस के सहयोग से छापेमारी अभियान चला कर बोटा लदा दो ट्रैक्टर को जब्त कर वन विभाग कार्यालय प्रतापपुर लाया गया। साथ ही दोनों ट्रैक्टरों को स्कॉट करने वाले एक बोलेरो को भी जब्त कर लिया गया। वाहनों के मालिकों पर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

बीडीओ की कार्यशैली के विरोध में निकली गई रैली

नवीन मेल संवाददाता। मनिका
प्रखंड कार्यालय में पश्चिम क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह के नेतृत्व में मनिका प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो के द्वारा प्रखंड क्षेत्र को लूट का अड्डा एवं घूसखोरी के चरम सीमा पर पहुंचाने के विरोध में रैली एवं धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों एवं गावों से हजारों की संख्या में पुरुष एवं महिलाएं शामिल हुए।

रैली की शुरुआत हाई स्कूल मणिका के समीप से किया गया और पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए रैली प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचा जहां धरना प्रदर्शन किया गया। वहीं बलवंत सिंह ने कहा की वीरेंद्र किंडो के नेतृत्व में संरक्षण में प्रखंड कार्यालय में लूट की छूट मिली हुई है कोई ऐसा योजना नहीं है जिसमें उनके द्वारा पैसा नहीं लिया जाता हो मुखिया का भी काम बीडीओ साहब खुद करते हैं तो फिर पंचायत प्रतिनिधि होने का क्या दायित्व रहता है। अपने क्षेत्र में हम लोगों को ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी देखना भी पसंद नहीं है इसलिए इन्हें जल्द से जल्द हटाया जाए। मौके पर रंजीत प्रसाद साहू,मुरारी ठाकुर,सागर यादव, विशाल पासवान, सिकेशर राम, सुरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

अधूरे आवास पूर्ण कराने को लेकर चलेगा अभियान

मयूरहंड(चतरा)। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत मयूरहंड प्रखंड में 2975 परिवारों को आवास की स्वीकृति दी गई है। जिसमें 104 आवास विभिन्न कारणों से अबतक अपूर्ण है। इन अपूर्ण आवासों को पूर्ण करवाने के लिए चलो करें आवास पूरा विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसका नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत कुमार सिन्हा करेंगे।

विशेष अभियान के तहत 15 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आवास पूर्ण करवाने का लक्षय निर्धारित है। अभियान में मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्य समेत अन्य प्रतिनिधियों को भागीदारी निभाने की अपील की गई है। अभियान के तहत संबंधित पंचायत के संबंधित पदाधिकारी व क्रमियों द्वारा लाभुकों को आवास पूर्ण कराने को लेकर प्रेरित की जानी है। प्रत्येक गुरुवार को पीएम आवास लाभुक दिवस मानाया जाएगा। ताकि लाभुक आवास पूर्ण करने में अपनी परेशानी बता सकें और उसका निवारण कर 10 अक्टूबर तक आवास पूर्ण किया जा सके।

पीएम आवास को लेकर कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत चलो करे आवास पूरा के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजना किया गया। जिसका शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। पीएम आवास परियोजना पदाधिकारी रूपेश तिवारी ने कार्यशाला में जानकारी दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत चतरा जिला में अब तक कुल 82889 परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसमें से 79367 (95.64 प्रतिशत) पूर्ण कर लिया गया है, जबकि 3622 आवास विभिन्न कारण से अब तक अपूर्ण हैं। इसे समय सीमा के अंदर पूर्ण करने हेतु विभागीय निर्देश के आलोक में चलो करें आवास पूरा अभियान के तहत पूर्ण किया जाना है। आगे बताया कि यह अभियान 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक पूरे जिले भर में चलाया जाएगा। 16 सितंबर को प्रखंड स्तर पर कार्यशाला किया जाएगा। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अभियान के मुख्य गतिविधि एवं ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार हो और आम जन जागरूक हों। कार्यशाला में सभी प्रमुख, उप प्रमुख, बीडीओ, जिला समन्वयक, जिला प्रशिक्षण समन्वयक, सभी प्रखण्ड समन्वयक, प्रभारी प्रखण्ड समन्वयक प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

संक्षिप्त

'जिप सदस्य, उपप्रमुख का बयान बचकाना'

भवनाथपुर। भारत पेट्रोलियम के प्रोपराइटर शिव पूजन यादव ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर कहा कि खरौंधी के जिप सदस्य धर्मराज पासवान, उप प्रमुख देवदत प्रसाद आर्य व सासंद प्रतिनिधि रामखेलावन राम का एक दैनिक में प्रकाशित बयान बिल्कुल बचकाना हरकत प्रतीत होता है। एक जनप्रतिनिधि को जनहित में नियम संगत कार्य व सलाह लोंगो को देना है न की जनता को गलत कार्य करने के लिए उकसाना होता है। उन लोगों को जानकारी होना चाहिये कि पेट्रोलियम पदार्थ को खरीद बिक्री करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा लाइसेंस लेना होता है, जिस तरह से खरौंधी व केतार में यूपी से लाकर पेट्रोल डीजल अवैध रूप से बेचना सरासर गैर कानूनी है। भवनाथपुर में दो पेट्रोल पम्प का लाइसेंस मेरे पास है जिसमें बिक्री कम होने पर जानकारी प्राप्त हुई कि यूपी से प्रति दिन दो से तीन हजार लीटर डीजल पेट्रोल ला कर अवैध रूप से विक्री की जा रही है। मेरे द्वारा उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक के पास लिखित शिकायत के बाद करवाई की जा रही है और जब तक खरौंधी व केतार में पेट्रोल पम्प दूसरा नही खोला जाता तब तक वह क्षेत्र भी मेरे अधीन ही आता है। ऐसे में ऐसा प्रतीत होता है कि इस अवैध कारोबारियों से जनप्रतिनिधियो की भी संलिप्ता है।

मेले में मरीजों की जांच कर दवा का वितरण

केतार। केतार पंचायत सचिवालय के प्रांगण में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी, बीडीओ मुकेश मछुआ, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रंजन कुमार दास, केतार मुखिया प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान टीबी के 25 मरीज, नेत्र के 50, मलेरिया 27, कुष्ठ जांच 20 मरीजों ने जांच करा कर दवा ली। इस मौके पर डॉ अभिजीत विश्वास, आयुष चिकित्सक डॉ अविनाश कुमार, लेखापाल प्रदीप पाठक, बीटीटी अनुज कुमार, एमपीडब्ल्यू मनोज पाठक, एएनएम सुलेखा कुमारी, पबिता कुमारी बबिता कुमारी, सीएचओं ललशा कुमारी, राधा रितू, सोनी कुमारी आदि मौजूद थे।

रंका में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित

रंका। प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, अंचलाधिकारी शंभू राम, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, डॉ कुलदेव चौधरी, डॉ गोरखनाथ पांडेय व प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुधीर कुमार द्वारा किया गया। सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह भी रंका पहुंचे और उन्होंने स्वास्थ्य मेला में लगाए गए सभी स्टॉल का निरीक्षण किया। मेले 260 मरीजों की जांच की गई तथा 30 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। साथ मेले में सभी को निशुल्क दवाओं का भी वितरण किया गया।

स्वास्थ्य मेले में 519 मरीजों की जांच की गई

श्री बंशीधर नगर। अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में शुक्रवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला में 519 मरीजों की जांच, परामर्श व निशुल्क दवा उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य मेला का उदघाटन प्रखंड प्रमुउख उर्मिला देवी, जिप सदस्य बाला रानी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे व अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। स्वास्थ्य मेला में कुल 11 स्टॉल लगाये गये थे। सभी स्टॉल पर जांच, उचित परामर्श के साथ साथ निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेला में आयुष्मान कार्ड भी बनाया जा रहा था। स्वास्थ्य मेला में डॉ अनुपमा, डॉ कैसर आलम, नेत्र सहायक नागेश्वर प्रसाद सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबन्धक करुणा कुमारी, अशफाक अहमद, राजेश कुमार सिन्हा, सुषमा कुमारी, लिपिक विपेश राज तमांग, नीलम लता, ममता कुमारी, प्रशांत तिवारी, दिलीप कुमार, संजय यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

मोटरसाइकिल पलटने से एक व्यक्ति घायल

भवनाथपुर। भवनाथपुर केतार मुख्य मार्ग पर मुसकैनी पहाड़ के समीप मोपेड बाइक अनियंत्रिक होकर पलटने से विशुनपुरा निवासी उमेश राम चंद्रवंशी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलावस्था में पुलिस द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां ड्यूटी पर तैनात सीएचो कमल सैनी द्वारा उपचार किया जा रहा था।

अधूरे आवास को पूर्ण कराने को बैठक आज

केतार। प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में चलो करें आवास पुरा अभियान के तहत शनिवार को बैठक बुलाई है। उक्त बैठक में बीडीओ ने प्रमुख, उप प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और प्रखंड कर्मी को आमंत्रित किया है। उक्त बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में 12 बजे से होगी। बीडीओ मुकेश मछुआ ने बताया कि 16 सितंबर से 10 अक्टूबर तक अधूरे आवास को पूर्ण कराना है। इसी को लेकर बैठक की जायेगी।

केतार गोदाम से डीलरों को राशन वितरण शुरू

केतार। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश मछुआ के निर्देश पर गोदाम प्रबंधक राजीव कुमार के द्वारा शुक्रवार को प्रखंड के राशन डीलरों के बीच राशन वितरण शुरू किया गया। गोदाम प्रबंधक राजीव कुमार ने बताया कि अगस्त माह में राशन का उठाव करने से वंचित आठ डीलरों को राशन दिया जा रहा है, जबकि सितंबर माह का राशन सभी डीलरों को दिया जायेगा। लेकिन गेहूं का उठाव भवनाथपुर गोदाम से ही करना होगा। इस मौके डीलर नागेंद्र ठाकुर, मेराजुद्दीन अंसारी, चंदन पासवान, विरेंद्र पासवान, महेंद्र पासवान ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि पहले हमलोगों को राशन भवनाथपुर गोदाम से मिलता था जिससे हमलोग को समय के साथ अधिक राशि खर्च वहन करना पड़ता था। लेकिन अब केतार गोदाम से राशन मिलने से हम लोगों का समय की बचत होगी। बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा की खुशी की बात है कि केतार गोदाम से राशन वितरण शुरू हुआ है। इससे स्थानीय डीलरों को सहुलियत होगी वहीं मजदूरों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। इस मौके पर केतार मुखिया प्रमोद कुमार, पूर्व गोदाम प्रबंधक शिव कुमार यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

विचार | हिंदी दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में काव्य पाठ का आयोजन

'बच्चों की पढ़ाई की शुरुआत मातृभाषा से हो'

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा
सृजन साहित्यिक मंच द्वारा गुरुवार की शाम हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय मेलॉडी मंडप में आयोजित इस कार्यक्रम में हिंदी-भारत की आत्मा विषय पर संगोष्ठी सह काव्य पाठ का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष कमल नयन पांडेय, विशिष्ट अतिथि पातंजलि योग समिति के प्रदेश प्रभारी रासबिहारी तिवारी व अन्य रचनाकारों ने सामूहिक रूप से किया। मंच के कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने सरस्वती वंदना का सस्वर पाठ किया। इसके बाद उपस्थित रचनाकारों ने विषय पर अपने-अपने विचार रखते हुये हिंदी की विशेषताओं और वर्तमान परिस्थिति में इसकी स्थित पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केएन पांडेय ने कहा कि हिंदी कोई नया शब्द नहीं है। वैदिक संस्कृति से आजतक हिंदी विभिन्न स्वरूपों में रही है। हिंदी हिंदवी शब्द का अपभ्रंश है। हिंदी व्यक्ति के हीन भावनाओं का दमन करती है और सकारात्मक भाव उत्पन्न करती है। भारतेंदू हरिश्चंद्र को आधुनिक हिंदी का जनक कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हमें बच्चों की पढ़ाई की शुरुआत मातृभाषा से करानी चाहिये। हम अपनी मातृभाषा हिंदी को सम्मान देकर ही इसे उचित स्थान दिला सकते हैं।

इस मौके पर रासबिहारी तिवारी ने कहा कि हिंदी भारत की आत्मा है। हम हिंदी को प्रतिष्ठापित करके ही भारत को विश्वगुरू बना सकते हैं। सचिव सतीश कुमार मिश्र ने हिंदी के इतिहास एवं इसकी वर्तमान स्थिति पर विस्तार से प्रकाश डाला। बीएनटी संत मेरी के संस्थापक समाजसेवी उमाकांत तिवारी ने कहा कि हिंदी के विकास में अंग्रेजी कहीं से भी बाधक नहीं है। हमें अंग्रेजी से बिना परहेज किये हिंदी को महत्व देना चाहिये। गोष्ठी में सेवानिवृत अधिकारी अजय शुक्ला, पेंशनर कल्याण समाज के जिलाध्यक्ष केके यादव, अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुये हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला। मंच के उपाध्यक्ष राजमणि राज, संगठन सचिव राजकुमार मधेशिया, समाजसेवी रामाशंकर चौबे, नीरज मल्लिक ने हिंदी पर अपने-अपने काव्य पाठ प्रस्तुत कर लोगों को प्रभावित किया। मौके पर अध्यक्ष विनोद पाठक, प्रमोद कुमार, मीडिया प्रभारी दयाशंकर गुप्ता, लायंस क्लब के रामनारायण गुप्ता, सुभाष प्रसाद केसरी, शशिशेखर गुप्ता, चंदन गौड़ सहित कई लोग उपस्थित थे।

छात्र से रिश्वत की खबर का डीईओ ने लिया संज्ञान

भवनाथपुर। बुका गांव निवासी एक छात्र शवलेश राउत से 11 वीं कक्षा में नामांकन के नाम पर भवनाथपुर टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अंकित त्रिवेदी और क्लर्क चंद्रकांत पांडेय द्वारा 2000 रुपए बतौर रिश्वत मांगे जाने संबंधी खबर विभिन्न अखबारों में प्रकाशित होने के बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए प्रभारी प्राचार्य अंकित त्रिवेदी एवं चंद्रकांत पांडेय से स्पष्टीकरण मांगा है। पत्र में उल्लेख किया है कि शवलेश कुमार का आपलोगो ने नामांकन नहीं लिया। नामांकन के नाम पर नामांकन फी के अलावे बतौर 2 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई, जो आपके कर्तव्य के प्रति लापरवाही और उदासीनता को परिलक्षित करता है।

विश्वकर्मा पूजा व योजना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत करेंगे। इसी दिन विश्वकर्मा जयंती भी है। ऐसे में योजना की बड़े स्तर पर लॉन्चिंग के लिए सरकार के 70 मंत्री देश के 70 शहरों में तैनात रहेंगे। जबकि पीएम मोदी दिल्ली से सुबह 10.30 बजे वर्चुअली इस योजना की शुरूआत करेंगे। बता दें इसी दिन पीएम मोदी का भी जन्मदिन भी है। ऐसे में वो विश्वकर्मा योजना को लॉन्च कर कामगार वर्ग के करोड़ों लोगों को सीधा प्रभावित करेंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में इस योजना का शुभारंभ करेंगे। ऐसे में देश के पीएम को जन्म दिन की बधाई कुछ शर्तों के साथ। हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि जहां एक ओर उनकी लोकप्रियता में विस्तार हो रहा है,वहीं विपक्ष आक्रामक भूमिका में दिख रही है। उसका कारण देश प्रेम है,या कुछ यह तो कांग्रेस ही बता पायेगी। लेकिन कुछ बातें हैं जिस पर गौर करने की जरूरत है। आखिर धुंआ के उठने के पीछे कहीं न कहीं चिंगारी का होना यह साबित करता है कि अगर ध्यान नहीं दिया तो आग भी लग सकती है। ऐसे में आधुनिक कल कारखाने और सृष्टि के रचनाकार की जयंती के दिन पीएम विश्वकर्मा योजना उन असहाय मजदूरों और कल कारखाने से जुड़े करोड़ों लोगों को काफी राहत देने वाली है। योजना के तहत लाभार्थियों को रियायती ब्याज दर पर कोलेटरल फ्री कारोबार विकास लोन के अलावा, ई-वाउचर या ईआरयूपीआई के माध्यम से टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में सभी को 15 हजार रुपये मिलेंगे। इसके अलावा, कारीगरों को हर महीने अधिकतम 100 ट्रांजेक्शन के लिए हर ट्रांजेक्शन पर 1 रुपये का प्रोत्साहन भी दिया जायेगा। यहां यह जानना जरूरी है कि आखिर यह योजना क्या है। कारोबार को शुरू करने और उसे विस्तार करने के लिए यह योजना 1 लाख लोन पहले चरण में देती है। वहीं दूसरे चरण के दौरान कामगारों को यह योजना 2 लाख तक का रियायती लोन प्रोवाइड कराता है। इस योजना के तहत 18 तरह के कामगारों को शामिल किया गया है। ऐसे में केंद्र सरकार की इस योजना से लोहार, कुम्हार, राज मिस्त्री, धोबी, फूलों का काम करने वाले, मछली का जाल बुनने वाले, ताला-चाबी बनाने वाले, मूर्तिकार आदि को लाभ मिलेगा। साथ ही कुछ अन्य क्षेत्र के श्रमिकों को भी इसका लाभ मिलेगा। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पहले चरण में एक लाख रुपये तक का कर्ज दिया जायेगा। इस पर ब्याज की दर ज्यादा से ज्यादा 5 फीसदी होगी। उसके बाद दूसरे चरण में योग्य कामगारों को 2-2 लाख रुपये का रियायती कर्ज दिया जायेगा। साथ ही इन कारीगरों ओर शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा प्रमाणपत्र और पहचान पत्र भी दिये जायेंगे। वहीं आधुनिक उपकरण खरीदने के लिए 15 हजार रुपये की मदद भी दी जायेगी। कामगारों के लिए सरकार ने इस योजना के तहत पांच साल (वित्तीय वर्ष 24-28) की अवधि के लिए 13,000 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इस योजना के तहत न्यूनतम आयु 18 साल रखी गई है। परिवार के एक ही सदस्य को इस योजना का लाभ मिलेगा। आवेदन करने वालों को स्व-घोषणा पत्र भी देना होगा। ऐसे में आज के इस पवित्र दिन से कामगारों के जीवन में इस योजना से बहार आयेगी। यह उम्मीद हम सभी कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका में इस योजना का शुभारंभ करेंगे। ऐसे में देश के पीएम को जन्म दिन की बधाई कुछ शर्तों के साथ। हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि जहां एक ओर उनकी लोकप्रियता में विस्तार हो रहा है,वहीं विपक्ष आक्रामक भूमिका में दिख रही है।

लैंगिक दृष्टि से संवेदनशील स्थायी परिवर्तन को प्रोत्साहन

संगीता रेड्डी

जी20 की भारत की अध्यक्षता के तहत महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के एजेंडे को व्यापक प्रोत्साहन मिला है। अब समय आ गया है कि महिलाएं विकास की प्रक्रिया का नेतृत्व करने के लिए आगे आयें

जी20 एम्पॉवर वैश्विक स्तर की एक ऐसी पहल है, जो शिक्षा और आर्थिक भागीदारी के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु जी20 देशों की सरकारी संस्थाओं और निजी संगठनों को एक मंच पर लाती है। महिला सशक्तिकरण की कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ उस समय आया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास' की अवधारणा पेश की। भारत के लिए खास यह अभिनव दृष्टिकोण अब जी20 एम्पॉवर के साझा शब्दकोष का हिस्सा बन गया है। इस दृष्टिकोण ने अपना ध्यान महिलाओं को मात्र सशक्त बनाने से हटाकर ऐसे माहौल को बढ़ावा देने पर केन्द्रित किया है, जहां महिलाएं केवल लाभार्थी हों भर न हों बल्कि विकास की अगुआ भी हों। जी20 एम्पॉवर की भारत की अध्यक्षता के तहत, हमने इस अवधारणा को पूरे दिल से अपनाया है और कथानक में इस परिवर्तन को दर्शाते हुए एक रोडमैप बनाने का प्रयास किया है। हमारा ध्यान तीन पहलुओं पर हैः शिक्षा, महिला उद्यमिता और सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए साझेदारी बनाना। हमारा मानना? है कि डिजिटल समावेशन इन सभी क्षेत्रों में एक साझा विषय है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि महिलाओं को सफल होने के लिए आवश्यक डिजिटल उपकरण और संसाधन उन्हें समान रूप से सुलभ हों। शिक्षा के क्षेत्र में, हम महिलाओं के लिए एसटीईएम शिक्षा और उच्च विकास वाली नौकरी के अवसरों को और अधिक सुलभ बनाने की हिमायत कर रहे हैं। हम विभिन्न बड़ी कंपनियों को प्रशिक्षुता कार्यक्रमों और भविष्योन्मुखी समावेशी पाठ्यक्रम में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम विभिन्न सरकारों से ऐसी स्पष्ट नीतियों और कानूनी ढांचे से लैस 'संपूर्ण-सरकार' का दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह कर रहे हैं, जो महिलाओं और लड़कियों को निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित करे। महिला उद्यमिता के संदर्भ में, हमने महिला उद्यमियों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के उद्यमियों के उत्थान के लिए एक व्यापक रणनीति विकसित की है। हमारा मानना ? है कि महिला उद्यमियों को अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनने में समर्थ बनाना एक लाभकारी सौदा है - यानी व्यापक लैंगिक समानता के साथ एक समृद्ध अर्थव्यवस्था। हम निजी क्षेत्र को न केवल एक वित्तपोषक एवं खरीददार के रूप में, बल्कि एक मार्गदर्शक एवं विकास के उत्प्रेरक के रूप में भी आगे आने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। हम सभी स्तरों पर महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। हम निर्णय लेने वाले स्तर पर महिलाओं के पहुंचने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम विकसित कर रहे हैं, समावेशी कार्यस्थल से जुड़ी नीतियां पेश कर रहे हैं, लैंगिक विविधता के आयामों की नियमित समीक्षा व उसके बारे में प्रकाशन कर रहे हैं और महिला कर्मचारियों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित कर रहे हैं।

हम विभिन्न सरकारों से ऐसी स्पष्ट नीतियों और कानूनी ढांचे से लैस 'संपूर्ण-सरकार' का दृष्टिकोण अपनाने का भी आग्रह कर रहे हैं, जो महिलाओं और लड़कियों को निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित करे।

इन दिनों

महिलाओं को वास्तव में सशक्त बनाने के लिए, हमें समाज के सभी स्तरों पर नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया में उनकी भूमिका को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। हमें भारत की अध्यक्षता में इस पहल के तहत प्राप्त छह ठोस परिणामों को रेखांकित करने का विशेष रूप से गर्व है। सबसे पहले, हमने टेकइक्विटी प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया है, जो महिलाओं को ज्ञान के माध्यम से आगे रहने में मदद करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया एक अनूठा डिजिटल प्लेटफॉर्म है। कुल 120 भाषाओं में उपलब्ध इस प्लेटफॉर्म के अगले छह महीनों में कम से कम दस लाख महिलाओं तक पहुंचने की उम्मीद है। दूसरा, हमने एक केपीआई डैशबोर्ड विकसित किया है जो महिला सशक्तिकरण एवं प्रतिनिधित्व के मामले में हुई प्रगति का पता लगाने के लिए एक मापने योग्य एवं व्यवस्थित तरीका प्रदान करता है। मजबूत कार्यप्रणाली का उपयोग करके इन आंकड़ों पर लगातार नजर रखकर, हम सभी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने हेतु रुझानों, मूल कारणों और संभावित उपायों की पहचान कर सकते हैं। तीसरा, हमने एक 'उत्कृष्ट कार्यप्रणाली प्लेबुक' बनाई है। यह एक सर्वेक्षण-आधारित विश्लेषणात्मक उपकरण है, जो उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को संकलित करता है और इसे दुनिया भर की प्रभावी रणनीतियों एवं कार्यप्रणालियों को साझा करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इस प्लेबुक के 2023 संस्करण में जी20 के 19 सदस्य व अतिथि देशों की 149 उत्कृष्ट कार्यप्रणालियां संकलित हैं। चौथा, हमने जी20 देशों और अतिथि देशों की सफल महिलाओं की सफलता की कहानियों को सामने लाने के उद्देश्य से जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर प्रेरणादायक कहानियों का एक विशेष खंड तैयार किया है। जी20 एम्पॉवर की वेबसाइट पर 10 देशों की 73 प्रेरणादायक कहानियां प्रदर्शित की गई हैं। पांचवां, हमारी अध्यक्षता के तहत, भारत ने हिमायत करने वालों के नेटवर्क का विस्तार करने और संकल्प को अपनाने के लिए जी20 एम्पॉवर पहल का समर्थन करना जारी रखा है। जी20 एम्पॉवर के हिमायत करने वालों के नेटवर्क, जिसमें लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध प्रभावशाली संगठन शामिल हैं, ने अपना विस्तार करना जारी रखा है और जी20 देशों में इसके समर्थकों की संख्या 500 से अधिक हो गई है। इन पहलों के अलावा, हमने 'गांधीनगर घोषणा' भी पेश की है। यह घोषणा निजी क्षेत्र की ओर से लैंगिक समानता के प्रति एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता है। इस घोषणा के तहत, कंपनियां यह सुनिश्चित करने का संकल्प लेती हैं कि उनकी श्रमशक्ति में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं शामिल होंगी। उन क्षेत्रों में जहां श्रमशक्ति में पहले से ही 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हैं, यह घोषणा इस बात को सुनिश्चित करने तक जाती है कि उक्त संगठन के सभी स्तरों पर 30 प्रतिशत महिलाएं मौजूद हों। 30 गुणा 30 की यह शक्तिशाली घोषणा, जिसके लक्ष्य को 2030 तक पूरा कर लेना है, अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत एवं समावेशी श्रमशक्ति के निर्माण की हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

(लेखिका जी20 एम्पॉवर की अध्यक्ष और फिक्की की भूतपूर्व अध्यक्ष हैं; ये उनके निजी विचार हैं)

बोधि वृक्ष

आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त कि वास्तविक कहानी

क्या धर्मराज पूज्य भगवान और मोक्ष प्रदान करने वाले हैं?

जैसा कि नाम से ही पता चलता है कि धर्म + राज अर्थात धर्म और सत्य का शासन करने वाले भगवान। हिंदू धर्म के अनुसार धर्मराज (यम) / यमराज को न्याय और मृत्यु का देवता भी माना जाता है जो प्राणियों के सभी कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं और कर्मों के अनुसार प्राणियों को पुरस्कृत या दंडित करते हैं जिसका उल्लेख सूक्ष्म वेद में सच्चिदानंदघन ब्रह्म की अमृत वाणी में भी किया गया है। धर्मराज (यम) ब्रह्म काल के 21 ब्रह्मांडों में से एक ब्रह्मांड में मुख्य न्यायाधीश हैं जो हर प्राणी के सभी कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। धर्मराज कानून व्यवस्था और प्राणियों को दंड या प्रतिफल देने के लिए जिम्मेदार हैं। कर्मों के अनुसार, धर्मराज आत्माओं को स्वर्ग, नरक और 84 लाख योनियों में कष्ट भोगने के लिए मृतलोक में भेजते हैं। धर्मराज (यम) को अक्सर भैंसे की सवारी करते हुए चित्रित किया जाता है। उनका निवास स्थान नरक (यमलोक) है जो यमदूतों के द्वारा संचालित है। भगवान सूर्य और अंजना देवी के पुत्र धर्मराज (यम) शनि देव और यामी के भाई भी है जिन्हें अक्सर चित्रों और मूर्तियों में आत्माओं को पकड़ने के लिए फंदा और गदा पकड़े हुए दिखाया जाता है। पृथ्वी लोक में किसी जीव का जीवन काल पूरा होने पर उसकी मृत्यु हो जाती है। धर्मराज (यम)/ यमराज अपने दूतों (यमदूतों) को शरीर से आत्मा को बाहर निकालने के लिए भेजते हैं। आत्मा को धर्मराज (यम) के दरबार में पेश कर उसका लेखा-जोखा देखा जाता है। आत्मा का लेखा जोखा रखने के कारण धर्मराज (यम) का संबंध चित्रगुप्त से है।

कौन हैं चित्रगुप्त?

भगवान के नियमों के अनुसार धर्मराज (यम) के दो दूत हैं जिनके नाम हैं चित्र और गुप्त। ये दोनों हर प्राणी के सारे कर्मों का लेखा जोखा चुपचाप तैयार करते हैं।

(क्रमशः)

हिन्दी दिवस सप्ताह बाकी दिन असहाय!

रोजाना करीब छोटे-बड़े दैनिक, साप्ताहिक और अन्य समयावधि वाले 5,000 हजार से कहीं अधिक अखबार प्रकाशित होते हैं और 1500 के करीब पत्रिकाएं हैं, 400 से ज्यादा हिन्दी चैनल हैं। बावजूद इसके हिन्दी का ऐसा हाल। मौलिक रूप से या कागजी तौर पर, बेशक हिन्दी को बढ़ावा देने की वकालत हुकूमतें और समाज करता है? पर, असल सच्चाई तो यही है कि हिन्दी एक वर्ग मात्र तक ही सिमटती जा रही है। हिन्दी आजादी के 75 वर्ष बाद, यानी अमृतकाल में कहां खड़ी है, उसकी घनघोर तरीके से समीक्षा होनी चाहिए। एक तस्वीर जो इस वक्त उभरी है, वो ये है कि हिन्दी गरीबों की मुख्य जुबान, कामगारों का आपस में बतियाना, ग्रामीण अंचल की अव्वल भाषा व सामान्य बोलचाल तक ही सीमित हो गई है। अंग्रेजी व अन्य भाषाएं जिस हिसाब से विस्तार ले रही हैं, उससे हिन्दी बहुत पीछे पिछड़ती जा रही है। बात ज्यादा पुरानी नहीं है, मात्र 9-10 साल पहले की है। 2014 में जब केंद्र की सियासत में नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर आगमन हुआ तो उन्होंने हिन्दी के चलन को लेकर अप्रत्याशित कदम उठाये। सभी मंत्रालयों में हिन्दी को अपनाने का आदेश हुआ। साथ ही हिन्दी भाषा के ज्यादा से ज्यादा प्रचलन को लेकर बड़ा अभियान भी छेड़ा। कुछ समय के लिए तो अभियान ने खूब जोर पकड़ा। लेकिन धीरे-धीरे शांत पड़ गया। शांत पड़ने के पीछे लोगों की उदासीनता दिखी। जबकि, प्रधानमंत्री ने बड़ी ईमानदारी से इस ओर कदम उठाया था। बहरहाल, ज्यादातर सरकारी विभागों और केंद्रीय मंत्रालयों में हिन्दी का प्रचलन अब भी अच्छा खासा है। लेकिन जितना होना चाहिए, उस हिसाब से हिन्दी भाषा को तवज्जो नहीं मिल रही। कागजी कोशिशों में कोई कमी नहीं है। पर, धरातल पर सब शून्य ही है। केंद्र सरकार हिन्दी को बढ़ावा देने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही, पर समाज साथ नहीं दे रहा। समाज के दिलो-दिमाग पर अंग्रेजी का भूत सवार है। प्रत्येक व्यक्ति अपने बच्चों को अंग्रेजी की शिक्षा दिलवाना चाहता है। सरकारी स्कूलों को छोड़कर, अंग्रेजी वाले स्कूलों की पूछ पकड़ रखी है। अंग्रेजी के नाम पर निजी स्कूल खूब चांदी काट रहे हैं। खैर, इसके पीछे जो कारण हैं, वो हमारे सामने हैं। अव्वल तो हिन्दी बोलने वाले को लोग गंवार और ठेठ देहाती मानते हैं। अंग्रेजी वाले पढ़े-लिखों की जमात से हिन्दीभाषियों को अपने से दूर समझती है। बेशक, अंग्रेजी बोलने वाला व्यक्ति ज्यादा पढ़ा-लिखा न हो, बस उसे अंग्रेजी आती हो, तो उसे पढ़ा-लिखा और समझदार माना जाता है। हालांकि, अंग्रेजी के बढ़ते चलन से किसी को कोई दिक्कत नहीं है। पर, उसके बढ़ते कदम हिन्दी को भी न रोकें ? वैसे, देखा जाए तो हिन्दी समाज खुद हिन्दी की दुर्दशा का सबसे बड़ा कारण है। उसका पाखंड है, उसका दोगलापन और उसका उनींदापन? ये सच है कि किसी संस्कृति की उन्नति उसके समाज की तरक्की का आईना होती है। मगर इस मायने में हिन्दी समाज बड़ा विरोधाभासी है। अब हिन्दी समाज अगर देश के पिछड़े समाज का बड़ा हिस्सा निर्मित करता है तो यह भी बिल्कुल आंकड़ों की हद तक सही है कि देश के समृद्ध तबके का भी बड़ा हिस्सा हिन्दी समाज ही है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि आज यह भाषा समाज की उपेक्षा का दंश झेल रही है। कह कुछ भी लें, मगर ये सच कि हिन्दी की लाज सिर्फ ग्रामीणों से ही बची है। क्योंकि वहां आज भी हिन्दी को ही पूजते हैं और मानते-बोलते हैं। वह आज भी हिन्दी के मुकाबले अंग्रेजी को उतना भाव नहीं देते। अंग्रेजी का हम विरोध नहीं करते, लेकिन उसके आड़ में हिन्दी की खिल्लियां भी नहीं उड़ाई जानी चाहिए। आधुनिक समय में हिन्दी भाषा की सच्चाई क्या है? शायद बताने की आवश्यकता नहीं किसी को? बड़े लोग, धनाढ्य वर्ग और विकसित समाज ने जब से हिन्दी भाषा को नकारा है और अंग्रेजी को संपर्क भाषा के तौर अपनाया है, तभी से हिन्दी के दिन लदने शुरू हुए।

डॉ. रमेश ठाकुर

मौलिक रूप से या कागजी तौर पर, बेशक हिन्दी को बढ़ावा देने की वकालत हुकूमतें और समाज करता है? पर, असल सच्चाई तो यही है कि हिन्दी एक वर्ग मात्र तक ही सिमटती जा रही है।

हिन्दी दिवस सप्ताह

फोटो की दुनिया

फेसबुक वॉल से

फूल चाहे कितनी भी ऊँची टहनी पर लग जाये, लेकिन... मिट्टी से जुड़ा रहता है तभी खिलता है....!!

ओजोन परत के बिना समाप्त हो जायेगा पृथ्वी पर जीवन

16 सितंबर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किये जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरुकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जाता है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाये जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है और इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस थीम है 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः फिक्सिंग द ओजोन लेयर एंड रिड्यूसिंग क्लाइमेट चेंज' अर्थात 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना'। आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री सेल्सियस वृद्धि की स्थितियों का आकलन किये जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नये लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में पिछले साल कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किये हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई है। विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सहयोग से पर्यावरण पर छपी पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं।

योगेश कुमार गोयल

नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई है। विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का दौर देखा जा रहा है।

पर्यावरण

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

NEWS इन ब्रीफ

निर्माणाधीन हाउसिंग सोसाइटी में लिफ्ट गिरी, चार की मौत

गौतमबुद्धनगर। गौतमबुद्धनगर की बिसरख कोतवाली क्षेत्र स्थित एक निमार्णाधीन हाउसिंग सोसाइटी में लिफ्ट गिरी। हादसे में चार लोगों की मौत की खबर आ रही है। पांच लोग घायल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के आदेश दिए हैं। यह घटना घटना ड्रीमवैली टेक जोन चार की बतायी जा रही है। आम्रपाली ग्रुप की एक निमार्णाधीन इमारत में यह लिफ्ट गिरी है। मरने वालों में वहां काम करने वाले चार मजदूर शामिल हैं और पांच लोग घायल हैं। इनमें से दो की हालत गंभीर है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। इस घटना में मारे गए मजदूरों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। ग्रेटर नोएडा के सीईओ एनजी रवि और जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में हुए हादसे का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने दोषियों के खिलाफ जांच कर सख़्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए है।

दूध के बकाये को लेकर गोलीबारी में तीन की मौत

पटना। बिहार में पटना जिले के फतुहा में बीती रात 10.30 बजे दूध के बकाया हिसाब को लेकर दो गुटों में खूनी जंग हुई और इस गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई है।मृतकों में प्रदीप कुमार (35), शैलेश कुमार (40) और जय सिंह (50) शामिल है। इस गोलीबारी की घटना में 22 साल का युवक मिंटूस कुमार घायल है जिसे बेहतर इलाज के लिए पटना के एनएमसीएच भेजा गया है।

घटना की जानकारी देते हुए पटना के एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि दूध के बकाया रुपये को लेकर दो गुटों में विवाद चल रहा था। एक पक्ष के लोग रुपये मांगने के लिए गए थे। इसी दौरान दोनों के बीच बकझक हुई। फिर एकाएक गोलियां चलने लगीं जिसमें चार लोग घायल हो गए। गोलियां दोनों पक्षों की ओर से चली हैं। तीन लोगों की हत्या की खबर मिलते ही मौके पर कई थानों की पुलिस पहुंच गई। फतुहा डीएसपी ने घटना की छानबीन शुरू कर दी। प्रथमदृष्टया यह बात सामने आई है कि एक पक्ष से प्रदीप जबकि दूसरी ओर से जय सिंह अगुआ थे।

तीन लोगों की हत्या के बाद ग्रामीणों की भीड़ फतुहा अस्पताल में लगी हुई है। भारी संख्या में जमा लोग शव को पोस्टमार्टम के लिये ले जाने से रोक रहे थे। हालांकि बाद में पुलिस के समझाने में ग्रामीण मान गये। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए देर रात साढ़े 12 बजे एनएमसीएच भेजा गया। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच दूध के रुपये को लेकर पंचायती होनी थी। उन्हें जानने वाले दोनों को साथ बैठाकर बातचीत के जरिए बकाये रुपये के विवाद का हल निकालने के पक्ष में थे लेकिन इसी बीच दोनों पक्षों के बीच बात बढ़ गई। इस मामले में जानकारी देते हुए फतुहा डीएसपी सियाराम यादव ने बताया कि इस घटना को लेकर कई पहलुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है। जमीन विवाद का मामला भी सामने आ रहा है। हालांकि ग्रामीणों ने घटना का कारण दूध के बकाये पैसे को लेकर चल रहा विवाद बताया है।

सड़क हादसे में दो की मौत

पांडुआ। हुगली जिले के बैंची में गुरुवार रात हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार शेख हैदर नामक युवक अपने दोस्त प्रदीप स्वर्णकार के साथ पांडुआ से बैंची लौट रहा था। दूसरी ओर देवब्रत शर्मा सहनीपारा से जीटी रोड की ओर जा रहे थे। उनकी पत्नी अर्पिता शर्मा बाइक के पीछे थीं। जीटी रोड पर चढ़ते समय दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। स्थानीय निवासियों ने उन्हें बचाया और पांडुआ ग्रामीण अस्पताल ले गए। हालांकि, शेख हैदर (30) और देबब्रत शर्मा (26) को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

भारत का सस्टेनेबल फ्यूचर का मॉडल प्रासंगिक : राज्यपाल

एजेंसी। भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि भारतीयता की वैश्विक दृष्टि और सस्टेनेबल फ्यूचर के मॉडल को दुनिया भर में प्रसारित किया जाना चाहिए। वैश्विक शांति और मानवता के कल्याण के लिए भारतीय दर्शन, संस्कृति और जीवन मूल्यों की सॉफ्ट पावर से दुनिया को परिचित कराने में प्रवासी भारतीयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। राज्यपाल शुक्रवार को लंदन प्रवास के दौरान फ्रेंड्स ऑफ एम.पी. संगठन के सदस्य प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद कर रहे थे। राज्यपाल पटेल की पत्नी नर्मदाबेन पटेल, लंदन के डिप्टी मेयर राकेश अग्रवाल, फ्रेंड्स ऑफ एम.पी. संगठन के प्रेसीडेंट रोहित दीक्षित भी उपस्थित थे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र कला, साहित्य,

राजनीति, व्यापार, विज्ञान, प्रौद्योगिक अर्थ-व्यवस्था और आध्यात्म सभी में प्रवासी भारतीयों की प्रतिभा को दुनिया ने माना है। प्रवासी भारतीयों की उपलब्धियाँ हर भारतीय का गौरव है। यह गर्व की बात है कि मध्यप्रदेश आज देश में सर्वाधिक 19 प्रतिशत से अधिक विकास दर के साथ प्रगति कर रहा है। देश की अर्थ-व्यवस्था में राज्य का योगदान काफी बढ़ गया है। देश के फूड बॉस्केट और लॉजिस्टिक हब की पहचान के साथ ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में प्रदेश की चौथी रैंक है। राज्य की उद्योग संवर्धन नीति निवेश फ्रेंडली है, जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मास्युटिकल, पर्यटन, स्वास्थ्य, कृषि एवं खाद्य प्र-संस्करण और टेक्सटाईल के क्षेत्र में निवेश की अपार सम्भावनाएँ हैं। टैक्स व्यवस्था से अलग सहायता के लिए निवेश प्रोत्साहन योजना है। प्लांट मशीनरी और भवन पर निवेश प्रोत्साहन सहायता दी जा रही है। विकास खंडों में स्थापित होने वाली, निर्यातक इकाइयों, फूड प्रोसेसिंग और रोजगार सृजक इकाइयों को भी सहायता मिलती है।

उन्होंने कहा कि टेक्सटाईल परियोजनाओं को ब्याज अनुदान, औद्योगिक प्रयोजन के लिए विकसित परियोजना को भूमि मूल्य में 50 प्रतिशत की छूट, रोड, पानी, विद्युत संरचना विकास परियोजना व्यय पर 50 प्रतिशत सहायता जैसे अनेक प्रावधान नीति में हैं। औद्योगिक परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मानीटरिंग इन्वेस्ट पोर्टल के द्वारा की जाती है।

एनआईए कोर्ट ने आतंकी मुजफ्फर और फैसल को सुनाई फांसी की सजा

लखनऊ। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और यूपी एटीएस की स्पेशल कोर्ट ने ठाकुरगंज में एटीएस में मारे गए आतंकी सैफुल्लाह के साथी आतंकी मुजफ्फर, फैसल को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषियों को सजा सुनाते हुए कहा की उनको हाई कोर्ट से पुष्टि हो जाने के बाद फांसी दी जाएगी। कोर्ट ने दोषियों पर 11.70 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है और जुमार्ने की सारी रकम मृतक रमेश बाबू के आश्रितों को देने का आदेश दिया है। जिला मजिस्ट्रेट लखनऊ को आदेश दिया कि वह रमेश बाबू शुक्ला के परिजनों की पहचान सुनिश्चित करे जिससे उन्हें क्षतिपूर्ति की धनराशि दी जा सके। उल्लेखनीय है कि कोर्ट में एनआईए के विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह, ने बताया की इस मामले कि रिपोर्ट वादी अक्षय शुक्ला नेथाने में 24 अक्टूबर 2016 को दर्ज कराई थी।

50 करोड़ के भ्रष्टाचार का मामला

हाई कोर्ट ने सीआईडी को लगायी कड़ी फटकार

एजेंसी। कोलकाता

उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार महिला ऋणदान सहकारी समिति के खिलाफ 50 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुक्रवार को राज्य सीआईडी को जमकर फटकार लगाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार पर 50 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली की एकल पीठ में शुक्रवार को मामले की सुनवाई हुई। इस मामले की जांच सीआईडी कर रही थी लेकिन जांच के तरीके से असंतुष्ट होकर हाई कोर्ट ने सीबीआई को मामले की जांचों सौपी थी। शुक्रवार सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से शिकायत की गई कि कोर्ट के आदेश के बावजूद सीआईडी ने उन्हें मामले की जांच से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिया है। इधर

सीआईडी ने फैसले पर पुनर्विचार की अर्जी लगाई और कहा कि जांच सीआईडी को करने दी जाए। इसके बाद न्यायमूर्ति गांगुली ने सीआईडी अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि आप लंबे समय से जांच कर रहे थे लेकिन आपने क्या किया? कोई कार्रवाई की? कुछ भी हासिल किया? आपकी जांच की गति संतोषजनक नहीं थी, तभी तो सीबीआई को दी गई। उन्होंने कहा कि 18 सितंबर तक हर हाल में सीबीआई को जांच से संबंधित सारे दस्तावेज उपलब्ध करवा देने होंगे।

मध्य प्रदेश में सर्वे से तय होंगे कांग्रेस के टिकट : कमलनाथ

एजेंसी। भोपाल

कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने एक बार फिर दोहराया है कि राज्य में कांग्रेस के उम्मीदवार सर्वे के आधार पर ही तय होंगे, पैराशूट वाला कोई नहीं होगा। मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में पहुंचे कमलनाथ से संवाददाताओं ने कांग्रेस की उम्मीदवारी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा, कोई पैराशूट नहीं होगा, जो दूसरी पार्टियों से कांग्रेस में आ रहे हैं, जब तक स्थानीय संगठन उन्हें स्वीकार नहीं करता है, तब तक कोई भी नहीं आता है। अभी जिन्होंने ज्वाइन किया, उनके साथ मंच पर हमारा स्थानीय संगठन भी बैठा था। स्थानीय संगठन को सबसे पहले उन्हें स्वीकार करना है। टिकट कोई पैराशूट से नहीं मिलेगा। टिकट के लिए हमने सर्वे

कराया है। अभी कांग्रेस कमेटी ने सर्वे कराया है, उसी हिसाब से टिकट दिए जाएंगे। राज्य की वर्तमान स्थिति का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा, हमारे सामने प्रदेश की तस्वीर है, ज्यादा समझाने की जरूरत नहीं है कि भ्रष्टाचार की क्या सीमा है। आज भ्रष्टाचार का क्या रिकॉर्ड है। घोटाले का क्या रिकॉर्ड है, ये घोटालों की सरकार, भ्रष्टाचार की सरकार, झूठों की सरकार आज मध्यप्रदेश में है। आम जनता ने यह बात समझ ली है और पहचान लिया है। आज मध्य प्रदेश का हर वर्ग परेशान है, हमारे नौजवान हों, किसान हों, छोटे व्यापारी हों। अस्पतालों की बात हो तो अस्पतालों में डॉक्टर नहीं, स्कूल में शिक्षक नहीं, खंभों में कहीं तार नहीं और तार में बिजली नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीना आए थे और इंडिया गठबंधन पर सनातन को लेकर हमला बोला था। इस सवाल पर कमलनाथ ने कहा, सनातन धर्म को तो हम सब स्वीकार करते हैं। यह कोई कहने की आवश्यकता है। अपना देश सनातन धर्म का भी देश है, बाकी भी धर्म हैं, पर सनातन धर्म यह शिक्षा नहीं देता कि दूसरे धर्म को दूर रखा जाए।

भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश : सीएम आदित्यनाथ

एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन अनुरूप भारत के ग्रोथ इंजन के रूप मे आगे बढ़ रहा है। देश का हर पांचवां व्यक्ति उत्तर प्रदेश में निवास करता है। उत्तर प्रदेश न सिर्फ सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है, बल्कि सबसे बड़ा श्रम बाजार भी है।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को इंडियन स्टील एसोसिएशन की ओर से होटल ताज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यहां वर्तमान में 13 एक्सप्रेस-वे निर्माण हो रहे हैं या निर्माण प्रक्रिया में हैं। कोरना महामारी के बावजूद हमने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे बनाकर दिखाया। आज दिल्ली से पटना की दूरी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से कम हुई है। दिल्ली से पटना को जोड़ने

में यह सहायक है। उन्होंने कहा कि इसी के साथ जो बुंदेलखंड को सभी मानते थे कि कैसे जाएं, आज दिल्ली को बुंदेलखंड के चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे चल रहा है। बुंदेलखंड की दिल्ली से दूरी मात्र पांच घंटे की रह गयी है। इसी के साथ सम्भवतः देश के सबसे लम्बे एक्सप्रेस-वे गंगा एक्सप्रेस-वे पर कार्य चल रहा है। यह मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा। इसके बनने के बाद मात्र छह घंटे की दूरी रह जाएगी। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे भी एक नई संभावनाओं को बढ़ाने वाला होगा। हमने प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों को एक्सप्रेस-वे से जोड़ने का प्रयास किया है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने का कार्य हो या 04 लाख सड़कों को सुदृढ़ करने का कार्य, या फिर रेलवे के इस्टर्न-वेस्टर्न फ्रेड कोरिडर को जोड़ने का कार्य हो, हर कार्य तेजी से हो रहा है। उत्तर प्रदेश हर संभावनाओं को बढ़ा रहा है। आज एयर कनेक्टिविटी बढ़ी है। 2017 से पहले मात्र दो इंटरनेशनल एयरपोर्ट थे। हम इस वर्ष दो नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट को क्रियाशील करने वाले हैं। प्रदेश आज हाऊसिंग सेक्टर की नई संभावनाओं में आगे बढ़ा है। आज जिन गरीबों ने मकान के दर्शन नहीं किये, उन 55 लाख गरीबों को आवास दिये गए। आज वन डिस्ट्रिक वन मेडिकल कॉलेज की ओर बढ़ गये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी चीजों के लिए हमने बेहतर कानून व्यवस्था बनाई। अब पर्व त्योहारों पर कोई दंगा नहीं होता। वीआईपी मूवमेंट सुचारू रूप से होती है।

सनातन को कमजोर करने के लिए बना है आईएनडीआईए गठबंधन : हिमंत विश्व शर्मा

एजेंसी। पटना/नालंदा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन सनातन को कमजोर करने के लिए बना है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों का जो गठबंधन हुआ है इसका असली मकसद है भारत के हिंदुत्व को कमजोर करना। साथ ही सनातन संस्कृति के खिलाफ जाकर काम करना। विपक्षी गठबंधन का मकसद ही हमारी सभ्यता और संस्कृति को बर्बाद करना है।

हिमंत विश्व शर्मा बिहार के नालंदा में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने राजधानी पटना पहुंचे। यहां पत्रकारों ने उनसे



सनातन संस्कृति पर दिए जा रहे विवादित बयानों को लेकर सवाल किया। इस पर उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन का मकसद ही सनातन संस्कृति को खत्म करना है। मुम्बई की बैठक में इन्होंने तय किया है कि देश से सनातन संस्कृति को खत्म कर देना है। हिमंत ने कहा कि देश में आगामी लोकसभा चुनाव राष्ट्रीयता की लड़ाई होगी। यह चुनाव सिविलाइजेशन की लड़ाई होगी। इसमें हमारी सभ्यता और संस्कृति की लड़ाई होगी। मुझे विश्वास है कि हमारे भारत के लोग सनातन संस्कृति को सुरक्षित रखेंगे। इस बार उनको यह मालूम चल जाएगा कि सनातन के बारे में बोलना उनके लिए कितना हानिकारक है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले विपक्षी दलों के अपने गठबंधन का नाम आईएनडीआईए रखे जाने के बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने अपने ट्विटर बायो से इंडिया नाम हटाकर भारत कर लिया। इसके बाद उन्होंने ट्वीट किया कि 'हमारा सभ्यतागत संघर्ष इंडिया और भारत के इर्द-गिर्द केंद्रित है। अंग्रेजों ने हमारे देश का नाम इंडिया रखा। हमें खुद को औपनिवेशिक विरासतों से मुक्त करने का प्रयास करना चाहिए। हमारे पूर्वज भारत के लिए लड़े और हम भारत के लिए काम करते रहेंगे।

इंडिया गठबंधन में प्रतिनिधि भेजने को लेकर असमंजस में माकपा

एजेंसी। कोलकाता

शनिवार और रविवार को सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो की दो दिवसीय बैठक होने वाली है। इसमें इस बात पर फैसला हो सकता है कि पार्टी विपक्षी आईएनडीआई समन्वय समिति में प्रतिनिधि भेजेगी या नहीं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि पोलित ब्यूरो इस मामले में बहुत सतर्क रुख अपनाना चाहता है क्योंकि गठबंधन में भागीदारी को लेकर पार्टी कार्यकताओं में पहले से ही काफी बहस चल रही है। शीर्ष सीपीआई (एम) नेताओं के मंच साझा करने या सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के साथ एक ही फ्रेम में देखे जाने के मुद्दे पर मुख्य रूप से पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई में विवाद

चल रहा है। पश्चिम बंगाल से केंद्रीय समिति के एक सदस्य ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया, आमतौर पर, पोलित ब्यूरो किसी भी मुद्दे पर निर्णय लेता है, उसे लागू करता है और बाद में मामले में केंद्रीय समिति की सहमति लेता है। लेकिन आईएनडीआई समन्वय समिति के लिए प्रतिनिधि का नाम भेजने के मामले में इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि इस संबंध में कोई भी पहल केंद्रीय समिति की सहमति के बाद ही की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि इंडिया फ्रंट की बैठकों में पार्टी महासचिव सीताराम येचुरी के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ मंच साझा करने को लेकर पश्चिम बंगाल के कॉमरेड असमंजस की स्थिति में हैं।

पहल श्रीकृष्ण कामधेनु गौशाला में तैयार हो रहीं इको फ्रेंडली गणेश जी की मूर्तियां

जैविक खाद के रूप में भी होंगी उपयोगी

पूजन के बाद इस मूर्ति को घर में रखे गमलों में भी विसर्जन कर सकते हैं।

विशुद्ध से रूप गोबर से ही मूर्तियों को तैयार किया जा रहा है।

एजेंसी। रतलाम

गणेशोत्सव के नजदीक आते ही जगह-जगह गणेश प्रतिमाओं का निर्माण हो रहा है। दुकानें सजने लगी है। कई सामाजिक संस्थाएं भी गणेश प्रतिमाएं बनाकर लोगों को निःशुल्क वितरित करने की योजना बना रही है। इसी क्रम में मांगल्य मंदिर स्थित श्री कृष्ण कामधेनु गौशाला द्वारा बेहद ही सुंदर इको फ्रेंडली गणेशजी की मूर्तियां तैयार की जा रही है।

इको फ्रेंडली गणेश जी की प्रतिमाओं का सबसे बड़ा लाभ यह है कि दस दिवसीय गणेशोत्सव में पूजन के पश्चात अनंत चतुर्दशी पर भक्त अपने

हाथों से ही इनका घर में ही गमलों में भी विसर्जन किया जा सकेगा। इससे जैविक खाद के रूप में भी पौधों को पोषण देने में यह सहायक होगी।

श्री कृष्ण कामधेनु गौशाला के संचालक पं.सुदामा मिश्रा ने बताया कि सनातन धर्म में देशी गाय के गोबर को अत्यंत पवित्र एवं शुभ मना गया है। शास्त्र में भी आता है गोमये वसते लक्ष्मी अर्थात गोबर में लक्ष्मी जी का वास होता है। स्वच्छ भारत के तहत गौशाला द्वारा पिछले कई वर्षो से गौशाला परिवार द्वारा गोबर निर्मित गणेशजी की मूर्ति बनाई जा रही है। इस वर्ष भी मंगलमूर्ति श्री गणेश जी की बेहद ही सुंदर सुंदर प्रतिमाएं निर्मित की गई है। छोटे आकार की एक प्रतिमा को तैयार करने में दो से तीन दिन जबकि बड़े आकार की मूर्ति को अंतिम रूप देने में एक सप्ताह तक का समय लगता है। चूंकि गौशाला में ही गौमाता का प्रचुर मात्रा में गोबर उपलब्ध होता है, इसलिए विशुद्ध से रूप गोबर से ही मूर्तियों को तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विभिन्न आकार में निर्मित इन गणेश जी प्रतिमाओं की मांग रतलाम ही नहीं बल्कि गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र सहित अन्य प्रान्तों में भी है। उन्होंने बताया कि बाजार में उपलब्ध पी.ओ.पी से निर्मित मूर्तियाँ जहां विसर्जन के बाद प्रदूषण फैलाती हैं, वहीं यह भी देखने में आता है कि इनका थोकबंद विसर्जन जिस तरह से किया जाता है, उससे भक्तों की धार्मिक भावनाएं भी आहात होती है। इसी परेशानी को देखते हुए वहीं गोबर निर्मित मूर्तियां पर्यावरण सहायक (इको फ्रेंडली) है। पूजन के बाद इस मूर्ति को घर में रखे गमलों में भी विसर्जन कर सकते हैं। इससे जैविक खाद के रूप में भी पौधों को पोषण देने में सहायक है।

बेटी-दमाद व ससुर की गोली मारकर हत्या

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में शुक्रवार को बेटी-दमाद और ससुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से आक्रोशित परिवार ने आस-पड़ोस के घरों में आग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम हालात को काबू करने में जुटी हुई है। वारदात के पीछे भूमि विवाद का मामला सामने आया है। प्रयागराज मंडलायुक्त ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

क्षेत्र के छबिलवा निवासी 62 वर्षीय होरीलाल की जमीन पंडा चौराहे पर है, जिसका कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। होरीलाल ने विवादित भूमि पर कब्जा करके झोपड़ी बना ली है। यहां पर वो अपनी बेटी बृजकली (22) और दामाद शिव सागर (26) के साथ रहता था। शिवसागर ने पास में ही किराए की दुकान लेकर सहज जन सेवा केंद्र खोल रखा था। गुरुवार रात होरीलाल अपने दामाद और बेटी के साथ झोपड़ी के बाहरी हिस्से में सो रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने गोली मारकर बेटी-दमाद और ससुर की हत्या कर दी। शुक्रवार की भोर में परिवार के लोग पहुंचे तो खून से सनी लाशों को देखकर आक्रोशित हो गए।

NEWS इन ब्रीफ

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट मैकगिल ड्रग डील में बुरे फंसे

सिडनी। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्टार स्पिनर स्टुअर्ट मैकगिल पर पहले कथित अपहरण की पुलिस जांच के बाद बड़े पैमाने पर कोकीन आपूर्ति में उनकी कथित भूमिका का आरोप लगाया गया है। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने 52 वर्षीय मैकगिल को मंगलवार रात चैट्सवुड पुलिस स्टेशन से गिरफ्तार किया और उस पर ड्रग डील में शामिल होने का आरोप लगाया।

श्रीलंका को स्पिनर महेश थीक्षाना के चोटिल होने से झटका लगा

कोलंबो। एशिया कप फाइनल से पहले श्रीलंका को झटका लगा है क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 मुकाबले के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय स्पिनर महेश थीक्षाना की दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया। स्पिनर, जो श्रीलंका की गेंदबाजी पारी के दौरान कई बार मैदान से बाहर गया और अपना स्पैल पूरा करने के बाद टीम के साथियों की मदद से उसे मैदान से बाहर ले जाया गया, अब उसकी स्थिति का आकलन करने के लिए शुक्रवार को स्कैन किया जाएगा। थीक्षाना ने नई गेंद से अपना पहला स्पैल पूरा किया और पहले 5 ओवर में केवल 14 रन दिए और गुरुवार को मैदान से बाहर चले गए।

एयर पिस्टल स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे सागर डांगी

रियो डी जनेरियो। भारत के सागर डांगी आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल के पहले दिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में छठे स्थान पर रहे।

21 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरुवार को फाइनल में 157.4 का स्कोर किया और शीर्ष आठ चरण में जगह बनाने वाले एकमात्र भारतीय थे। इस स्पर्धा में इटली के फेडेरिको मालदिनी ने स्वर्ण पदक जीता। रियो विश्व कप में 16 सदस्यीय भारतीय टीम सात ओलंपिक स्पधाओं में हिस्सा ले रही है। दिन का दूसरा स्वर्ण महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में अर्मेनिया को मिला, जहां भारत का कोई प्रतिनिधि नहीं था। सागर ने 60-शॉट क्वालिफिकेशन राउंड में 581 का स्कोर किया और 62 खिलाड़ियों के मजबूत क्षेत्र में दूसरे स्थान पर रहे। पदक की दौड़ में शामिल अन्य भारतीयों में श्रवण कुमार 576 अंक के साथ 15वें स्थान पर रहे जबकि सौरभ चौधरी 572 अंक के साथ 30वें स्थान पर रहे।

एशिया कप सुपर 4 का मुकाबला

बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ बनाया 265 का चुनौतीपूर्ण स्कोर

एजेंसी। कोलंबो

एशिया कप सुपर 4 के आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए शुक्रवार को 8 विकेट के नुकसान पर 265 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। कप्तान शाकिब अल हसन (80 रन) और तोहिद हृदोय (54 रन) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली।

इससे पहले टॉस जीतकर भारत ने गेंदबाजी चुनी। बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी प्लेइंग-11 से बाहर हैं। वहीं, तिलक वर्मा को उनका वनडे कैप मिला है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की शुरूआत बेहद खराब रही। मोहम्मद शमी और शार्दुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी ने बांग्लादेशी बल्लेबाजों को खूब छकाया। हालांकि, कप्तान शाकिब अल हसन (80 रन), तोहिद हृदोय (54 रन) और नसुम अहमद (44 रन) की पारी के बदौलत टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 265 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से शार्दुल ठाकुर (3 विकेट) और मोहम्मद शमी (2 विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रहे जबकि प्रसिद्ध कृष्णा, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिला।

भारत के सामने अब 266 रनों का लक्ष्य है। यह देखना बड़ा दिलचस्प होने वाला है कि तिलक वर्मा और सूर्यकुमार यादव का बैटिंग ऑर्डर इस मैच में क्या रहने वाला है।

जब एमएस धोनी ने रांची में एक युवा क्रिकेटर को बाइक पर दिया लिफ्ट

नवीन मेल संवाददाता। रांची

महेंद्र सिंह धोनी क्रिकेट के मैदान पर हों या उसके बाहर, वह अपनी अदाओं को लेकर चर्चा के केंद्र में रहते हैं। माही अपने फैन्स को भी अक्सर चौंका देते हैं। इस बार फिर ऐसा ही हुआ है। शुक्रवार सुबह से उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने एक अनाम युवा क्रिकेटर को अपनी बाइक पर लिफ्ट देते हुए गंतव्य तक पहुंचाया।

दरअसल, धोनी जब भी रांची में होते हैं, वे अक्सर बाइक और कार पर लॉन्ग ड्राइव पर निकल जाते हैं। वह रांची स्थित जेएससीए स्टेडियम में प्रैक्टिस के लिए अक्सर पहुंचते हैं। ताजा वायरल वीडियो में दिख रहा है कि धोनी स्टेडियम में अपना किट पैक कर रहे हैं और एक युवा क्रिकेटर सेल्फी मोड में उनका वीडियो बना रहा है। इसके बाद वह सड़क पर बाइक के पीछे बैठा दिखाई दे रहा है। हालांकि हेलमेट पहने होने के कारण वीडियो में धोनी का चेहरा दिखाई नहीं पड़ रहा है, लेकिन यामाहा आरडी 350 बाइक पर पीछे बैठे युवा क्रिकेटर का दावा है कि 'धोनी सर ने लिफ्ट देकर उसका दिन बना दिया।' यह वीडियो ट्विटर पर जमकर शेयर हो रहा है और लोग धोनी की उदारता और सरलता की तारीफ कर रहे हैं। दो महीने पहले भी इंटरनेट पर धोनी का एक पुराना वीडियो वायरल हुआ था, उसमें वे अपने सिक्योरिटी गार्ड को बाइक पर बैठा कर अपने फार्म हाउस के गेट तक लिफ्ट देते हुए देखे गए थे। इसमें धोनी अपने रांची के फार्म हाउस पर बाइक चलाते हुए नजर आ रहे हैं और उनका सिक्योरिटी गार्ड बाइक पर धोनी के पीछे बैठा हुआ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को देखकर लोग जोर-जोर से धोनी को चियर करते हुए भी सुनाई पड़ रहे थे।

ये पहला मौका नहीं है जब धोनी इतने डाउन टू अर्थ जेस्चर के साथ नजर आए हैं। हाल ही में हुए इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के दौरान धोनी ने सभी ग्राउंड स्टाफ और एसोसिएशन के मेंबर्स के साथ बातचीत कर समय निकाला और अपने फैंस के साथ ढेर सारी तस्वीरें भी खिंचवाईं थी।

नसीम शाह-हारिस रऊफ की फिटनेस स्थिति पर पाक कप्तान ने कहा

अभी हम अपना प्लान बी नहीं बता सकते : बाबर

एजेंसी। कोलंबो

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भारत में अगले महीने शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए महत्वपूर्ण तेज गेंदबाज नसीम शाह और हारिस रऊफ की फिटनेस स्थिति के बारे में कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। एशिया कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के सुपर फोर मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज जोड़ी को मामूली चोटें आईं और गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट से हार (डीएलएस) झेलने के बाद जब टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई तो वे किनारे पर बैठे थे।

जमान खान और शाहनवाज दहानी उस मैच के दौरान घायल जोड़ी के लिए आगे आए, और अगर नसीम और रऊफ समय पर ठीक नहीं होते हैं तो उन्हें विश्व कप में भाग लेने के संभावित विकल्प के रूप में माना जा सकता है। जबकि बाबर को उम्मीद है कि नसीम और रऊफ दोनों 6 अक्टूबर को हैदराबाद में नीदरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के विश्व कप के पहले मैच के लिए समय पर ठीक हो जाएंगे, लेकिन जब इस जोड़ी के चूकने की स्थिति में आकस्मिक योजनाओं के बारे में पूछा गया तो कप्तान ने ज्यादा कुछ नहीं कहा। आईसीसी वेबसाइट ने बाबर के हवाले से कहा, मैं आपको बाद में बताऊंगा। उन्होंने कहा, अभी आपको अपना प्लान बी नहीं बता रहा हूं। लेकिन हां, हारिस रऊफ की स्थिति बुरी नहीं हैं। उन्हें बस थोड़ा सा साइड स्ट्रेन हुआ है, लेकिन वह विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे।

पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, नसीम शाह भी... उन्होंने कुछ मैच मिस किए हैं, मुझे नहीं पता (कब तक) रिकवरी होगी, लेकिन मेरी राय में, नसीम शाह भी बाद में विश्व कप में होंगे। लेकिन देखते है। विश्व कप शुरू होने से पहले पाकिस्तान के पास कोई आधिकारिक 50 ओवर का मैच नहीं है, हालांकि उनके पास न्यूजीलैंड (29 सितंबर) और ऑस्ट्रेलिया (3 अक्टूबर) के खिलाफ दो अभ्यास मैच निर्धारित हैं जो आधिकारिक वनडे दर्जा नहीं रखते हैं।

प्रदेश के युवाओं को खेलों के लिए प्रेरित करेगा डेविस कप का आयोजन : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के लिए यह अत्यंत स्मरणीय क्षण है कि लगभग 23 वर्षों के बाद डेविस कप के रूप में एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन राजधानी लखनऊ में होने जा रहा है। प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें लीग मैच भारत और मोरक्को के बीच 16 और 17 सितंबर को विजयंत खंड गोमती नगर के टेनिस कोर्ट में संपन्न होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप-2 में भारत-मोरक्को के बीच होने वाले मैचों की ड्रॉ सेरेमनी में भाग लिया। सीएम योगी ने ड्रॉ खोलकर मैचों के शेड्यूल का भी ऐलान किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने डेविस कप के लिए लखनऊ आए विशिष्ट अतिथियों को ओडीओपी उपहार देकर सम्मानित किया। इनमें पूर्व टेनिस लीजेंड विजय अमृतराज भी शामिल रहे। दोनों देशों के खिलाड़ियों का भी सम्मान किया गया। उन्होंने सीएम योगी के साथ ग्रुप फोटो शूट भी कराया।

सीएम योगी ने प्रदेश में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के 'खेलो इंडिया खेलो' के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम रहा हो या फिर फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम, इन सभी ने पूरे देश के अंदर खेल का एक बेहतरीन माहौल दिया है।

खेल सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा इस बात पर विश्वास करती रही है कि शरीर माध्यम खलु धर्म साधनम... यानी जीवन के जो भी साधन होते हैं, वो एक स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं और स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद की प्रतियोगिताएं आवश्यक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की ही प्रेरणा से पिछले 6 वर्ष में इन सभी कार्यक्रमों को प्रदेश में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। आज उसी का परिणाम है कि प्रदेश के अंदर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बेहतरीन प्रयास प्रारंभ हुए हैं। उत्तर प्रदेश आज देश के अंदर इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने वाला एक अग्रणी राज्य है।

खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान बनाने, हर ग्राम पंचायत में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करवाने, सभी जनपदों में स्टेडियम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम पर कार्य किया गया है। ग्राम पंचायत से खर्च राशि से गांव में ओपन जिम के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। उसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में 83 स्टेडियम, 12 सिंथेटिक टेनिस कोर्ट, 67 बहुद्देशीय हॉल, 38 तरणताल, 15 सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम, 3 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 16 छात्रावास भवन, 2 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, 42 अत्याधुनिक जिम, 2 जूडो हॉल,11 कुश्ती हॉल, 6 शूटिंग रेंज, 2 इंडोर वॉलीबाल हॉल, 12 वेटलिफ्टिंग हॉल और 15 सिंथेटिक बास्केटबाल कोर्ट का निर्माण हो चुका है।

डेविस कप का ड्रॉ, पहला सिंगल मैच : मुकुंद शशि कुमार वर्सेज लीनी यसीन
दूसरा सिंगल मैच : सुमित नागल वर्सेज मुंडीर एडम
डबल्स मैच : रोहन बोपन्ना-युकी भांबरी वर्सेज बेंचेट्रिट इलियट-ललामी लारोसी यूनिस
तीसरा सिंगल मैच : सुमित नागल वर्सेज लीना यसीन
चौथा सिंगल मैच : मुकुंद शशि कुमार वर्सेज मुंडीर एडम

पाक के खिलाफ जीत से मिली ज्यादा संतुष्टि : जड़ेजा

एजेंसी। कोलंबो

भारत के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का मानना है कि एशिया कप के सुपर फोर चरण में पाकिस्तान पर जीत से टीम को अधिक संतुष्टि मिली। साथ ही उन्होंने कहा कि श्रीलंका पर जीत भी शानदार थी। भारत पाकिस्तान और श्रीलंका पर क्रमशः 228 रन और 41 रन से जीत हासिल कर 17 सितंबर को होने वाले एशिया कप के फाइनल में पहुंच गया। सुपर फोर चरण का उनका आखिरी मैच शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ है, जिसके बाद वे रविवार को फाइनल में श्रीलंका से खेलेंगे। जडेजा ने प्रसारकों के साथ मैच चैट पर कहा, जब भी हम मैदान पर उतरते हैं, हम हमेशा भारत के लिए खेलने पर गर्व महसूस करते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ जीत ने हमें अधिक संतुष्टि दी, लेकिन साथ ही श्रीलंका के खिलाफ मैच भी एक शानदार खेल था। जड़ेजा ने कहा कि भारत ने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया, हमने अच्छी गेंदबाजी की और अच्छी फील्डिंग की।

प्रीमियर लीग : काइल वॉकर ने मैनचेस्टर सिटी के साथ अपना अनुबंध 2 साल बढ़ाया

एजेंसी। मैनचेस्टर

इंग्लैंड के डिफेंडर काइल वॉकर ने प्रीमियर लीग क्लब मैनचेस्टर सिटी के साथ अपने अनुबंध को दो साल का विस्तार दिया है। अब वह 2026 की गर्मियों तक क्लब में बने रहेंगे। वॉकर का मौजूदा अनुबंध इस सीजन के अंत में समाप्त होने वाला था। 33 वर्षीय वॉकर 2017 में टोटेनहम हॉटस्पर से सिटी में शामिल हुए थे और क्लब के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, जिन्होंने पांच प्रीमियर लीग खिताब सहित कई प्रमुख सम्मान जीते हैं। वॉकर ने पांच प्रीमियर लीग खिताब, दो एफए कप, चार लीग कप, दो कम्युनिटी शील्ड, चैंपियंस लीग और सुपर कप जीते हैं और 260 मैच खेले हैं। वॉकर ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट से बातचीत में कहा, मैंने इस शानदार क्लब में पिछले छह वर्षों के हर एक पल का आनंद लिया है। मेरे पास एक अद्भुत कोच, बेहतरीन टीम-साथी और स्टाफ हैं और हमारे प्रशंसक सबसे अच्छे हैं। मैं हर स्तर पर समर्थित महसूस करता हूं। उन्होंने कहा, ट्रेबल-विजेता सीजन वह है जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा और हम फिर से जाने और अधिक ट्रॉफियां जीतने की कोशिश करने के लिए तैयार हैं। मुझे ऐसे क्लब में बने रहने की खुशी है जो हर साल ट्रॉफियों के लिए प्रतिस्पर्धा करता है और मैं यह देखने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता कि अगले कुछ साल क्या लेकर आएंगे।" उन्होंने सिटी, स्पर्स, शेफील्ड यूनाइटेड, क्वींस पार्क रेंजर्स, एस्टन विला और नॉर्थम्प्टन टाउन के साथ 500 से अधिक करियर मैच खेले हैं। अपने क्लब की सफलता के अलावा, वॉकर ने इंग्लैंड के साथ एक सफल करियर का भी आनंद लिया है। अपने देश के लिए उन्होंने 78 मैच खेले हैं। वह यूरो 2020 के फाइनल में पहुंचने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। दरअसल, उन्होंने पिछले शनिवार को यूक्रेन के खिलाफ 1-1 से ड्रा में अपने देश के लिए अपना पहला गोल किया था।

29वीं जूनियर राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप के लिए 13 सदस्यीय झारखंड टीम घोषित

रांची। आगामी 3 अक्टूबर से सेरी कश्मीर इंडोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, श्रीनगर में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय 29वीं जूनियर राष्ट्रीय थांग- टा चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए 13 सदस्यीय झारखंड टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम का नेतृत्व झारखंड थांग- टा संघ के अध्यक्ष सह मुख्य कोच रंजीत केशरी करेंगे जबकि टीम के खिलाड़ियों में गढ़वा की मुश्कान कुमारी तथा इंदु कुमारी, लोहरदगा की खुशबू कुमारी, पलामू की सोनम कुमारी तथा रेहान कादरी के अलावा धनबाद के सौरभ रवानी, समरेश किस्कू, सौरभ भारती, ऐश्वर्या प्रसाद, समृद्धि कुमारी, प्रगति प्रिया तथा राधिका सहाय शामिल हैं। ज्ञात हो कि टीम के सभी खिलाडी इस वर्ष अप्रैल महीने में सम्पन्न हुई। 8वीं झारखंड राज्य थांग-टा चैंपियनशिप के दौरान अपने -अपने भार वर्ग की स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता रहे हैं। आगामी 30 सितम्बर को यह टीम धनबाद रेलवे स्टेशन से जम्मूतवी एक्सप्रेस से श्रीनगर के लिए प्रस्थान करेगी।

मीडिया कप फुटबॉल | दामोदर ने भैरवी को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

अजय-दामोदर टीम के बीच होगा मुकाबला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में खेली जा रही मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में शनिवार को टीम शंख और टीम मयूराक्षी आमने-सामने होंगी जबकि दूसरे सेमीफाइनल में टीम अजय और दामोदर के बीच फाइनल में पहुंचने की जंग होगी। आखिरी लीग मैच में शुक्रवार को ग्रुप ए के दामोदर ने भैरवी को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की।

दामोदर की ओर से पहला मैच खेल रहे प्लेयर ऑफ द मैच संदीप नाग ने दो शानदार मैदानी गोल और मोनू कुमार ने एक गोल दाग टीम को मध्यांतर तक 3-0 से बढ़त दिला दी। मैच के 15 वें मिनट ने मोनू ने शानदार गोल दाग टीम को 1-0 से आगे कर दिया। इसके बाद मैच के 17वें मिनट में संदीप नाग ने एक शानदार फ्री किक से गोल कर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। दूसरे हाफ में संदीप ने एक और गोल दागकर बढ़त 3-0 की कर दी। इसके बाद भैरवी की ओर से अमित कुमार ने गोल दागकर मैच में वापसी की उम्मीद जगाई लेकिन आखिरी स्कोर 3-1 ही रहा।

ग्रुप बी के आखिरी लीग मैच में प्लेयर ऑफ द मैच अशोक गोप के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मयूराक्षी ने गंगा को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। गंगा की टीम बिखरी हुई दिखी और इसका फायदा मयूराक्षी ने जमकर उठाया। मैच के 12 वें मिनट में अशोक ने शानदार गोल दाग टीम को 1-0 से आगे किया। इसके बाद 19वें मिनट में कुंदन ने एक और गोल दाग बढ़त 2-0 कर दी। 35वें मिनट में दिनेश ने एक और गोल दाग मयूराक्षी को सेमीफाइनल में पहुचने पर मुहर लगा दी है।

इससे पहले रांची के डीटोओ प्रवीण प्रकाश और सीसीएल के मैनेजर स्पोर्ट्स आदिल हुसैन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरूआत की और प्लेयर ऑफ द मैच के पुरस्कार भी बांटे।

गेहूं की बढ़ती कीमतों को काबू में रखने की तैयारी

सरकार ने विक्रेताओं के लिए स्टॉक की लिमिट घटाई

एजेंसी। नई दिल्ली

सरकार ने गेहूं की कीमतों में तेजी आने के बीच बृहस्पतिवार को गेहूं व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और बड़ी खुदरा श्रृंखला विक्रेताओं पर स्टॉक सीमा को 3,000 टन से घटाकर 2,000 टन कर दिया है। यह कदम तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इस निर्णय की घोषणा करते हुए खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा, कीमतों में हालिया वृद्धि को ध्यान में रखते हुए हमने स्टॉक सीमा की समीक्षा की है और आज से व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और बड़ी खुदरा श्रृंखला के विक्रेताओं के लिए स्टॉक सीमा को घटाकर 2,000 टन कर दिया गया है। तीन महीने पहले 12 जून को सरकार ने इन गेहूं कारोबारियों पर मार्च, 2024 तक 3,000 टन की स्टॉक रखने की सीमा लगाई थी। स्टॉक सीमा को घटाकर 2,000 टन कर दिया गया है क्योंकि सरकार ने पाया कि पिछले एक महीने में एनसीडीईएक्स पर गेहूं की कीमतों में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है और यह बढकर 2,550 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। चोपड़ा ने कहा, हालांकि, देश में गेहूं की पर्याप्त उपलब्धता है मुझे लगता है कि कुछ तत्व हैं जो कुछ कृत्रिम कमी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।"

आगामी वर्ष में कमजोर होगी वैश्विक अर्थव्यवस्था

अर्थशास्त्रियों को भारत में वृद्धि का भरोसा : डब्ल्यूईएफ सर्वेक्षण

एजेंसी। नई दिल्ली

अधिकतर अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि राजनीतिक तथा वित्तीय अस्थिरता के बीच आने वाले वर्ष में वैश्विक अर्थव्यवस्था कमजोर होगी, जबकि 90 प्रतिशत से अधिक अर्थशास्त्री दक्षिण एशिया खासकर से भारत में मध्यम या मजबूत वृद्धि को लेकर आश्वस्त हैं। एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की नवीनतम चीफ इकोनॉमिस्ट आउटलुक' रिपोर्ट के अनुसार, देश में रियल एस्टेट बाजार में मुद्रास्फीति कम होने और नरम रुख के संकेतों से चीन के लिए संभावनाएं कम हो गई हैं। दुनिया राजनीतिक और वित्तीय अस्थिरता से जूझ रही है। करीब 10 में से छह का मानना है कि वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरा करने की दिशा में प्रगति को कमजोर कर देगा, जबकि 74 प्रतिशत का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव का भी यही असर होगा। डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया जाहिदी ने कहा, मुख्य अर्थशास्त्रियों की नवीनतम राय वैश्विक अर्थव्यवस्था में लगातार कमजोरी की ओर इशारा करती है।" उन्होंने कहा कि यह विकासशील देशों के सामने आने वाली तत्काल चुनौतियों...सीमा पार निवेश तथा प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। वहीं डब्ल्यूईएफ के अनुसार, 90 प्रतिशत से अधिक लोगों को इस वर्ष दक्षिण एशिया खासकर भारत में मध्यम या मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। क्षेत्र में मजबूत वृद्धि की उम्मीद करने वालों की हिस्सेदारी पिछले सर्वेक्षण में 36 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 52 प्रतिशत हो गई।" अमेरिका में मई के बाद से स्थिति मजबूत हुई है, 10 में से आठ उत्तरदाताओं को अब 2023 और 2024 दोनों में मध्यम या मजबूत वृद्धि की उम्मीद है।

अगस्त में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 22.8% बढ़कर 1.24 करोड़ पर : डीजीसीए

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या अगस्त में सालाना आधार पर 22.81 प्रतिशत बढ़कर 1.24 करोड़ पर पहुंच गई है। पिछले साल अगस्त में यह आंकड़ा 1.01 करोड़ यात्रियों का था। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। डीजीसीए ने कहा कि अगस्त में सर्वाधिक 78.67 लाख यात्रियों ने किफायती एयरलाइन इंडिगो से यात्रा की, जो कुल घरेलू यात्रियों का 63.3 प्रतिशत है। अगस्त में एयर इंडिया से 12.12 लाख और उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) से 9.78 लाख यात्रियों ने यात्रा की। एयर इंडिया का अधिग्रहण अब टाटा समूह ने कर लिया है। टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस में 51:49 अनुपात की हिस्सेदारी वाले संयुक्त उपक्रम विस्तार से अगस्त में 12.17 लाख लोगों ने यात्रा की, जो कुल यात्रियों का 9.8 प्रतिशत है। विस्तार के एयर इंडिया में विलय को लेकर बातचीत चल रही है। तीन एयरलाइन कंपनियों- एयर इंडिया, विस्तार और एयरएशिया इंडिया से संयुक्त रूप से अगस्त में 33.07 लाख लोगों ने घरेलू यात्रा की।

शाओमी की सप्लायर कंपनी खोलेगी भारत में प्लांट

5जी फोन का बढ़ेगा प्रोडक्शन

भारत चीनी कंपनियों पर मैन्युफैक्चरिंग से लेकर डिवाइस के डिस्ट्रीब्यूशन तक सब कुछ स्थानीयकृत करने के लिए दबाव डाल रहा है

एजेंसी। नई दिल्ली

स्मार्टफोन कंपनी शाओमी की सप्लायर डिक्सन टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड नई दिल्ली के बाहरी इलाके में एक बड़ी नई फैक्ट्री खोलने के लिए तैयार है। भारत चीनी टेक कंपनियों पर लोकल असेंबलिंग फर्म के साथ मिलकर काम करने करने के लिए दबाव डाल रहा है ऐसे में शाओमी की सप्लायर कंपनी नई फैक्ट्री खोलेगी। मामले से परिचित लोगों ने ब्लूमबर्ग को बताया कि डिक्सन फैक्टरी में तीन वर्षों में 4 अरब रुपये (48.2 मिलियन डॉलर) से ज्यादा का निवेश करेगी। फैक्टरी 300,000 वर्ग फुट से ज्यादा या छह फुटबॉल मैदानों के आकार में फैली हुई है और यह बड़े पैमाने पर शाओमी स्मार्टफोन का प्रोडक्शन करेगी। सूत्रों ने कहा कि इस महीने के अंत में एक सरकारी अधिकारी द्वारा प्लांट का उद्घाटन किया जाना तय है। चीन की कंपनी शाओमी को स्मार्टफोन असेंबलिंग के लिए डिक्सन के साथ साझेदारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा है क्योंकि भारत चीनी कंपनियों पर मैन्युफैक्चरिंग से लेकर डिवाइस के डिस्ट्रीब्यूशन तक सब कुछ स्थानीयकृत (लोकलाइज) करने के लिए दबाव डाल रहा है। इसका मतलब है कि भारत में शाओमी के पुराने सप्लायर भारत एफआईएच और चीन की डीबीजी टेक्नोलॉजी कंपनी के साथ कारोबार गंवाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि भारत एफआईएच ताइवान के फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप के स्वामित्व वाली कंपनी है। हालांकि, शाओमी और डिक्सन की तरफ से अभी तक इसके बारे में कोई जवाब नहीं आया है। इस साल की शुरूआत में इसी तरह के कदम में शाओमी ने अपने ब्लूटूथ नेकबैंड इयरफोन बनाने के लिए भारत की ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ कॉन्ट्रैक्ट किया था। इसके पहले शाओमी इसे चीन से आयात करती थी और भारत में बेचती थी।

त्योहारी सीजन में 90,000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकती है ऑनलाइन शॉपिंग

नई दिल्ली। आगामी त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन बिक्री में सालाना आधार पर 18-20 प्रतिशत की वृद्धि होने के साथ ही इसके 90,000 करोड़ रुपए तक पहुंचने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। मार्केट रिसर्च फर्म रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स के अनुसार, आगामी त्योहारी सीजन संभावित रूप से मार्जिन के मामले में अब तक का सबसे सफल सीजन हो सकता है। रेडसीर ने कहा, हमारा अनुमान है कि भारत ईटेलिंग के 2023 त्योहारी महीने का जीएमवी (सकल व्यापारिक मूल्य) करीब 90,000 करोड़ रुपए रहेगा जो पिछले साल के त्योहारी महीने की बिक्री से 18-20 प्रतिशत अधिक है।" कंपनी के अनुसार, ऑनलाइन खरीदारी करने वाले करीब 14 करोड़ लोगों के इस त्योहारी महीने के दौरान कम से कम एक बार ऑनलाइन खरीदारी करने की उम्मीद है।

ग्रेटर नोएडा में दो बिल्डर्स के ऑफिस सील, प्रशासन ने की कार्रवाई

एजेंसी। ग्रेटर नोएडा

जिला प्रशासन ने रेरा का बकाया नहीं चुकाने पर विगत मंगलवार को सेक्टर 128 स्थित जेपी असोसिएट्स और सेक्टर 96 स्थित सुपरटेक लिमिटेड के ऑफिस को सील कर दिया है। दोनों बिल्डरों पर 70 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का बकाया है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बिल्डर को चेतावनी दी है कि जल्द ही राशि जमा नहीं करने पर अन्य प्रॉजेक्ट को भी सील कर दिया जाएगा। एसडीएम दादरी आलोक गुप्ता ने बताया कि सुपरटेक टाउनशिप लिमिटेड और जेपी असोसिएट्स लिमिटेड पर रेरा का 35- 35 करोड़ रुपये बकाया है। कई बार दोनों बिल्डर को नोटिस भेजे गए, लेकिन रकम को जमा नहीं किया। जिला प्रशासन ने बकाया जमा नहीं करने वाले अजनारा समेत कई बिल्डरों को भी चेतावनी दी है। दादरी के एसडीएम ने बताया कि महागुन बिल्डर पर रेरा का 5 करोड़, अजनारा पर 2.5 करोड़ , इको ग्रीन पर 2.5 करोड़ रुपये बकाया है। उन्होंने यदि 48 घंटे के अंतराल में बकाया राशि नहीं दी तो कार्यालय सील कर दिया जाएगा। जिला प्रशासन एक बार फिर वेव मेगा सिटी सेंटर बिल्डर की 38 संपत्तियों की नीलामी करेगा। सभी 38 संपत्तियां नोएडा के सेक्टर-18 स्थित वेव फर्स्ट सिल्वर टावर की हैं। नीलामी से मिलने वाली रकम से उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) के रिकवरी सर्टिफिकेट की वसूली कर खरीदारों का पैसा लौटाया जाएगा। यूपी रेरा आदेश का पालन नहीं करने वाले बिल्डरों के खिलाफ रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) जारी कर देता है। प्रदेश भर में अभी तक 3000 से अधिक काटी जा चुकी है।

विदेश

यूक्रेन ने क्रीमिया में तबाह किया रूसी ब्रह्मास्त्र एस-400 सिस्टम

जेलेंस्की के दावे, पुतिन को दोहरा झटका

एजेंसी। कीव

रूस और यूक्रेन के बीच पिछले करीब डेढ़ साल से जारी भीषण युद्ध में अब एक नया मोड़ आ गया है। यूक्रेन ने दावा किया है कि उसने रूस के ब्रह्मास्त्र कहे जाने वाले एस-400 डिफेंस सिस्टम को क्रीमिया में तबाह कर दिया है। यूक्रेन ने कहा कि उसने येवपतोरिया के पास इस रूसी डिफेंस सिस्टम को तबाह किया। यूक्रेन ने कहा कि उसने ड्रोन और मिसाइलों के सही तालमेल से गुरुवार सुबह को रूसी सिस्टम को नष्ट कर दिया। यूक्रेन ने बताया कि ऐसा पहली बार है जब रूस के एयर डिफेंस सिस्टम को बर्बाद करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया गया है। यूक्रेन का यह दावा अगर सही है कि तो यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के लिए दोहरा झटका है। सूत्रों के मुताबिक यूक्रेन ने ड्रोन की मदद से रूसी सिस्टम को उलझा दिया और फिर मिसाइल से उसे बर्बाद कर दिया। उन्होंने बताया कि यूक्रेन की नौसेना ने सतह से सतह तक मार करने वाली दो नेप्चून मिसाइलें दागी थीं। यूक्रेन की यह मिसाइल वैसे एंटी शिप है लेकिन उसमें बदलाव करके अब जमीनी हमले भी यूक्रेनी सेना कर रही है। सोशल मीडिया में जारी वीडियो में येवपतोरिया के पास जोरदार धमाका सुनाई दिया है। क्रीमिया के लिए यूक्रेन के सरकारी टीवी चैनल ने टेलिग्राम पर बताया कि येवपतोरिया के लोगों को यह पता ही चल पाया कि वहां हो क्या रहा है। यूक्रेनी मीडिया ने बताया कि रूस ने भी येवपतोरिया के लोगों को घटना के बारे में नहीं बताया। पूरे शहर में एंबुलेंस और पुलिस की गाड़ियां दौड़ रही हैं। इस बीच रूस ने दावा किया कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने क्रीमिया में यूक्रेन के 11 ड्रोन विमानों को मार गिराया है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट ड्राइव की रिपोर्ट के मुताबिक एस 400 के नष्ट हो जाने की वजह से अब क्रीमिया पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करना यूक्रेन के लिए बहुत आसान हो गया है। इस हमले से एक दिन पहले ही यूक्रेन ने रूस को बड़ा नुकसान पहुंचाया था। यूक्रेन ने क्रूज मिसाइलों और ड्रोन विमानों की मदद से रूसी नौसेना की एक किलो क्लास की सबमरीन और एक जहाज को भारी नुकसान पहुंचाया है। यूक्रेन ने यह हमला सेवस्तोपोल में किया गया। यही नहीं यूक्रेन ने ब्लैक सी में एक और रूसी युद्धपोत पर जोरदार हमला किया। हालांकि उसे कितना नुकसान पहुंचा इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। इस बीच रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने यूक्रेन के एक ड्रोन बोट को तबाह कर दिया है।

कनाडा में सिख छात्र की लात-घूंसे से पिटाई आरोपियों ने छिड़का मिर्च स्प्रे

टोरंटो। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में घृणा अपराध के एक स्पष्ट मामले में एक सिख छात्र पर एक अन्य किशोर के साथ विवाद के चलते हमला किया गया। विगत बृहस्पतिवार को एक खबर में यह जानकारी दी गई। खबर के अनुसार, हाईस्कूल के 17 वर्षीय छात्र पर हमला किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना विगत सोमवार को केलोना में रटलैंड रोड साउथ और रॉबसन रोड ईस्ट चौराहे पर हुई जहां हाईस्कूल के छात्र को कथित तौर पर लात मारी गई, मुक्का मारा गया और मिर्च स्प्रे छिड़का गया। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह घटना तब हुई जब सिख छात्र घर जाने के लिए सार्वजनिक परिवहन बस से उतर रहा था। पुलिस ने हालांकि इस घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी है। कनाडा के विश्व सिख संगठन (डब्ल्यूएसओ) ने आरोप लगाया है कि वाहन में भी छात्र के साथ मारपीट की गई थी।

क्या पाकिस्तानियों की वजह से दिवालिया हुआ ब्रिटेन का प्रसिद्ध बर्मिंघम शहर

एजेंसी। लंदन

पिछले दिनों एक रिपोर्ट आई जिसने सबको चौंकाकर रख दिया है। इस रिपोर्ट मुताबिक इंग्लैंड के सबसे बड़े शहरों में शुमार बर्मिंघम दिवालिया हो चुका है। यहां के सिटी काउंसिलर जॉन कॉटन की मानें तो शहर के सामने चुनौतियां काफी ज्यादा हैं। वहीं अब सिटी काउंसिल का एक वीडियो लोग शेयर कर रहे हैं जिसमें बताया गया है कि कैसे पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले लोगों ने यहां पर बेरोजगारी में बढ़ावा दिया है। बर्मिंघम वह जगह हैं जहां पर पाकिस्तानी आबादी सबसे ज्यादा है। इस वीडियो के बाद अब कुछ लोग बर्मिंघम की स्थिति के लिए पाकिस्तान के नागारिकों को दोष देने लगे हैं। साल 2021 के आंकड़ों के मुताबिक बर्मिंघम में कुल 355384 एशियाई हैं। इनमें से 66519 भारतीय और 195102 पाकिस्तानी हैं। वहीं बांग्लादेश के नागरिकों की संख्या 48232 है। सिटी काउंसिल के जिस वीडियो को शेयर किया जा रहा है उसमें बताया गया है कि शहर की 65 फीसदी आबादी की आर्थिक रूप से सक्रिय है। यह आबादी 16 से 74 साल की उम्र वाली है। जो क्लिप शेयर की जा रही है वह हालांकि साल 2011 के वीडियो की है लेकिन लोग इसके आधार पर पाकिस्तान को इस संकट के लिए दोष दे रहे हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले लोगों के पास शैक्षिक योग्यता जीरो होती है। 47005 लोग ऐसे हैं जो बिल्कुल अंग्रेजी नहीं बोल पाते हैं। नवंबर 2018 में आई ब्रिज इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया था कि यूके में बसे पाकिस्तानी समुदाय में गरीबी दर 37 फीसदी है। जबकि श्वेतों में 13 फीसदी दर्ज कर गई है। वहीं घरेलू पाकिस्तानी परिवारों की आयश्वेत परिवारों की तुलना में 8700 पौंड कम है।

हुआ शोध — नासा के कारण कांपी चांद की जमीन

अपोलो मिशन के लैंडर से चंद्रमा पर लगे झटके

एजेंसी। वॉशिंगटन

जिस तरह धरती पर भूकंप आते हैं, उसी तरह चंद्रमा पर भी झटके लगते हैं। इसे चंद्रकंप कहा जाता है। एक नई रिसर्च में सामने आया है कि चंद्रमा पर आने वाले कुछ भूकंप के लिए अमेरिका के भेजे गए अंतरिक्ष यान जिम्मेदार हैं। शोधकर्ताओं के मुताबिक एल्गोरिदम का उपयोग करके नासा के अपोलो मिशन के समय के डेटा का विश्लेषण किया गया। इस डेटा के जरिए पहली बार चंद्रमा पर भूकंपी गतिविधियों के एक अज्ञात रूप का खुलासा हुआ। आखिर चंद्रमा पर भूकंप कैसे आते हैं और अपोलो के डेटा में अब नया क्या पता चला है? चांद अपने धुरी पर नहीं घूमता है। इस कारण हमें चंद्रमा का एक ही स्वरूप दिखता है। चंद्रमा पर एक दिन पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर होता है। चांद पर दिन और रात दोनों में ही तापमान भयानक होता है। जब यहां सूर्य की रोशनी पड़ रही होती है, तो इनका तापमान 121 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। वहीं, जब रात होती है तो तापमान माइस 133 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है। चांद पर कई तरह से चंद्रकंप आते हैं। उनमे से एक तापमान के कारण आता है। चांद पर जब गर्मी होती है तो सतह फैलती है, वहीं जब ठंड होती है तो यह सिकुड़ती है, जिसके कारण कंपन महसूस होते हैं। कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और नासा ने मिल कर यह स्टडी की है, जो 5 सितंबर को 'जर्नल ऑफ जियोफिजिकल रीसर्चः प्लैनेट्स' में पब्लिश की गई। नासा का अपोलो-17 मिशन दिसंबर 1972 में लॉन्च किया गया था। इस मिशन के तहत चंद्रमा पर एक बग्गी और लूनर मॉड्यूल का एक स्टेज सतह पर छोड़ा गया था। यह लूनर मॉड्यूल ही झटकों का कारण है। इस मिशन में चंद्रमा पर चार जियोफोन छोड़े गए थे, जिनके जरिए चंद्रमा पर हल्के से हल्के कंपन पकड़ लिए जाता हैं। अक्टूबर 1976 से 1977 में इन्हें फिर एक्टिवेट किया गया था। तब मिले डेटा का आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए विश्लेषण किया गया है। जियोफोन ने पाया कि झटके उस जगह लग रहे हैं, जहां पर लैंडर मॉड्यूल है। जियोफोन और लैंडर मॉड्यूल के बीच सैकड़ों फीट की दूरी थी। स्टडी में शोधकर्ताओं ने लिखा, 'आठ महीने में हजारों झटके रिकॉर्ड हुए, लेकिन उनकी क्वालिटी अच्छी नहीं थी। हमने एक एल्गोरिदम बनाया जो कंपन का समय, इनकी ताकत और ये कहां से आ रहे हैं उसका सटीकता से पता लगाता है।

पेज एक के शेष

11058 मजदूरों का एक ...

मनरेगा मजदूरों को 1530 रू सप्ताहिक मजदूरी का भुगतान होता है। राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली राशि साप्ताहिक राशि 162 रू का भुगतान मजदूरों के खाते में तत्काल हो जा रही है। लेकिन केंद्र सरकार की ओर से मिलने वाली साप्ताहिक मजदूरी की राशि 1368 रू. का भुगतान नहीं हो रहा है। जिससे केतार प्रखंड में विभिन्न योजनाओं में काम करने वाले 11058 मजदूरों का एक करोड़ 47 लाख 83 हजार 053 रू मजदूरी बकाया है। जिसमें मुकुन्दपुर पंचायत में 3014 मजदूरों का 3885495 रू, केतार पंचायत में 2220 मजदूरों के बीच 2917996 रू, बलीगढ़ पंचायत में 1449 मजदुरों के बीच 1914417 रू, लोहरगाडा.पंचायत में 263 मजदूरों का 378252 रू, पाचाडुमर पंचायत में 2644 मजदूरों का 3634509 रू.,परसोडीह पंचायत में 735 मजदूरों का 1036620 रू,और परती कुशवानी पंचायत में 733 मजदूरों का 1018764 रू मजदूरों की मजदूरी बकाया है। मजदूरों द्वारा वृक्षारोपण,अमृत वाटिका,मेडबंदी,टीसीबी, वर्मी कम्पोस्ट, सोखता,रैनवाटर हार्वेस्टिंग, और पीएम आवास योजना में कार्य किया गया है।

झारखंड हाईकोर्ट ने ...

करने को कहा गया है। इस मामले में पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि हाईकोर्ट के आदेश पर रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में वन मैन कमीशन बनाया गया था। कमीशन ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को दे दी है। कमीशन ने झारखंड के सिख दंगे से प्रभावित 4 जिलों रांची, रामगढ़, बोकारो, पलामू के प्रभावितों को मुआवजा देने के संबंध में आदेश पारित किया है।

चतरा के इटखोरी में ...

2017 को इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पितीज (सुरहीबागी) गांव निवासी स्व. आदित्य दांगी के पुत्र कुलदीप दांगी के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। इस संबंध में सबिता के पिता का आरोप है कि उसका दामाद शादी के बाद से लगातार उसकी बेटी को प्रताड़ित कर मारपीट करते रहता था। इधर मुखिया रामदेव यादव ने कहा है कि हत्यारा जहां भी दिखे पकड़ कर पुलिस के हवाले करें। वहीं दांगी समाज के प्रखंड अध्यक्ष विजय दांगी ने कहा कि यह घटना गांव के साथ समाज के लिए शर्मसार करने वाली बात है। उन्होंने कहा है कि ऐसे व्यक्ति को गांव में शरण नहीं दिया जाए। सबिता के दो पांच वर्षीय पुत्री दिव्यांशी कुमारी व दो वर्षीय पुत्र अमन कुमार का रो-रो कर बुरा हाल है। पुत्री का कहना है कि पापा ने मम्मी के ऊपर तेल छिड़ कर आग लगा दी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

NEWS इन ब्रीफ

क्रिप्टो निवेश घोटाले में नाम आने के बाद गोविंदा ने दी सफाई

मुंबई। ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक हजार करोड़ रुपये के घोटाला में अपना नाम आने के बाद फिल्म अभिनेता गोविंदा ने सफाई दी है। गोविंदा के मैनेजर ने इस खबर को भ्रामक बताया है। इस मामले में ओडिशा आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों के अनुसार गोविंदा से पूछताछ की जाएगी। दरअसल, सोलर टेक्नो अलायंस ने क्रिप्टो निवेश के नाम पर अवैध रूप से एक ऑनलाइन पोंजी घोटाला चलाया था। अधिकारियों के अनुसार इसमें कथित तौर पर गोविंदा के प्रचारित और समर्थित करने की बात सामने आई है। इस मामले में गोविंदा के मैनेजर शशि सिन्हा ने मीडिया से कहा कि रिपोर्ट्स पूरी तरह सच नहीं हैं और गोविंदा का इससे कोई लेना-देना नहीं है। यह खबर पूरी तरह से भ्रामक है।

बिहार के वैशाली में मछली व्यवसाई सहित 2 लोगों की हत्या

हाजीपुर। बिहार में विपक्ष कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर लगातार निशाना साधता रहा है। इस बीच प्रदेश में अपराधी पुलिस को चुनौती देते हुए घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पटना में गुरुवार की रात तीन लोगों की हत्या की घटना के बाद वैशाली जिले में अलग-अलग इलाकों में अपराधियों ने दो लोगों की हत्या कर दी। वैशाली जिले के नगर थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार की सुबह एक मछली व्यवसाई की गोली मारकर हत्या कर दी तो महनार में अपराधियों ने सो रहे बुजुर्ग की धारदार हथियार से वार कर जान ले ली।

सपा नेता आजम खां के ठिकानों पर आयकर की कार्रवाई जारी

रामपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खां के घर आयकर विभाग की छापेमारी शुक्रवार को भी जारी है। इस दौरान उनके घर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विभाग ने शुक्रवार को आजम खां के खिलाफ कर चोरी की जांच के तहत उनके आवास पर छापेमारी की कार्रवाई जारी रखी। आजम खां का घर और जौहर यूनिवर्सिटी पर सुरक्षा व्यवस्था भी काफी जबरदस्त रखी गई है। अंदर आयकर अधिकारी सर्च अभियान चलाए हुए हैं। वहीं, हमसफर रिसॉर्ट से लेकर एसबीआई तक टीम कार्रवाई कर रही है।

देश को कुशल मल्टी-मॉडल परिवहन प्रणाली की जरूरत : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी। नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि देश को कुशल मल्टी-मॉडल परिवहन प्रणाली की आवश्यकता है। इसके लिए रेल, सड़क, वायु और जल परिवहन को समग्र दृष्टिकोण से निपटाया जाना चाहिए। भारतीय रेलवे (2019, 2020 और 2021 बैच) के 213 प्रोबेशनर्स के एक समूह ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रोबेशनर्स को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि किसी भी वाणिज्यिक संगठन के विपरीत भारतीय रेलवे देश की सामाजिक जीवन रेखा है। यह आम लोगों के सपनों को साकार करता है। साथ ही इसकी राष्ट्रव्यापी कनेक्टिविटी देश की विविधता को प्रदर्शित करती है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि भारतीय रेलवे लोगों को यादगार अनुभव प्रदान करने और भारतीयों और विदेशी आगंतुकों को विविध भारतीय संस्कृति की झलक प्रदान करने के लिए अपनी सेवाओं को उन्नत कर रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि रेलवे बुनियादी ढांचे का विकास देश की सामाजिक-आर्थिक वृद्धि और विकास को बड़ा बढ़ावा देता है। हरित प्रौद्योगिकी का उपयोग करके और विश्व स्तरीय सुविधाओं को जोड़कर "अमृत भारत स्टेशन योजना" के तहत रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास एक महान जन-केंद्रित पहल है, जो पर्यटन गतिविधियों और आर्थिक प्रगति को मजबूत बढ़ावा प्रदान करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा अधिकारी आधुनिक हरित भारतीय रेलवे के निर्माण और एक विकसित राष्ट्र के निर्माण में उपयोगी भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने अधिकारियों को समग्र रूप से परिवहन पारिस्थितिकी तंत्र में आवश्यक कौशल, ज्ञान और विशेषज्ञता हासिल करने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें देश के भीतर और अन्य देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करना चाहिए और उन्हें अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को कुशल मल्टी-मॉडल परिवहन प्रणाली की आवश्यकता है, जिसके लिए रेल, सड़क, वायु और जल परिवहन को समग्र दृष्टिकोण से निपटाया जाना चाहिए, न कि अलग-थलग। उन्होंने भारतीय रेलवे के अधिकारियों से आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय में काम करने का आग्रह किया।

संसद का विशेष सत्र : चुनाव आयुक्त की नियुक्ति सहित चार बिल होंगे पेश

विपक्ष को हिडेन एजेंडा की आशंका

ब्यूरो। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने संसद का जो 18 से 22 सितंबर तक पांच दिनी विशेष सत्र बुलाया है, उसके लिए अब जारी एजेंडा में ऐसा कोई अति महत्वपूर्ण नहीं है जिसको लेकर मुद्दा बने । सरकार की तरफ से सत्र का जो चार एजेंडा जारी किया गया है, उनमें से एक है कि इस सत्र में आजादी के 75 साल की उपलब्धियों के बारे में बताया जाएगा। इसका मतलब है कि 75 साल में सबसे ज्यादा काम बीते 9 साल में हुआ है, इसका बखान किया जाएगा और इसे हेडिंग बनवाया जाएगा। क्योंकि सत्ताधारी पार्टी लगातार कह ही रही है कि अन्य दलों के राज में कुछ हुआ ही नहीं। दूसरा है मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा बिल, जिस पर सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है। क्योंकि इस बिल में चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पूरी तरह से सत्ताधारी पार्टी पर निर्भर हो जाएगी। जिसे चाहेगी चुनाव आयुक्त बनाएगी। इस बिल के पास होने पर चुनाव आयुक्त की नियुक्त करने वाली समिति में भारत के मुख्य न्यायाधीश नहीं रहेंगे। केन्द्र सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त व चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 लाने जा रही है। सरकार इस बिल को 10 अगस्त को राज्यसभा में पेश की थी।

विशेष सत्र में इस बिल पर राज्य सभा में चर्चा की जाएगी। यहां से बिल के पास होने के बाद इसे लोकसभा में पेश किया जाएगा। विपक्ष ने इस बिल के माध्यम से चुनाव आयोग की स्वतंत्रता खत्म होने की आशंका जताई है। क्योंकि बिल में प्रावधान किया गया है कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए तीन सदस्य कमेटी होगी। इस कमेटी में तीन में एक सदस्य प्रधानमंत्री होंगे। वहीं दूसरे सदस्य विपक्षी के नेता (विपक्ष के नेता नहीं होने पर लोकसभा में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के नेता) और तीसरा सदस्य कैबिनेट मंत्री होगा, जिसकी नियुक्ति प्रधानमंत्री करेंगे। विपक्ष को इसी प्रावधान पर ऐतराज है।

विपक्ष का कहना है कि प्रधानमंत्री खुद कमेटी के सदस्य होंगे। वह एक कैबिनेट मंत्री को भी इसका हिस्सा बनाएंगे। ऐसे में तीन सदस्यीय कमेटी में बहुमत सरकार के पास ही होगा। सरकार अपनी पसंदीदा को चुनाव आयुक्त नियुक्त कर सकती है। विपक्षी दलों का मानना है कि प्रधानमंत्री खुद एक पार्टी के सदस्य होते हैं। ऐसे में जब चुनाव होगा और उनकी पार्टी भी चुनाव में उतरेगी तो वह चुनाव आयोग को प्रभावित कर सकते हैं। इसके साथ ही मुख्य चुनाव आयुक्त की हैसियत भी कम कर दी जाएगी। विरोधी दलों का कहना है कि चुनाव आयुक्त का पद कैबिनेट सचिव के बराबर होगा ,यानि उसका पद केंद्र सरकार में राज्य मंत्री से भी नीचे का होगा।लेकिन विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि जो चार बिल विशेष सत्र में सरकार ला रही है, उसमें कोई भी ऐसा नहीं है जिसे नवंबर या दिसंबर में होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में नहीं लाया जा सकता था।

बारामूला में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

लश्कर-ए-तैयबा के 2 सहयोगी गिरफ्तार

एजेंसी। बारामूला

उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उड़ी इलाके से सुरक्षा बलों ने लश्कर आतंकियों के दो मददगारों को गिरफ्तार किया है। चिनार कॉर्प्स के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों को ऑपरेशन ईगल के तहत पकड़ा गया। चिनार कॉर्प्स ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर 14 सितंबर को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने विशेष नाका लगाया। इस दौरान दो संदिग्धों को जांच के लिए रोका गया, लेकिन दोनों ने मौके से भागने का प्रयास किया। इसके बावजूद सतर्क जवानों ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 02 पिस्तौल, 05 हैंड ग्रेनेड और अन्य युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं।

पत्रकारों के बहिष्कार का फैसला इंदिरा के आपातकाल जैसा : अनुराग ठाकुर

एजेंसी। उदयपुर

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए द्वारा कुछ पत्रकारों के बहिष्कार के निर्णय की तुलना तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आपातकाल से की है। संक्षिप्त यात्रा पर शुक्रवार को उदयपुर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने पत्रकारों से कहा कि जिस तरह इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र की आवाज को दबाने की कोशिश की थी, उसी प्रकार आईएनडीआईए ने कुछ पत्रकारों के बहिष्कार का निर्णय किया है। यह लोकतंत्र की आवाज को दबाने की ही कोशिश है। उन्होंने राजस्थान की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां महिला अत्याचार चरम पर है और कांग्रेस के नेता इस पर चुप हैं। मणिपुर हिंसा से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि सवाल उठाने वालों को राजस्थान में हुए कन्हैया हत्याकांड पर भी देखना चाहिए। राजस्थान के मुख्यमंत्री की कानून-व्यवस्था पर कोई पकड़ नहीं है। यही कारण है कि कन्हैया हत्याकांड के दो आरोपितों की जमानत हो गई है। ठाकुर ने पेट्रोल पंपों की हड़ताल पर कहा कि राजस्थान में महंगाई चरम पर है, पेट्रोल-डीजल के भाव आसमान को छू रहे हैं। राजस्थान सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर वैट अब तक नहीं घटाया।

महंगाई की सबसे ज्यादा मार झेल रहे गरीब : खड़गे

एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने शुक्रवार को महंगाई के मुद्दे पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया और कहा कि सबसे गरीब 20 फीसदी आबादी कमरतोड़ महंगाई की मार झेल रही है। हिंदी में एक ट्वीट में, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी जी, इधर-उधर की बातें कर के जनता का ध्यान, 'महँगाई द्वारा महालूट', से हटाना चाहतें हैं। उन्होंने कहा, "मोदी सरकार की महालूट के चलते, कमरतोड़ महँगाई का सबसे अधिक खामियाजा 20% सबसे गरीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। खान-पान की चीजों के दाम आसमान छू रहें हैं और देश अब ये जान गया है कि उनकी तकलीफों का एकमात्र कारण भाजपा ही है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में जनता भाजपा को सबक सिखाकर, इस महालूट का बदला जरूर लेगी। कांग्रेस नेता ने कहा, महँगाई के मुद्दे पर - जुड़ेगा भारत, जीतेगा 'इंडिया'! उन्होंने अपने दावों के समर्थन में क्रिसिल अनुसंधान रिपोर्ट और खुदरा महंगाई के अगस्त के आंकड़ों के साथ ग्राफिक्स भी साझा किए।

भारत ने दुनिया में लोकतांत्रिक आदर्शों को किया सशक्त : लोकसभा अध्यक्ष

एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाने की वकालत करते हुए कहा है कि लोकतंत्र की जननी भारत ने सम्पूर्ण विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों को सशक्त किया है। उन्होंने राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं से अपनी सक्रिय और रचनात्मकता भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए यह भी कहा कि आज के दिन युवा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागी बनने को संकल्पित हों। बिरला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं। लोकतंत्र की जननी भारत ने सम्पूर्ण विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों को सशक्त किया है। आज जब हम आने वाली पीढ़ी का सशक्तिकरण के ध्येय के साथ यह दिन मना रहे हैं। मेरा विश्वास है कि यह सशक्तिकरण ज्ञान, कर्तव्य बोध और समर्पण से हो। उन्होंने राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए आगे यह भी कहा, राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवा अपनी भूमिका निभाएं। रचनात्मकता और ऊर्जा से हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएं। बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का युवाओं का संकल्प भारत की प्रगति की उत्प्रेरक शक्ति है। आज के दिन युवा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागी बनने को संकल्पित हों।

नूंह में मोबाइल इंटरनेट, एसएमएस सेवाएं निलंबित, धारा 144 लागू

गुरुग्राम। हरियाणा सरकार ने नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाओं को निलंबित कर दिया है, साथ ही शुक्रवार से दो दिनों के लिए धारा 144 लागू कर दी है। जिले में तनाव, आंदोलन, सार्वजनिक और निजी संपत्ति को नुकसान और सार्वजनिक शांति में गड़बड़ी की आशंका के कारण निषेधाज्ञा लागू की गई है। राज्य सरकार के एक आदेश में कहा गया हैः नूंह में मोबाइल इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं 15 से 16 सितंबर तक निलंबित रहेंगी। यह आदेश जिला नूंह के अधिकार क्षेत्र में शांति और सार्वजनिक व्यवस्था में किसी भी गड़बड़ी को रोकने के लिए लागू किया जाएगा।

FILMY हलचल

हुमा कुरेशी बनीं राइटर, लिखी नोवेल 'जेबा : एन एक्सीडेंटल सुपरहीरो'



'गैंग्स ऑफ वासेपुर', 'बदलापुर', 'मोनिका- ओ माय डार्लिंग' और अपनी स्ट्रीमिंग सीरीज 'महारानी' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने अपने पहली फैंटेसी नोवेल 'जेबाः एन एक्सीडेंटल सुपरहीरो' लिखी है। एक्ट्रेस ने किताब में एक ऐसी कहानी बुनी है जो मैजिक, वंडर और इंटेंस पैशन को जोड़ती है। यह वीरता, परिवर्तन और विपरीत परिस्थितियों में अदम्य मानवीय भावना की कहानी है। अपने नोवेल के बारे में बात करते हुए, हुमा ने कहा, "मैंने सीखा है कि आप जो हैं, उसे अपनी सभी खूबियों और विशिष्टता के साथ स्वीकार करना सबसे सशक्त यात्रा है, जिसे कोई भी शुरू कर सकता है। हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जिसमें विविधता की आवश्यकता है, और प्रत्येक व्यक्ति की कहानी उस खूबसूरत मोजेक का एक टुकड़ा है। अभिनेत्री ने आगे उल्लेख किया, "उग्र महिलाओं की कहानियां सिर्फ समय की जरूरत नहीं हैं, वे टाइमलेस कहानियां हैं।

फिल्म 'दोनों' का नया गाना 'अग्ग लगदी' हुआ रिलीज

राजवीर दओल और पलोमा स्टारर के ट्रेलर ने वेडिंग सीजन को वापस ला दिया है, जिसमें लीड एक्टर्स के किरदारों को प्रशंसकों से बहुत प्यार मिल रहा है। इस फिल्म को अवनीश बड़जात्या ने निर्देशित किया है। फिल्म के टाइटल ट्रैक से दर्शक पहले ही रूबरू हो चुके हैं, जो एक रोमांटिक गाना भी है। अब फिल्म से एक शादी सॉन्ग सामने आया है, जो लोगों को पार्टी के मूड में सेट करता है। इस गाने को फेस्टिव सॉन्ग ऑफ द ईयर माना जा रहा है, क्योंकि राजवीर-पालोमा इरशाद कामिल के लिखित गाने में शंकर-एहसान-लॉय की कंपोजिशन पर दर्शक दिल खोलकर झूमते नजर आते हैं।

नेहा पेंडसे ने सनी देओल के साथ की गई शूटिंग के दिनों को किया याद

एक्ट्रेस नेहा पेंडसे, जो टीवी और फिल्म दोनों में अपने बहुमुखी प्रदर्शन के लिए जानी जाती हैं, ने एक बाल कलाकार के रूप में अपनी यात्रा को याद किया और एक्टर सनी देओल से मिली प्रशंसा पर खुशी जाहिर की। नेहा 'मे आई कम इन मैडम' के नए एपिसोड में मैडम संजना के रूप में वापसी करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने एक बाल कलाकार के रूप में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में शुरूआत की। एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए, एक्ट्रेस ने कहाः मैंने डीडी चैनल पर एक टीवी सीरियल के साथ बाल कलाकार के रूप में एक्टिंग करियर शुरू किया, और 'प्यार कोई खेल नहीं' में एक्टर सनी देओल के साथ बड़े पर्दे पर अपनी शुरूआत की।" नेहा ने कहा, "मेरे माता-पिता हमेशा आर्ट और एंटरटेनमेंट के प्रति गहरी समझ रखते हैं और यहीं से यह सब शुरू हुआ। उस युग के दौरान, बाल कलाकार अपेक्षाकृत सीमित थे, क्योंकि कई लोग एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में बच्चों को शामिल करना वर्जित मानते थे।" उन्होंने कहा, मेरा डेस्टिनी पर भरोसा है। मुझे बाल कलाकार के रूप में कई शानदार प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। आगे बोलते हुए, नेहा ने विभिन्न कलाकारों के साथ काम करने के दौरान मिले समृद्ध अनुभवों के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से सनी देओल द्वारा मिली प्रशंसा को साझा किया। नेहा ने कहा, "मैंने जिन प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम किया है उनमें से सनी देओल मेरे पसंदीदा में से एक हैं।

सहायता

प्रधानमंत्री मोदी 17 को 'पीएम विश्वकर्मा' योजना लॉन्च करेंगे

पारंपरिक शिल्प में लगे लोगों को होगा फायदा

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितंबर को सुबह करीब 11 बजे इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर, द्वारका, नई दिल्ली में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर 'पीएम विश्वकर्मा' नाम से एक नई योजना लॉन्च करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पारंपरिक शिल्प में लगे लोगों को सहायता प्रदान करने पर प्रधानमंत्री का निरंतर फोकस रहा है। यह फोकस न केवल कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से समर्थन देने की इच्छा से प्रेरित है बल्कि स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति और विविध विरासत को जीवित और समृद्ध बनाए रखने की इच्छा से भी प्रेरित है।

पीएम विश्वकर्मा को 13,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित किया जाएगा। योजना के तहत बायोमेट्रिक आधारित पीएम विश्वकर्मा पोर्टल का उपयोग करके सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से विश्वकर्माओं का निःशुल्क पंजीकरण किया जाएगा। उन्हें पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी। बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण से जुड़े कौशल उन्नयन, 15,000 रुपये का टूलकिट प्रोत्साहन, 1 लाख रुपये तक संपार्श्विक-मुक्त क्रेडिट सहायता (पहली किश्त) और 2 लाख रुपये (दूसरी किश्त) प्रदान की जाएगी। 5 प्रतिशत की रियायती ब्याज दर, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता भी मिलेगी।

इस योजना का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा या अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले विश्वकर्माओं द्वारा पारंपरिक कौशल के परिवार-आधारित अभ्यास को मजबूत और पोषित करना है। पीएम विश्वकर्मा का मुख्य फोकस कारीगरों और शिल्पकारों के उत्पादों और सेवाओं की पहुंच के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करना और यह सुनिश्चित करना है कि वे घरेलू और वैश्विक मूल्य शृंखलाओं के साथ एकीकृत हों।

यह योजना पूरे भारत में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत अठारह पारंपरिक शिल्पों को शामिल किया जाएगा। इनमें (i) बढ़ई; (ii) नाव निमार्ता; (iii) कवचधारी; (iv) लोहार; (v) हथौड़ा और टूल किट निमार्ता; (vi) ताला बनाने वाला; (vii) सुनार; (viii) कुम्हार; (ix) मूर्तिकार, पत्थर तोड़ने वाला; (x) मोची (जूता/जूता कारीगर); (xi) मेसन (राजमिस्त्री); (xii) टोकरी/चटाई/झाड़ू निमार्ता/कॉयर बुनकर; (xiii) गुड़िया और खिलौना निमार्ता (पारंपरिक); (xiv) नाई; (xv) माला बनाने वाला; (xvi) धोबी; (xvii) दर्जी; और (xviii) मछली पकड़ने का जाल निमार्ता शामिल हैं।